**आज का दिन**

इसी दिन वर्ष 1891 में ने चलचित्र से जुड़ी अपनी महत्वपूर्ण तकनीकों काइनेटोग्राफिक कैमरा और काइनेटोस्कोप के लिए पेटेंट हासिल किया था। इन आविष्कारों ने आगे चलकर आधुनिक सिनेमा के विकास की मजबूत नींव रखी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष, 12 | पृष्ठ 12 | अंक 169 | रांची, सोमवार, 24 अगस्त 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com







# भारत में तेजी से बढ़ रहा है निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश का आकर्षण : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कहा, "भारत का तेजी से उभरता निजी अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के आकर्षण का केंद्र है। वहीं, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने चंद्रयान-3 की दक्षिणी ध्रुव के निकट सफल सॉफ्ट लैंडिंग, उससे मिले वैज्ञानिक डेटा और 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित करने को बड़ी उपलब्धि बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का बढ़ता वैश्विक प्रभाव, खासकर निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की तेजी से बढ़ती भूमिका ने देश को दुनिया भर के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर लगातार अपनी मौजूदगी मजबूत कर रहा है और यह देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम की बढ़ती ताकत में साफ दिखाई देता है। उन्होंने नई तकनीक विकसित कर रही जेनरेशन जेड की भी जमकर सराहना की। उन्होंने अपने भाषणों का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, "मैंने अयोध्या में कहा था कि यह बदलाव के एक नए चक्र की शुरूआत है। इस नए चक्र में भारत वैश्विक व्यवस्था में अपनी अंतरिक्ष उपस्थिति का लगातार विस्तार कर रहा है और यह हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है और इस लक्ष्य को हासिल करने में अंतरिक्ष क्षेत्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक में भारत की बढ़ती क्षमता देश की व्यापक विकास यात्रा का अहम हिस्सा बन रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा,"भारत की निजी अंतरिक्ष प्रतिभा दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रही है। आज भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।" उन्होंने कहा कि निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स की बढ़ती भागीदारी से भारत के अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को नई गति मिली है। इससे देश में अंतरिक्ष से जुड़ी तकनीकों, नवाचार और निवेश के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसरो की सफलता भारत की अगली पीढ़ी के वैज्ञानिकों को प्रेरित कर रही है। इसरो की उपलब्धियों को देखकर देश के कई बच्चे यह सपना देखने लगे हैं कि बड़े होकर वे भी वैज्ञानिक बनेंगे। अंतरिक्ष अभियानों की सफलता ने बच्चों और युवाओं के बीच विज्ञान, तकनीक और अनुसंधान के प्रति रुचि को बढ़ाने का काम किया है। इस अवसर पर इसरो अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए नवाचार, सहयोग और महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय करने पर जोर दिया। अहमदाबाद में तीसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह के दौरान उन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की साधारण शुरूआत से लेकर आज की उपलब्धियों तक के सफर को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'जब हमने देश का अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरू किया था, तब रॉकेट के पुर्जों को पुराने साइकिलों पर ले जाया जाता था। हमारे पास कोई दूसरा वाहन नहीं था। उस बेहद साधारण शुरूआत से आगे बढ़ते हुए आज हम नौ क्षेत्रों में दुनिया में नंबर एक स्थान पर पहुंच चुके हैं।'

## देश को बांटने की साजिश सफल नहीं होने देंगे: शिवराज

एजेंसी




हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार में आज वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर संत समागम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिरकत की. कार्यक्रम के बाद शिवराज सिंह चौहान ने वंदे मातरम पर छिड़े विवाद पर बयान दिया. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है. शिवराज सिंह चौहान ने कहा वंदे मातरम भारत माता का वंदना का गीत है. उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा भारत माता की वंदना से किसको आपत्ति हो सकती है?केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम के दो टुकड़े किये थे. बाद में वही भारत के विभाजन का आधार बना था. उन्होंने कहा कांग्रेस फिर से वंदे मातरम के टुकड़े करने का पाप कांग्रेस कर रही है.

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर झारखंड में 28 से 30 अगस्त तक खेल और फिटनेस का आयोजन

एजेंसी



रांचीः राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर झारखंड में 28 से 30 अगस्त तक विभिन्न खेल और फिटनेस गतिविधियों का व्यापक आयोजन किया जाएगा. युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर हॉकी झारखंड ने अपनी सभी मान्यता प्राप्त जिला इकाइयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं. इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस की थीम ₹खेलेगा भारत, जीतेगा भारत₹ रखी गई है. हॉकी इंडिया से प्राप्त निर्देश के आलोक में हॉकी झारखंड ने जिला इकाइयों से अपने-अपने जिला मुख्यालय, हॉकी प्रशिक्षण केंद्रों, खेल मैदानों और विभिन्न हॉकी एवं खेल क्लबों में कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया है. आयोजन में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों के साथ स्थानीय समुदाय की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है.

## टारगेट पर थे चार जिलों के अफीम कारोबारी, तीन गिरफ्तार



पलामू। पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया है जो अफीम कारोबारियों को टारगेट करता था. इस गिरोह का नेटवर्क पलामू, चतरा, लातेहार और हजारीबाग के इलाकों में था. पुलिस ने गिरोह से जुड़े हुए तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनके पास से एक देसी कार्बाइन, एक मैगजीन, सात जिंदा गोली बरामद किए हैं. गिरोह का सरगना सोहन गंझू उर्फ सुनील उर्फ मतलु, सकीन्दर गंझू और सुमन यादव को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया है. तीनों चतरा के लावालौंग थाना क्षेत्र के सिकनी गांव के रहने वाले हैं.

**अफीम का कारोबार करने वालों को टारगेट करता था गिरोह**

पलामू पुलिस के अनुसार सोहन गंझू टीएसपीसी के पूर्व कमांडर सीता गंझू का भाई है. 2011-12 में सीता गंझू एक मुठभेड़ में मारा गया था. सीता का सब हथियार सोहन के पास मौजूद था और इसी से सीता ने एक अपराधी गिरोह को खड़ा किया था. यह गिरोह चार जिलों में अवैध रूप से अफीम का कारोबार करने वाले लोगों को टारगेट करता था और उनसे पैसे और अफीम लूट लेता था. अवैध कारोबार होने के कारण पीड़ित पुलिस से शिकायत भी नहीं करते थे.

## स्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को कर दिया गया सख्त



एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर UGC इक्विटी रेगुलेशन 2026 को लेकर रविवार को विरोध प्रदर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे. इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनकारियों की मांग वत्र्छ के नए नियमों को वापस लेने की मांग की. दिल्ली पुलिस के मुताबिक, इस प्रदर्शन के लिए अनुमति नहीं दी गई थी, जिसके चलते प्रदर्शनकारियों के पहुंचने के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया. साथ ही मौके पर स्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया गया. जंतर-मंतर के साथ-साथ जय सिंह रोड और संसद मार्ग पर भी भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई. इस दौरान दिल्ली पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स और केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान भी मौजूद रहे. प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए विभिन्न रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई. पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती, जबकि प्रदर्शनकारी वत्र्छ इक्विटी रेगुलेशन 2026 को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया. अचानक सीपी में इकठ्ठा हुए प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया. दिल्ली पुलिस ने लोगों से सोशल मीडिया पर प्रदर्शन की अनुमति से जुड़ी अपुष्ट या भ्रामक जानकारी साझा नहीं करने की अपील की है.

## प्रवर्तन निदेशालय ने आईएएस अधिकारी गंगवार के बेंगलुरु और बरेली ठिकानों पर की छापेमारी

एजेंसी





बेंगलुरु/नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने कर्नाटक लोक सेवा आयोग (डढरउ) द्वारा आयोजित पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती परीक्षा में कथित गड़बड़ियों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रविवार को आईएएस अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार के बेंगलुरु और उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित परिसरों पर छापेमारी की. ज्ञानेंद्र इस भर्ती परीक्षा के प्रभारी थे. ईडी की टीम जांच कर रही है. गंभीर आरोप थे कि उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया में उम्मीदवारों से लगभग 70 से 80 लाख रुपये की रिश्वत ली गई थी. बता दें कि तीन दिन पहले ही ईडी अधिकारियों ने इस मामले में केपीएससी के अध्यक्ष शिवशंकरप्पा साहूकार और कुछ सदस्यों के घरों पर छापा मारा था. इस जांच के तहत, परीक्षा प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार के घर पर भी छापा मारा गया. हालांकि रविवार दोपहर, सीआरपीएफ सुरक्षाकर्मियों के साथ पहुंचे ईडी अधिकारियों को अपार्टमेंट में पहुंचने पर दिक्कतों का सामना करना पड़ा. जैसे ही अधिकारी वहां पर पहुंचे, अपार्टमेंट के सुरक्षा गार्ड ने मेन गेट बंद कर दिया और कहा कि सीनियर्स या परिवार वालों की अनुमति के बिना किसी को भी अंदर नहीं आने दिया जाएगा. इस वजह से ईडी अधिकारियों को अपार्टमेंट के बाहर एक घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा. बाद में, ईडी अधिकारियों ने आईएएस अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार से संपर्क किया. ज्ञानेंद्र कुमार ने सुरक्षा गार्ड को गेट खोलने का निर्देश दिया. चूंकि ज्ञानेंद्र का फ्लैट लॉक था, इसलिए चाबी बनाने वाले को मौके पर बुलाया गया. चाबी बनाने वाले की मौजूदगी में नकली चाबी बनाई गई और फ्लैट का लॉक सफलतापूर्वक खोल दिया गया. जैसे ही घर का दरवाजा खुला, ईडी अधिकारियों ने वीडियो कैमरे में रिकॉर्ड करके निरीक्षण प्रक्रिया शुरू कर दी. ईडी सूत्रों ने कन्फर्म किया है कि सीआरपीएफ जवानों ने अपार्टमेंट के चारों ओर कड़ी सुरक्षा कर दी है और अभी डॉक्यूमेंट्स की तलाशी शुरू कर दी है. इससे पहले शनिवार को मीडिया में खबर आई थी कि आईएएस ज्ञानेंद्र कुमार लापता हो गए हैं. उसके बाद मंत्री खड़गे ने कहा था कि ऑफिसर के लापता होने की खबर झूठी है. ज्ञानेंद्र कुमार अपने पिता की बीमारी के कारण उत्तर प्रदेश गए थे. गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने शनिवार को कहा था कि गलतफहमी और गलत बातचीत के कारण गलतफहमी पैदा हुई. उन्होंने कहा कि ज्ञानेंद्र कुमार को अपने पिता की बीमारी के कारण तुरंत उत्तर प्रदेश जाना पड़ा. जाने से पहले, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हाथ से लिखा हुआ छुट्टी का आवेदन दिया .




## मेस फीस में बढ़ोतरी को लेकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड में छात्रों और यूनिवर्सिटी प्रशासन के बीच बढ़ा विवाद

एजेंसी



रांची। सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड में मेस शुल्क में बढ़ोतरी को लेकर रविवार को छात्रों और विश्वविद्यालय प्रबंधन के बीच विवाद सामने आया. शुल्क बढ़ाए जाने से नाराज बड़ी संख्या में छात्र विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के बाहर धरने पर बैठ गए. छात्रों का कहना था कि मेस के लिए पहले जो शुल्क निर्धारित किया गया था, उसी राशि के तहत भोजन उपलब्ध कराया जाए. निर्धारित राशि से अधिक शुल्क देने से छात्रों ने इनकार कर दिया.

**अतिरिक्त राशि देने से छात्रों का इंकार**

मामले की जानकारी मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से बातचीत की पहल की. डॉ. अनुराग लिंडा ने बताया कि पहले मेस संचालन के लिए जिस एजेंसी को जिम्मेदारी दी गई थी, उसके द्वारा मेस शुल्क कम निर्धारित किया गया था. अब नई एजेंसी के आने के बाद मेस शुल्क में बढ़ोतरी किए जाने को लेकर विवाद सामने आया. छात्रों की मांग थी कि पहले से तय शुल्क के अनुसार ही उन्हें भोजन उपलब्ध कराया जाए और उनसे अतिरिक्त राशि नहीं ली जाए.

**डीएसडब्ल्यू ने छात्रों से बातचीत की**

मेस शुल्क में बढ़ोतरी को लेकर छात्रों में आक्रोश बढ़ गया, जिसके बाद बड़ी संख्या में छात्र विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के बाहर धरने पर बैठ गए. छात्रों के धरने की सूचना के बाद डीएसडब्ल्यू ने मामले में पहल करते हुए छात्रों से बातचीत की. विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच हुई बातचीत के बाद फिलहाल मामले का समाधान कर लिया गया है.

**छात्रों धरना समाप्त**

डॉ. अनुराग लिंडा ने बताया कि छात्रों को उनकी मांग और मेस शुल्क से जुड़े विषय पर आश्वासन दिया गया है. बातचीत के बाद छात्रों ने अपना धरना समाप्त कर दिया. उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति सामान्य है और मामले को सुलझा लिया गया है. विश्वविद्यालय परिसर में स्थिति सामान्य है वहीं, सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पीआरओ नरेंद्र कुमार ने भी बताया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन के साथ बातचीत के बाद मामला फिलहाल समाप्त हो गया है. प्रशासन की पहल के बाद छात्रों को आश्वासन दिया गया है और मेस शुल्क में बढ़ोतरी को लेकर उत्पन्न विवाद का समाधान किया गया. विश्वविद्यालय परिसर में

# यूआरएसआई जीएएसएस 2026 में बीआईटी मेसरा के शोधकर्ता नितीश कुमार यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



रांची। बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा (बीआईटी मेसरा) के रिमोट सेंसिंग एंड जियोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग के शोधकर्ता नितीश कुमार को पोलैंड के क्राको में आयोजित यूआरएसआई जनरल असेंबली एंड साइंटिफिक सिम्पोजियम (जीएएसएस) 2026 में यंग साइंटिस्ट अवार्ड (वाईएसए) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनके ह्लचंद्रयान-2 डुअल-फ्रीक्वेंसी सिंथेटिक एपर्चर रडार का उपयोग करते हुए एक हिमयुक्त क्रेटर के इजेक्टा का विश्लेषणह्व विषयक शोध के लिए प्रदान किया गया। यह अनुसंधान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में हिमयुक्त क्रेटर से निकले इजेक्टा की विशेषताओं के अध्ययन के लिए डुअल-फ्रीक्वेंसी सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) अवलोकनों और उन्नत पोलरिमेट्रिक मापदंडों के अनुप्रयोग पर केंद्रित है। अध्ययन में क्रेटर से जुड़े इजेक्टा के विश्लेषण के लिए चंद्रयान-2 मिशन से प्राप्त अवलोकनों का उपयोग किया गया है तथा ग्रहीय अन्वेषण में उन्नत रडार रिमोट सेंसिंग तकनीकों को लागू किया गया है। यह शोध चंद्रयान-2 अनुसंधान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधान अन्वेषक (पीआई) डॉ. वी. एस. राठौर और सह-प्रधान अन्वेषक (को-पीआई) डॉ. ए. पी. कृष्णा के मार्गदर्शन में किया गया। यूआरएसआई जीएएसएस 2026 में मिली यह मान्यता इस शोध के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय आयाम को भी रेखांकित करती है। इसमें उन्नत रडार रिमोट सेंसिंग और ग्रहीय अन्वेषण के क्षेत्र में रास लैब, सीएनआईटी, इटली के शोधकर्ता डॉ. अजीत कुमार के साथ उभरता हुआ अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी शामिल है। यह सहयोग ग्रहीय अनुप्रयोगों के लिए रडार-आधारित अवलोकनों और विश्लेषण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय शोध दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। यंग साइंटिस्ट अवार्ड अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मंच पर नितीश कुमार के शोध को मिली मान्यता है और चंद्र सतह के अध्ययन में उन्नत एसएआर अवलोकनों तथा पोलरिमेट्रिक विश्लेषण के अनुप्रयोग को रेखांकित करता है। यह उपलब्धि रिमोट सेंसिंग, रडार प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष विज्ञान में विशेषज्ञतापूर्ण अनुसंधान के माध्यम से युवा शोधकताओं के लिए ग्रहीय अन्वेषण में योगदान देने की संभावनाओं को भी दशार्ती है।

## एक नजर

### दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर रक्तदान महाअभियान,45 यूनिट रक्त संग्रह




एग्यारकुंड। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की निरसा शाखा ज्ञान-विज्ञान भवन में रविवार को ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान महाअभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निरसा विधायक अरूप चटर्जी, ब्रह्माकुमारी बहनों एवं चिकित्सकों ने दीप प्रज्वलित कर किया।अभियान में 45 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।मौके पर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज धनबाद ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. बीके पांडेय व उनकी टीम, होप क्लिनिक एंड मैटरनिटी सेंटर के डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अवंतिका, डॉ. अभिषेक सोबरी, डॉ. रंजीत श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रामजी द्विवेदी ने 53वीं बार रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी शक्ति बहन, नीलम बहन, रिया बहन सहित दुर्गा भाई, हीरा भाई, गौतम भाई, अशोक भाई, परमेश्वर भाई एवं अन्य भाई-बहनों का सहयोग रहा।संस्था द्वारा बताया गया कि दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि के अवसर पर देशभर में 20 से 25 अगस्त तक रक्तदान अभियान चलाया जा रहा है।

### JSLPS में कार्यरत महिला कैडरों का शोषण बर्दाश्त नहीं झ्र डिंपल चौबे



धनबाद। जेएसएलपीएस में कार्य कर रहे महिला कैडरों ने गोल्फ ग्राउंड में बैठक की बैठक की अध्यक्षता अंजू महतो व संचालन इंदु देवी ने किया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की धनबाद महिला अध्यक्ष डिंपल चौबे जी को आमंत्रित किया गया बैठक में उपस्थित जेएसएलपीएस के महिलाओं ने अपनी समस्या और मांगों से डिंपल चौबे को अवगत कराया डिंपल चौबे ने कहा आप लोगों की मांगे जायज है निश्चित रूप से जल्द ही आप लोगों की मांगों को लेकर आपके विभागीय ग्रामीण विकास ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे जी से मिलकर आप लोगों की मांगो को उनके समक्ष रखा जाएगा महिलाओं की शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी बैठक में जिला अध्यक्ष अंजू महतो, जिला महासचिव उषा देवी, सचिन सावित्री सिंह, जिला कोषाध्यक्ष इंदु देवी, जिला महामंत्री शेफाली देवी समेत सैकड़ो की संख्या में जेएसएलपीएस कार्यरत महिलाएं उपस्थित हुई।

### पंजाबी हिंदू बिरादरी ने संसाधनों को सुदृढ़ करने पर दिया जोर

रांची। पंजाबी हिंदू बिरादरी एवं स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी की बैठक शनिवार, 23 अगस्त 2026 को पंजाबी भवन, लाल लाजपत राय पथ, ओवरब्रिज के निकट आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिरादरी के अध्यक्ष राजेश मेहरा ने की। बैठक में बिरादरी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ पूर्व बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पंजाबी हिंदू बिरादरी के महासचिव राजेश मेहरा ने पिछली बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया। कार्यकारिणी के सदस्यों ने चर्चा के बाद इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया। महासचिव की ओर से लाल लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पुंदाग तथा लाल लाजपत राय मिडिल स्कूल, कडरू, रांची में चल रहे कार्यों की जानकारी भी बैठक में दी गई। सदस्यों ने इस पर अपनी सहमति जताते हुए ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया। बढ़ती सदस्य संख्या और बुनियादी ढांचे को देखते हुए फैसला बैठक में बिरादरी की बढ़ती सदस्य संख्या और उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए तत्काल प्रभाव से नए सदस्यों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि जब भविष्य में नए सदस्यों को शामिल करने की प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाएगी, तो इसकी जानकारी बैठक में प्रस्ताव पारित कर सभी सदस्यों को विधिवत दी जाएगी। इस निर्णय का उद्देश्य बिरादरी के मौजूदा संसाधनों और आधारभूत संरचना को ध्यान में रखते हुए सदस्यता व्यवस्था को व्यवस्थित रखना बताया गया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकारिणी एवं बिरादरी के सदस्य उपस्थित रहे। इनमें कुणाल अजमानी, धीरज तनेजा, राजेश मेहरा, रवि पराशर, सुधीर उगल, राजेश खन्ना, रणदीप आनंद, राकेश गिरधर, रोहित दत्त, राहुल माकन, देवेश अजमानी, अजय धमेजा, अमिताभ कटवाल, अशोक माकन, दीपक खोसला, प्रवीण जंगी, सौरभ खन्ना, प्रवीण मग्गो, तरुण झुल्का, विकास चावला, जितेंद्र मुंजाल, करणवीर भाटिया, सुमीत कक्कड़, शिव कुमार स्याल 'काकाजी' और संजय जौहर सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक के बाद बिरादरी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रोहित दत्त ने उक्त जानकारी दी।

### मनरेगा ने ग्रामीण भारत को दिया रोजगार का कानूनी अधिकार, संकट के दौर में बना ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत सहारा



रांची। प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि 23 अगस्त 2005 का दिन भारतीय लोकतंत्र और ग्रामीण भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण दिन है। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार का कानूनी अधिकार देने वाला ऐतिहासिक कानून पारित किया। मनरेगा का उद्देश्य केवल मजदूरी उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को मजबूत करना था। कानून 23 अगस्त 2005 को पारित हुआ और फरवरी 2006 से इसका क्रियान्वयन शुरू हुआ। आलोक कुमार दूबे ने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण भारत को पहली बार रोजगार की कानूनी गारंटी दी, जिसके तहत मांग करने वाले ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों के अकुशल मजदूरी रोजगार की गारंटी दी गई। इसके साथ ही जल संरक्षण, सिंचाई, भूमि विकास, ग्रामीण संपर्क और तालाब जैसे टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण को भी बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि मनरेगा की सफलता का अंदाजा सरकारी आंकड़ों से लगाया जा सकता है। 2006-07 से 2013-14 के बीच मनरेगा के तहत 1,660 करोड़ व्यक्ति-दिवस रोजगार सृजित हुए। वहीं 2009-10 में ही करीब 4.90 करोड़ ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिला और 251 करोड़ व्यक्ति-दिवस रोजगार सृजित हुआ।

### अवकाश के दिन भी डाकघरों में जारी रही राखी बुकिंग और डाक सेवा

रामगढ़। रामगढ़ में रक्षा बंधन के पावन अवसर पर रविवार के अवकाश के दिन भी जिले के डाकघरों में डाक सेवा सुचारु रूप से जारी रही। भाई-बहन के स्नेह, परस्पर विश्वास और जरूरतमंद की रक्षा के नैतिक संकल्प से जुड़े इस पर्व पर जिले के विभिन्न डाकघरों में राखी एवं अन्य डाक प्राप्त की गई। प्रधान डाकघर रामगढ़ कैंट में मेल प्रभारी जसमीना खातून ने डाक प्राप्त कर उसे जिले के विभिन्न डाकघरों तक भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की। वहीं, रामगढ़ सब डिवीजन के सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान एवं पोस्टमास्टर मो जसीम खान के दिशानिर्देश पर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने अवकाश के दिन भी प्रधान डाकघर में राखी बुकिंग के लिए अपनी सेवाएं दीं।

**16 टीमों के साथ रांची क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी टूनार्मेंट का शुभारंभ- हरिनाथ साहू**

# खेल कोच और खिलाड़ियों द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर किया सम्मानित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



कांके। भामाशाह नगर, होचर में सात दिनों तक चलने वाले रांची क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी टूनार्मेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं उन्हें बुके देकर किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने ग्रामीण क्षेत्र में नियमों के अनुरूप एवं अनुशासित तरीके से क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजन के लिए आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है। टूनार्मेंट के अध्यक्ष रवि लोहरा ने बताया कि सात दिनों तक लगातार चलने वाले इस टूनार्मेंट में झारखंड सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रत्येक टीम के लिए 11,000 रुपये प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 61,000 रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार के रूप में 41,000 रुपये नकद प्रदान किए जाएंगे। टूनार्मेंट के आयोजकों के अनुसार, 'माय माटी' और 'खबर आज तक' यूट्यूब चैनल के माध्यम से प्रतियोगिता के मैचों का लाइव प्रसारण किया जाएगा, जिससे देशभर के दर्शक टूनार्मेंट के खेल प्रदर्शन को देख सकेंगे। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ नेता कपिल साहू, कला, संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार गौतम, दीपक लोहरा, पवन साहू, अनूप लोहरा, दानेश्वर साहू, रोहित कुमार, संजय साहू एवं शंकर प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान खेल कोच एवं खिलाड़ियों ने मुख्य अतिथि हरिनाथ साहू को बुके देकर सम्मानित भी किया।

**जयकारों से गूंजा रांची, भव्य बाल कांवड़ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब**

# नक्षत्र वन से पहाड़ी मंदिर तक बच्चों ने निकाली कांवड़ यात्रा, महाकाल बाबा का किया जलाभिषेक

शिव-पार्वती के बाल स्वरूप ने मोहा लोगों का मन, ढोल-ताशे की धुन पर झूमते रहे श्रद्धालु



रांची, 23 अगस्त। श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर के तत्वावधान में रविवार को आयोजित भव्य बाल कांवड़ यात्रा पूरी श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुई। नन्हे-नन्हे कांवड़ियों के ह्यबोल बम, बोल बमह्ण के जयकारों से पूरा मार्ग गूंज उठा। गेरुआ वस्त्र धारण किए सैकड़ों बच्चों ने नक्षत्र वन से हाथों में कांवड़ लेकर पैदल यात्रा की और रातू रोड चौक होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंचकर महाकाल बाबा का जलाभिषेक किया। नक्षत्र वन से सभी बाल कांवड़ियों एवं शिव-पार्वती के बाल स्वरूप को विधायक सीपी सिंह, विजय पाठक, दिव्यानंद स्वामी, राजेश साहू, बादल सिंह के द्वारा आरती कर पहाड़ी मंदिर के लिए विदा किया गया। बाल कांवड़ यात्रा के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नन्हे कांवड़िए भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए पूरे जोश और श्रद्धा के साथ आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान जगह-जगह शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा बाल कांवड़ियों का स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा और लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। यात्रा में शिव-पार्वती के बाल स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बाल स्वरूप में सजे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत लिया। वहीं ढोल और ताशे की धुन पर श्रद्धालु एवं आयोजन से जुड़े लोग झूमते नजर आए। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बना रहा। नक्षत्र वन से प्रारंभ हुई यात्रा रातू रोड चौक होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंची। वहां सभी बाल कांवड़ियों ने विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ भगवान महाकाल बाबा पर जल अर्पित किया और सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। बच्चों में भगवान शिव के प्रति आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू ने कहा कि बाल कांवड़ यात्रा में शामिल सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की कामना किये एवं सभी के बीच नाश्ता पैकेट और टॉफी चॉकलेट का वितरण किया गया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, अभिभावकों एवं शहरवासियों के प्रति आभार जताया। महासमिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने कहा कि इस वर्ष बाल कांवड़ यात्रा को लेकर बच्चों और अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

# जैन समाज ने की क्षमावाणी को राष्ट्रीय क्षमा दिवस घोषित करने की मांग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रामगढ़। दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के सचिव योगेश सेठी ने जैन धर्म के पावन पर्व क्षमावाणी को राष्ट्रीय क्षमा दिवस के रूप में घोषित करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और गृह मंत्री अमित शाह को पत्र प्रेषित कर इस मांग पर विचार करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में योगेश सेठी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी क्षमावाणी के महत्व को स्वीकार करते हुए अपने संबोधन में ह्यमिच्छामि दुक्कड़मह्ण कहा है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म का मूल सिद्धांत दया, ममता, करुणा और क्षमा पर आधारित है। क्षमावाणी के पावन अवसर पर जैन धर्मावलंबी अपने से छोटे-बड़े सभी से विगत वर्ष में जाने-अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमा मांगते हैं और दूसरों को भी क्षमा करते हैं। उन्होंने कहा कि क्षमा मांगने और क्षमा करने से दोनों पक्षों की गरिमा और आपसी संबंधों में मजबूती आती है। क्षमा की भावना समाज में शांति, सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देती है। योगेश सेठी ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि जिस प्रकार दूरदर्शी पहल के माध्यम से योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है, उसी प्रकार क्षमावाणी को राष्ट्रीय क्षमा दिवस के रूप में मान्यता देने के विषय में भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने समस्त जैन समाज की ओर से आग्रह करते हुए कहा कि इस विषय पर जल्द निर्णय लेते हुए इसी वर्ष से क्षमावाणी को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरूआत की जाए।

# विहिप के प्रांत मातृशक्ति प्रशिक्षण वर्ग का समापन



रामगढ़। विश्व हिंदू परिषद झारखंड की महिला इकाई मातृशक्ति के तत्वावधान में रामगढ़ के बिंझार स्थित मान्या बैंक्वेट हॉल एंड रिजॉर्ट में आयोजित तीन दिवसीय प्रांत मातृशक्ति प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह में विहिप झारखंड के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत मातृशक्ति प्रमुख अनिमा पांडेय, सह प्रमुख शशि शर्मा और प्रांत बाल संस्कार केंद्र प्रमुख सबिता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने भगवान श्रीराम, मां दुर्गा और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण वर्ग में झारखंड के विभिन्न जिलों से सैकड़ों माताओं-बहनों ने भाग लिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विहिप झारखंड के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार ने ह्यराष्ट्रीय चिंतन में महिलाओं की सहभागिताह्ण विषय पर मातृशक्ति को संबोधित किया। उन्होंने लव जिहाद, धर्मांतरण, जातिवाद और घर वापसी जैसे सामाजिक विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि इन चुनौतियों के प्रति समाज को जागरूक करने में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं को परिवार के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को भी समझना होगा। उन्होंने मातृशक्ति से अपने घर और आसपास बाल संस्कार केंद्र संचालित करने का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म, परंपराओं और जीवन-मूल्यों से परिचित कराया जाना चाहिए। संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। वहीं विहिप झारखंड के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने कहा कि मातृशक्ति को मां दुर्गा के साहस, शक्ति और आत्मसम्मान को अपना आदर्श बनाना चाहिए। जब समाज की मातृशक्ति जागरूक, संगठित और संस्कारित होगी, तब समाज की बहन-बेटियों के सम्मान की रक्षा और अधिक मजबूती से होगी। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति केवल परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि संस्कारवान और सशक्त समाज के निर्माण की प्रमुख शक्ति है। तीन दिनों तक चले प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकताओं को संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक दायित्वों, सेवा कार्यों, योग, व्यायाम, खेलकूद तथा शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का प्रशिक्षण दिया गया। समापन के बाद अतिथि भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के लोगों को भी आमंत्रित किया गया। सभी ने सामूहिक रूप से भोजन किया।

# स्वर्णकार सावन महोत्सव-26 : झारखंड की धरती पर पहली बार भव्य आयोजन, 300 से अधिक महिलाओं ने बढ़ाया समारोह का उत्साह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




रांची। अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन, रजि. झारखंड की ओर से रविवार को होटल बिशु पैलेस, हटिया में ह्लस्वर्णकार सावन महोत्सव-2026ह्व का भव्य आयोजन किया गया। झारखंड की धरती पर पहली बार आयोजित इस भव्य पारिवारिक एवं सांस्कृतिक समारोह में समाज की महिलाओं, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 300 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं और अपनी प्रतिभा व उमंग से समारोह को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सोनी, धर्मेंद्र सोनी एवं संगठन के अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के साथ ही रंगारंग सावन महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। सावन के रंग में रंगे इस समारोह में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सावन गीतों सहित विभिन्न लोकप्रिय गानों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से पूरे समारोह में उत्साह एवं उमंग का माहौल बना दिया। महिलाओं की शानदार भागीदारी ने कार्यक्रम को यादगार और ऐतिहासिक बना दिया। समारोह में समाज की महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान समाज एवं संगठन के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले गणमान्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं समारोह में शामिल सभी महिलाओं को भी मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले सभी सदस्यों एवं महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

**समारोह में मौजूद रहे समाज के गणमान्य पदाधिकारी**

इस भव्य आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सोनी, रमेश बाली, मनोज सोनी, शंभू प्रसाद, रविन्द्र नाथ साहू, बद्री प्रसाद, भोला जी,शिव बालक, अजय प्रसाद पिंटू, त्रिभुवन प्रसाद, अरुण वर्मा, दिनेश प्रसाद, दिगम्बर प्रसाद, पंकज प्रसाद, डॉ. पंकज सोनी, गोपाल प्रसाद, राजेश सोनी, राजेश कुमार, पिया बर्मन, नम्रता सोनी, पारस सोनी, अरुण कुमार, उमेश प्रसाद, लक्ष्मी नारायण स्वर्णकार, सुरेश प्रसाद, पार्षद बबली सोनी एवं रमेश बर्मन सहित समाज के अन्य गणमान्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि 'स्वर्णकार सावन महोत्सव-2026' का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज के परिवारों को एकजुट करना, सामाजिक एवं पारिवारिक एकता को मजबूत करना तथा महिलाओं और समाज की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी ने आयोजन की सफलता को और खास बना दिया। समारोह के दौरान स्वर्णकार समाज की एकजुटता, सामाजिक भाईचारे एवं पारिवारिक संस्कृति की शानदार झलक देखने को मिली। पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी, झारखंड पत्रकार सुनील पोद्दार ने कहा कि स्वर्णकार सावन महोत्सव-2026 समाज के लिए एक नई और महत्वपूर्ण पहल है। 300 से अधिक महिलाओं की भागीदारी, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सहयोग और सभी की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाज के परिवारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बोल बम के जयघोष से गूंजा रांची, नन्हे कांवड़ियों ने निकाली भव्य बाल कांवड़ यात्रा

## गेरुआ वस्त्र, हाथों में कांवड़ और बोल बम के जयकारों से भक्तिमय हुआ शहर- नन्हे कांवड़ियों ने पहाड़ी मंदिर में किया जलाभिषेक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर के तत्वावधान में रविवार को बाल कांवड़ यात्रा श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। गेरुआ वस्त्र धारण किए सैकड़ों नन्हे कांवड़ियों के ह्यबोल बमह्ण के जयघोष से नक्षत्र वन से पहाड़ी मंदिर तक पूरा मार्ग भक्तिमय हो उठा। हाथों में कांवड़ लिए बच्चों ने नक्षत्र वन से पैदल यात्रा शुरू की और रातू रोड चौक होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक किया। यात्रा की जानकारी महासमिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि यात्रा शुरू होने से पहले नक्षत्र वन में बाल कांवड़ियों और शिव-पार्वती के बाल स्वरूपों की आरती की गई। रांची विधायक सीपी सिंह, विजय पाठक, दिव्यानंद स्वामी, राजेश साहू और बादल सिंह ने आरती कर कांवड़ियों को पहाड़ी मंदिर के लिए रवाना किया। आरती के बाद बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। वे पूरे रास्ते ह्यबोल बमह्ण के जयकारे लगाते हुए श्रद्धा और उमंग के साथ आगे बढ़ते रहे।

यात्रा के दौरान शहरवासियों और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह नन्हे कांवड़ियों का स्वागत किया। लोगों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनके साथ भगवान शिव के जयकारे लगाए। ढोल-ताशे की थाप, ह्यबोल बमह्ण के जयघोष और धार्मिक नारों से पूरा यात्रा मार्ग शिवमय नजर आया।

बाल कांवड़ यात्रा में शिव-पार्वती के बाल स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भगवान शिव और माता पार्वती के रूप में सजे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का ध्यान खींचा। ढोल-ताशे की थाप पर श्रद्धालु और आयोजन से जुड़े लोग भी झूमते नजर आए। यात्रा के दौरान बच्चों की भक्ति और उत्साह ने माहौल को और खास बना दिया।

नक्षत्र वन से शुरू हुई यात्रा रातू रोड चौक होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने के बाद सभी बाल कांवड़ियों ने श्रद्धा और विधि-विधान के साथ बाबा महाकाल का जल अर्पित किया। जलाभिषेक के दौरान बच्चों ने भगवान शिव से सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान उनके चेहरों पर उत्साह और आस्था साफ नजर आई।

बाल कांवड़ियों के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक भी यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने पूरे मार्ग में बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखा। जलाभिषेक के दौरान भी अभिभावक बच्चों के साथ मौजूद रहे। शहरवासियों और श्रद्धालुओं के सहयोग से यात्रा शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू ने यात्रा में शामिल सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों के बीच नाश्ता पैकेट, टॉफी और चॉकलेट का वितरण किया। साथ ही बाल कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले श्रद्धालुओं, अभिभावकों और शहरवासियों के प्रति आभार जताया।

महासमिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने कहा कि इस वर्ष बाल कांवड़ यात्रा को लेकर बच्चों और उनके अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह रहा। नन्हे कांवड़ियों ने ह्यबोल बमह्ण के जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय बना दिया। उन्होंने कहा कि महासमिति का उद्देश्य बच्चों को अपनी सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ना है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों में संस्कार, धार्मिक चेतना और सामाजिक एकता की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

बाल कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन के बाद महासमिति के सदस्यों ने इसे बच्चों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। नक्षत्र वन से पहाड़ी मंदिर तक पूरे यात्रा मार्ग में शहरवासियों और श्रद्धालुओं के सहयोग तथा उत्साह ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में रांची विधायक सीपी सिंह, रांची नगर निगम के उपमहापौर नीरज कुमार, वरिष्ठ पत्रकार विजय पाठक, रवि कुमार, महासमिति के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, प्रवक्ता बादल सिंह, दिव्यानंद स्वामी, रिवाल्डो वर्मा, शुभाशीष चटर्जी, स्वप्ना चटर्जी, मुरारी मंगल, भोलू सिंह, अमन सिंह, राम सिंह और हर्ष कुमार सहित महासमिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और शहरवासियों ने भी यात्रा में भाग लिया।

## राष्ट्रीय चिंतन में मातृशक्ति की भागीदारी जरूरी, संस्कारों से ही सुरक्षित रहेगा समाज : चितरंजन कुमार

**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड की महिला इकाई मातृशक्ति के तत्वावधान में रामगढ़ के बिंझार स्थित मान्या बैंक्वेट हॉल एंड रिजॉर्ट में आयोजित तीन दिवसीय प्रांत मातृशक्ति प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह में विहिप झारखंड के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत मातृशक्ति प्रमुख अनिमा पांडेय, सह प्रमुख शशि शर्मा तथा प्रांत बाल संस्कार केंद्र प्रमुख सबिता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने भगवान श्रीराम, मां दुर्गा और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण वर्ग में झारखंड के विभिन्न जिलों से सैकड़ों माताओं-बहनों ने भाग लिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विहिप झारखंड के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार ने ह्यराष्ट्रीय चिंतन में महिलाओं की सहभागिता विषय पर मातृशक्ति को संबोधित किया। उन्होंने लव जिहाद, धर्मांतरण, जातिवाद और घर वापसी जैसे सामाजिक विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि इन चुनौतियों के प्रति समाज को जागरूक करने में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं को परिवार के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को भी समझना होगा। उन्होंने मातृशक्ति से अपने घर और आसपास बाल संस्कार केंद्र संचालित करने का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म, परंपराओं और जीवन-मूल्यों से परिचित कराया जाना चाहिए। संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। वहीं विहिप झारखंड के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने कहा कि मातृशक्ति को मां दुर्गा के साहस, शक्ति और आत्मसम्मान को अपना आदर्श बनाना चाहिए। जब समाज की मातृशक्ति जागरूक, संगठित और संस्कारित होगी, तब समाज की बहन-बेटियों के सम्मान की रक्षा और अधिक मजबूती से होगी।

## झारखंड में 25 से 27 अगस्त तक भारी बारिश के आसार, रांची समेत कई जिलों में अलर्ट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** झारखंड में एक बार फिर मौसम करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने 25, 26 और 27 अगस्त को राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान रांची सहित मध्यवर्ती जिलों में भी बारिश होने के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, 25 अगस्त को दक्षिण-पश्चिमी जिलों गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम के अलावा मध्यवर्ती जिले खूंटी में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

26 अगस्त को उत्तर-पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों में बारिश का जोर रहने की संभावना है। इस दौरान गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम के साथ निकटवर्ती मध्यवर्ती जिलों लोहरदगा और खूंटी में भारी बारिश हो सकती है।

27 अगस्त को रांची, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, निकटवर्ती उत्तर-पश्चिमी जिले चतरा और उत्तर-पूर्वी जिले गिरिडीह में भी कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

पिछले 24 घंटों के दौरान सिमडेगा जिले के बानो में सबसे अधिक 38.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस दौरान पाकुड़ में राज्य का सर्वाधिक तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस और लातेहार में सबसे कम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। हालांकि, तेज धूप के साथ भीषण गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे।

रांची में रविवार को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री और न्यूनतम 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जमशेदपुर में अधिकतम 34.9 और न्यूनतम 26.2 डिग्री, डालटनगंज में 33.6 और 27.1 डिग्री तथा बोकारो में 33.1 और 26.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। चाईबासा में अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## इनर व्हील क्लब ने हर्षोल्लास के साथ मनाया सावन महोत्सव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रामगढ़।** इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर सावन की हरियाली, प्रेम और उमंग का सुंदर संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सदस्याओं ने सावन के गीत, नृत्य तथा अन्य प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में सावन की पारंपरिक संस्कृति और भारतीय परंपराओं की झलक देखने को मिली।

क्लब की अध्यक्षा श्वेता जैन ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य महिलाओं को एकजुट करना, भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को बढ़ावा देना तथा आपसी सौहार्द एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करना है।सावन महोत्सव के अवसर पर सभी सदस्याओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का समापन आपसी शुभकामनाओं एवं उल्लासपूर्ण वातावरण के साथ हुआ।मौके पर क्लब अध्यक्षा श्वेता जैन, सचिव नवलजीत कौर, प्रियंका जैन, शर्मिष्ठा दत्ता, पिंकी गांधी, पूनम सिंघानिया, मनबीर कौर, नम्रता जैन, पम्मी गांधी, मीरा बागड़िया, उर्मिला बगड़िया, अनुराधा श्रॉफ, मधु बरेलिया, विजया अयंगर, रंजू अग्रवाल,मधु अग्रवाल,नीरू साहनी, जसप्रीत कौर, गुरबक्स सैनी, जसविंदर होरा, हरमीत कौर, जयश्री, ममता वसंत,रेणु मेवाड़, नीति अरोड़ा, सुरेंद्र कौर, परमजीत कौर,डॉ अविनाश कौर आदि सदस्या मौजूद थी ।

## गांजा तस्करी का भंडाफोड़, दो गाड़ियां जब्त, 22.200 किलोग्राम गांजा बरामद, एक व्यक्ति को जेल भेजा गया

**रामगढ़।** जिला पुलिस ने रामगढ़ शहर में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर 22 किलो से अधिक गांजा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है ' पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक बड़ी कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि सुभाष चौक स्थित एक गुमटी में अवैध रूप से गांजे की खरीद-बिक्री की जा रही है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), रामगढ़ के नेतृत्व में एक छापामारी दल गठित किया गया।छापामारी दल सुभाष चौक स्थित दुर्गा मंदिर के सामने गुमटी पर पहुंचा जहां पुलिस बल को देखकर एक व्यक्ति भागने का प्रयास करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम रितेश कुमार (उम्र 20 वर्ष), पिता पुरुषोत्तम कुमार सिंह, निवासी न्यू कॉलोनी बगीचा, थाना व जिला रामगढ़ बताया। गुमटी की तलाशी में करीब 960 ग्राम गांजा बरामद हुआ।अभियुक्त की निशानदेही पर उसके घर पर भी छापामारी की गई' जहां से 16 अलग-अलग पैकेटों में कुल 21.300 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गांजे की ढुलाई में इस्तेमाल होने वाली एक ऑल्टो कार और एक अर्टिगा गाड़ी **(JH-24N-2425)** भी जब्त की गई।

# रांची में धरना-प्रदर्शन, जुलूस और रैली के लिए पूर्व अनुमति जरूरी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में लगातार हो रहे धरना-प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली और आमसभाओं को लेकर जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने से पहले सक्षम प्राधिकारी, रांची सदर या बुंडू के अनुमंडल पदाधिकारी से निर्धारित प्रक्रिया के तहत पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन के अनुसार, रांची के विभिन्न इलाकों में समय-समय पर बड़ी संख्या में लोग धरना-प्रदर्शन, जुलूस, रैली और आमसभाओं में शामिल होते हैं। कई बार आयोजकों की ओर से कार्यक्रम की पूर्व सूचना प्रशासन को नहीं दी जाती। अचानक भीड़ जुटने या जुलूस निकलने से यातायात प्रभावित होने के साथ विधि-व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा के सामने भी चुनौती पैदा होती है। प्रशासन ने कहा कि कार्यक्रम से पहले आयोजकों को आयोजन से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध करानी होगी, ताकि सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और यातायात नियंत्रण के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जा सकें। विशेष रूप से जुलूस और रैली के आयोजकों को प्रस्तावित मार्ग, कार्यक्रम की तिथि, प्रारंभ और समाप्ति का समय तथा संभावित प्रतिभागियों की संख्या की जानकारी देनी होगी। आवश्यकता के अनुसार कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रमुख व्यक्तियों का विवरण भी प्रशासन को देना होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण तरीके से धरना और विरोध-प्रदर्शन करना नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का हिस्सा है। हालांकि, इस अधिकार का प्रयोग सार्वजनिक व्यवस्था, जन-सुरक्षा, यातायात और अन्य नागरिकों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए लागू कानूनों तथा सक्षम प्राधिकारी के वैध निदेशों के तहत किया जाना चाहिए। प्रशासन ने कहा कि अनुमति की प्रक्रिया का उद्देश्य लोकतांत्रिक तरीके से होने वाले शांतिपूर्ण कार्यक्रमों को रोकना नहीं है। इसका उद्देश्य कार्यक्रम में शामिल लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ शहर की कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है। प्रशासन के मुताबिक, ऐसे आयोजनों के कारण कई बार आम लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। एंबुलेंस, स्कूल वाहनों, सार्वजनिक परिवहन और अन्य आवश्यक सेवाओं के आवागमन पर भी असर पड़ सकता है। इसलिए आयोजकों से कार्यक्रम की पूर्व सूचना देने और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने की अपील की गई है। साथ ही सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान ऐसा कोई कार्य नहीं करने को कहा गया है, जिससे सार्वजनिक मार्ग या स्थान पर अनधिकृत रूप से आवागमन बाधित हो। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी कार्यक्रम के कारण जन-सुरक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए और न ही आम नागरिकों के अधिकारों में अनुचित हस्तक्षेप होना चाहिए। जिला प्रशासन ने छात्रों और आम नागरिकों से अपील की है कि किसी धरना-प्रदर्शन, रैली या जुलूस में शामिल होने से पहले आयोजकों से कार्यक्रम की वैधानिक स्थिति और प्रशासन की ओर से निर्धारित शर्तों की जानकारी जरूर लें। प्रशासन ने अफवाह, सोशल मीडिया पोस्ट या भ्रामक सूचनाओं के आधार पर ऐसा कोई कदम नहीं उठाने की अपील की है, जिससे कानून-व्यवस्था, सुरक्षा या यातायात व्यवस्था प्रभावित हो। प्रशासन ने राजनीतिक दलों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों, विभिन्न संस्थाओं, छात्र संगठनों और आम नागरिकों से सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करने तथा आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराने की अपील की है, ताकि सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और यातायात के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जा सके।

### एक नजर

## एमएमडीआर विधेयक झारखंड की आर्थिक व्यवस्था को कमजोर करेगा : कांग्रेस

**रांची।** केंद्र सरकार की ओर से संसद में पारित खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन संशोधन विधेयक 2026 (एमएमडीआर) को लेकर कांग्रेस ने विरोध जताया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल प्रकाश तिवारी ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रदूषण और विस्थापन की पीड़ा झारखंड के लोग झेलें और नीति-निर्देश केंद्र सरकार तय करे, यह स्थिति किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। तिवारी ने कहा कि केंद्रीय कोल कंपनियों पर झारखंड का पहले से करीब 1.32 लाख करोड़ रुपये बकाया है, जो वर्तमान में बढ़कर लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। इसके बावजूद केंद्र सरकार इस राशि के भुगतान को लगातार रोके हुए है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत प्रदेश कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता लगातार इस बकाया राशि के भुगतान की मांग उठाते रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि खनिजों पर सेस लगाने के राज्यों के अधिकार को समाप्त करने का निर्णय केंद्र सरकार की तानाशाही मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि एमएमडीआर संशोधन विधेयक पारित कराकर केंद्र सरकार ने झारखंड जैसे खनिज संपन्न राज्य की आर्थिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया है। इससे राज्य को मिलने वाले हजारों करोड़ रुपये के राजस्व पर सीधा असर पड़ेगा और प्रदेश की विकास योजनाओं के लिए उपलब्ध वित्तीय संसाधन भी प्रभावित होंगे।

## कोकर स्थित टाटा मोटर्स वर्कशॉप में लगी आग, छह वाहन जलकर राख



**रांची।** राजधानी रांची के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित वासुदेव टाटा ऑटो मोटर्स वर्कशॉप में रविवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से वर्कशॉप में खड़े छह वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गए। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर नियंत्रण किए जाने से इसे वर्कशॉप के अन्य हिस्सों में फैलने से रोक लिया गया। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि वर्कशॉप में खड़े एक वाहन में अचानक आग लगी थी। देखते ही देखते आग ने आसपास खड़े अन्य वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में कुल छह वाहन जलकर राख हो गए। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच-पड़ताल की जा रही है। राहत की बात यह है कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## जैन समाज ने किया क्षमावाणी को राष्ट्रीय क्षमा दिवस घोषित करने की माँग



**रामगढ़।** दिगम्बर जैन समाज रामगढ़ के सचिव श्री योगेश सेठी ने भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह को पत्र प्रेषित कर जैन धर्म के पावन पर्व क्षमावाणी को राष्ट्रीय क्षमा दिवस के रूप में घोषित करने की माँग की। अपने पत्र में श्री योगेश सेठी ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि आप ने क्षमावाणी के महत्व को स्वीकार करते हुए अपने संबोधन में मिच्छामि दुक्कड़म कहा है।?साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे जैन धर्म का मुख्य सिद्धांत ही दया, ममता, करुणा और क्षमा है। हम जैन धर्मावलम्बी क्षमावाणी के पावन अवसर पर अपने से छोटे एवं बड़े सभी से विगत वर्ष में जाने-अनजाने में अपने द्वारा की गई भूलों के लिए क्षमा माँगते हैं। क्षमा माँगने से और क्षमा करने से माँगने वाले और देने वाले दोनों की मयार्दा की बढ़ोतरी होती है।?इसके अलावा श्री सेठी ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि जिस प्रकार आपकी दूरदर्शी पहल से योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली, उसी प्रकार क्षमावाणी को राष्ट्रीय क्षमा दिवस के रूप में मान्यता देने के विषय में विचार किया जाना चाहिए। इसके अलावा समस्त जैन समाज की तरफ से अनुरोध करते हुए कहा कि इस विषय पर शीघ्रता से विचार कर इसे इसी वर्ष से राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरूआत की जाए। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

## राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में प्रशासनिक, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन



**रामगढ़।** रविवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में प्रशासनिक, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस साक्षात्कार में विभिन्न विषयों एवं पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार लिया गया।साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, विषयगत ज्ञान एवं अन्य निर्धारित अर्हताओं का मूल्यांकन किया गया। सभी अभ्यर्थियों द्वारा संबंधित पद के लिए निर्धारित आवश्यक अर्हताएँ पूरी की गई थीं।विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं योग्यता आधारित रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों एवं चयन समिति के सदस्यों द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता एवं दक्षता का आकलन किया गया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने शुभकामना संदेश में सभी अभ्यर्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्होंने कहा कि आपकी प्रतिभा, योग्यता एवं समर्पण राधा गोविन्द विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों तक ले जाए।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष,व्याख्यातागण एवं संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## विधायक ममता देवी जनसंवाद में सुनीं जनसमस्याएं, त्वरित समाधान का दिया निर्देश

**गोला(रामगढ़)।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती ममता देवी ने रविवार को गोला प्रखंड के मठवाटांड़ स्थित अपने कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने व्यक्तिगत समस्याओं के साथ-साथ सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, राशन, आवास सहित जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ममता देवी ने पीड़ित एवं जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत की।

# सांसद खेल महोत्सव-2026 के शंखनाद पर सांसद- बीजेपी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित कई विधायकगण हुए शामिल

12 खेलों में दिखेगा खिलाड़ियों का दमखम, हर गांव में खेल का वातावरण बनाना है इस आयोजन का लक्ष्य

उज्जवल दुनिया संवाददाता




हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में युवाओं को खेल से जोड़ने और ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव-2026 के शंखनाद को लेकर रविवार को हजारीबाग के एंजल्स हाई स्कूल परिसर में सांसद- बीजेपी कार्यकर्ता संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें 600 से अधिक बीजेपी कार्यकर्ता और खेल प्रेमीगण शामिल हुए। इस खें महोत्सव के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 22 प्रखंडों की कुल 50 हजार से अधिक खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगे। जिसमें सिर्फ नमो फुटबॉल टूनामेंट में 1500 से अधिक टीमें विभिन्न भाग लेंगी। आयोजन के अंतर्गत 12 तरह के खेलों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी और खेलप्रेमी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी थे। अध्यक्षता भाजपा हजारीबाग जिलाध्यक्ष ने की, जबकि संचालन भाजपा जिला महामंत्री जयनारायण प्रसाद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ जिलाध्यक्ष संजीव सिंह बावला ने किया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से बतौर मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता केपी शर्मा तथा आजसू पार्टी के हजारीबाग जिलाध्यक्ष परमेश्वर महतो सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

**जनसेवा के माध्यम से जनविश्वास अर्जित कर रहे मनीष जायसवाल : बाबूलाल मरांडी**

बतौर मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता से सीधे जुड़ने और जनसेवा के माध्यम से जनविश्वास अर्जित करने की कला हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल से अन्य जनप्रतिनिधियों को सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सांसद अपने विभिन्न सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार जनता से सीधे जुड़े रहते हैं। इसी समर्पण के कारण वे एक जननेता के रूप में उभरकर सामने आए हैं।उन्होंने कहा कि सांसद श्री जायसवाल राजनीतिक दायित्व के साथ सामाजिक सेवा और जनकल्याण को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ युवाओं, महिलाओं, किसानों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए विभिन्न गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती है। श्री मरांडी ने कहा कि सांसद द्वारा निर्धारित वार्षिक सेवा कैलेंडर के माध्यम से वर्षभर अलग-अलग जनकल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जाते हैं। जनवरी-फरवरी में जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के लिए सांसद सामूहिक विवाह उत्सव, मार्च-अप्रैल में रामनवमी के अवसर पर पारंपरिक कला एवं कौशल को बढ़ावा देने के लिए सांसद दंड( लाठी ) वितरण अभियान तथा जुलाई से सितंबर के बीच युवाओं को खेल के मैदान से जोड़ने और नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के सम्मान और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान भी चलाया जाता है।

## पीडीएस राशन दुकानों पर जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता से उपभोक्ता परेशान, विकल्प की मांग



उज्जवल दुनिया संवाददाता

कटकमसांडी। पीडीएस राशन दुकानों पर जाति प्रमाण पत्र अपलोड किए जाने की प्रक्रिया ने राशन कार्डधारियों की परेशानी बढ़ा दी है। एक ओर उपभोक्ताओं को जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रमाण पत्र अपलोड कराने में भी तकनीकी व अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे कार्डधारी, पीडीएस डीलर और पंचायत प्रतिनिधि सभी परेशान हैं। खासकर महिलाएं अपने घरेलू कामकाज छोड़कर घंटों पीडीएस दुकानदारों के पास भीड़ लगाए इस उम्मीद में बैठी रहती हैं कि उनका जाति प्रमाण पत्र अपलोड हो जाएगा। लेकिन प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों के कारण उन्हें बार-बार लौटना पड़ रहा है। पेलावल उत्तरी पंचायत के मुखिया मो एखलाक ने उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए सरकार से इस प्रक्रिया का कोई वैकल्पिक और सरल रास्ता निकालने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनवाने और उसे अपलोड कराने में जनता काफी परेशान है। कार्डधारी अपनी समस्याओं को लेकर उन्हें भी दिन-रात परेशान कर रहे हैं।

## डांड में रिटायर्ड इलेवन फुटबॉल टूनामेंट का रोमांचक मुकाबला, दोनों टीमें बराबरी पर

उज्जवल दुनिया संवाददाता



कटकमसांडी। प्रखंड क्षेत्र के डांड रविवार को डांड फुटबॉल मैदान में रिटायर्ड इलेवन फुटबॉल टूनामेंट का दूसरा मुकाबला रिटायर्ड इलेवन खुटरा और कटकमसांडी रिटायर्ड इलेवन के बीच खेला गया। 40-40 मिनट के इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कड़े संघर्ष के बावजूद निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। मैच में रेफरी की भूमिका रोहित यादव, शहजाद एवं शकील अहमद ने निभाई। मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेल प्रेमी और पूर्व फुटबॉलर मैदान में मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हजारीबाग महापौर अरविंद कुमार राणा, विशिष्ट अतिथि भैया सिन्हा एवं नजरूल हसन सहित डांड गांव के मुखिया पति इरशाद अंसारी, नरेश पासवान, भोला राणा, रविरंजन, अभिषेक कुमार साजिश अंसारी, नूर मोहम्मद, अजहर अंसारी, रमेश पासवान, मो. शमशेर, बबलू राणा, राहुल राणा, राहुल यादव, ओमकार राय, रंजीत अग्रवाल, विकास कुमार, मो. सरकार, विजय सिंह भोक्ता, अहमद वारसी, तिसम मलिक, अहबाब आलम, उबेर अहमद, मिंटू, नदीम, गुलाम मलिक, गुड्डू एवं शकील अहमद समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। टूनामेंट का मुख्य उद्देश्य ह्लनशे को ना, मैदानी खेलों को हांह्व का संदेश देना है। अतिथियों ने युवाओं से नशे और मोबाइल की लत से दूर रहकर खेल एवं शारीरिक गतिविधियों से जुड़ने की अपील की।

## गुमशुदा व्यक्ति को पुलिस ने सुरक्षित परिजनों से मिलाया



उज्जवल दुनिया संवाददाता

दारु। दारु पुलिस अपने थाना क्षेत्र मे प्रातः गश्ती के दौरान पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को अकेले घूमते हुए पाया। पूछताछ में उसकी पहचान लोहरदगा जिला के मिशन चौक निवासी विजय जायसवाल, पिता रामकिशोर भगत के रूप में हुई। वह रास्ता भटककर यहां पहुंच गए थे और मानसिक रूप से कुछ कमजोर बताए गए। पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए लोहरदगा टाउन थाना को सूचना दी, जहां से उनके गुमशुदा होने की जानकारी मिली। इसके बाद उनके परिजनों को बुलाकर विजय जायसवाल को सुरक्षित रूप से उनके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। बरही में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर, 218 लाभुकों को मिला योजनाओं का लाभ।

## नशे के खिलाफ विद्यार्थियों ने बरही चौक पर जगाई अलख, नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बरही। देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने रविवार को बरही चौक पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय के जरिए नशे के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए खासकर युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम में बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर, पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी एवं गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन मौजूद रहे। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने बताया कि नशे की आदत किस तरह व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और भविष्य को प्रभावित करती है। उन्होंने युवाओं को गलत संगति से बचने तथा शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया। एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए पुलिस के साथ परिवार, विद्यालय और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिलकर प्रयास करना होगा। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को किताबी शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना भी विद्यालय का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति जैसे गंभीर विषय पर विद्यार्थियों की प्रस्तुति उनके सामाजिक सरोकार और आत्मविश्वास को दशार्ती है। नुक्कड़ नाटक देखने पहुंचे स्थानीय लोगों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## बरही में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर, 218 लाभुकों को मिला योजनाओं का लाभ

36.13 लाख रुपये की सहायता व परिसंपत्तियों का वितरण, 75 प्रमाण-पत्र भी दिए गए

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरही। बरही नगर भवन में रविवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही जरूरतमंद लोगों के बीच योजनाओं का लाभ, सहायता राशि एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन न्यायिक दंडाधिकारी कावेरी कुमारी, अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। न्यायिक दंडाधिकारी कावेरी कुमारी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध है। लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर इसका लाभ उठाना चाहिए। शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से 218 लाभुकों के बीच कुल 36 लाख 13 हजार 500 रुपये की सहायता राशि एवं परिसंपत्तियां वितरित की गईं। इसके अलावा 75 प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध कराए गए। सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड, केसीसी ऋण, सखी मंडल को ऋण, जॉब कार्ड, मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। अंचल कार्यालय की ओर से जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र तथा नामांतरण से जुड़े दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए। वहीं पांच लाभुकों को ट्राईसाइकिल, 40 छात्र-छात्राओं को साइकिल, एक लाभुक को हियरिंग मशीन तथा 13 लोगों को लेबर कार्ड दिया गया। आवास योजना के लाभुकों को भी सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। शिविर में राजस्व, बैंकिंग, पेंशन, स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा, श्रम एवं अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं पर लोगों को आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया गया। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य केवल योजनाओं का लाभ देना नहीं, बल्कि लोगों को उनके अधिकारों और कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करना भी है। शिविर में प्रधान लिपिक गोपाल राम, बीपीएम अरुण कुमार, जितेंद्र साव, कमलेश कुमार, प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, सिकंदर कुमार, सीताराम कुमार सहित संबंधित विभागों के कर्मी एवं बड़ी संख्या में लाभुक मौजूद रहे।

## बरही विधानसभा युवा कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर



उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरही। हजारीबाग परिसदन में बरही विधानसभा युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक विधानसभा युवा अध्यक्ष मंजीत यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन को बूथ एवं पंचायत स्तर तक मजबूत करने, सदस्यता एवं संगठन विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद साबिर ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कार्यकताओं से प्रत्येक पंचायत में सक्रिय एवं समर्पित कार्यकताओं से संपर्क कर संगठन को मजबूत करने तथा घर-घर कांग्रेस का झंडा लगाने के अभियान को गति देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आम लोगों के बीच जाकर कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को पहुंचाएं और युवाओं एवं छात्रों की समस्याओं को समझकर उनकी आवाज उठाएं। बैठक में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों एवं छात्रों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मोहम्मद साबिर ने कार्यकताओं से युवाओं के बीच संवाद बढ़ाने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकताओं की जिम्मेदारियां तय करने तथा पंचायत स्तर पर नियमित संगठनात्मक गतिविधियां संचालित करने पर भी जोर दिया गया।

## एक नजर

### धमले गांव में कुएं में गिरी नीलगाय, वन विभाग ने सुरक्षित निकाला



बरही। बरही के धमले गांव में रविवार को एक नीलगाय अचानक गांव के एक कुएं में गिर गई। कुएं में जंगली जानवर के गिरने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा।फॉरेस्टर अमर आनंद सरस्वती के निर्देश पर प्रधान वनरक्षी संजीत कुमार, गृह रक्षक अर्जुन यादव, राकेश कुमार एवं बासुदेव मालाकार मौके पर पहुंचे। टीम ने स्थिति का जायजा लेने के बाद नीलगाय को सुरक्षित बाहर निकालने की तैयारी शुरू की। कुआं गहरा होने के कारण रेस्क्यू के लिए जेसीबी मशीन की मदद ली गई। वन विभाग के कर्मियों ने काफी सावधानी से नीलगाय को कुएं से बाहर निकाला। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी जुटे रहे और रेस्क्यू अभियान को देखते रहे। कुएं से बाहर निकाले जाने के बाद नीलगाय को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। वन विभाग की टीम ने उसकी स्थिति की जांच करने के बाद उसे प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया। नीलगाय के सुरक्षित रेस्क्यू होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की तत्परता की सराहना की।

### स्कार भारती द्वारा आयोजित मेहंदी-रंगोली प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुई भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता




हजारीबाग। रविवार को संस्कार भारती द्वारा आयोजित मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता उपस्थित रहीं। भारतीय कला, संस्कृति एवं परंपराओं को समर्पित इस सुंदर आयोजन में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और कला-कौशल का मनमोहक प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्कार भारती के अध्यक्ष कुमार केशव, सचिव विनीत छावड़ा, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, विभाग प्रमुख शंकर चंद्र पाठक, सह-सचिव राजीव झा, सदस्य अविरल बिहारी लाल, चित्रकला प्रमुख/संयोजक संजय कुमार एवं शोभा सहाय की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### सावन महोत्सव में महिलाओं ने बिखेरी प्रतिभा की छटा



हजारीबाग। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला इकाई हजारीबाग की ओर से प्रधान कैफेटेरिया में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सावन की हरियाली, उमंग और उत्साह के बीच आयोजित इस समारोह में कायस्थ समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने सावन के पारंपरिक गीत, नृत्य, संगीत, झूला और विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियां पेश कीं। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। सावन गीतों और मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला। संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने का प्रयास आयोजकों ने कहा कि सावन महोत्सव जैसे आयोजन समाज की महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इससे आपसी भाईचारा, सामाजिक एकजुटता और सौहार्द की भावना मजबूत होती है। साथ ही भारतीय संस्कृति और पारंपरिक त्योहारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कायस्थ समाज के कई लोग समारोह में मौजूद रहे और सभी ने मिलकर सावन महोत्सव की खुशियां साझा कीं। इस मौके पर जिला महिला अध्यक्ष अर्चना सिंहा, जिला महिला महामंत्री रश्मि लाला, जिला महिला उपाध्यक्ष सरिता सिंहा जिला संगठन मंत्री निक्की सिंहा, सुषमा सिंह जिला उपाध्यक्ष सोनम प्रधान जिला उपाध्यक्ष मिताली राशमी जिला महिला कोषाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद शिवपुरी अर्चना सिंह जिला महिला मंत्री डॉ नेहा सिंह जिला महिला उपाध्यक्ष राधा रानी जिला महिला उपाध्यक्ष सुषमा बालाजी जिला महिला उपाध्यक्ष स्मिता सिंह जिला महिला उपाध्यक्ष उषा सिंह जिला महिला उपाध्यक्ष उप समिति अध्यक्ष मटवारी बबीता वर्मा , कुमकुम सिंह अध्यक्ष समिति अध्यक्ष ममता सिंह मंडई उप समिति स्मृति प्रीति बाला सिंह, अध्यक्ष शिवदयाल नगर रूप समिति नीलू रंजन अध्यक्ष शिवपुरी उप समिति मंजू सहाय अध्यक्ष दारू उप समिति, नम्रता दास अध्यक्ष भदान बाजार रूप समिति मनोरमा सिन्हा, अध्यक्ष कुमार टोली उप समिति।

### सांप के डंसने के बाद महिला को नहीं मिला इलाज, केरेडारी स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

हजारीबाग। जिले के केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में है। रविवार अहले सुबह पचड़ा पंचायत की महिला बुधनी देवी, पति महेश साव को सांप के डंसने के बाद परिजन इलाज के लिए केरेडारी सीएचसी लेकर पहुंचे। आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के बाद भी महिला को तत्काल चिकित्सकीय उपचार नहीं मिल सका, क्योंकि वहां उस समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। परिजनों के अनुसार, वे करीब एक घंटे तक डॉक्टर के आने का इंतजार करते रहे। सांप के डंसने के मामले में समय पर इलाज बेहद जरूरी होने के बावजूद जब कोई चिकित्सकीय व्यवस्था नहीं हुई, तो परिजनों को मजबूर होकर निजी स्तर पर वाहन की व्यवस्था करनी पड़ी और महिला को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग ले जाना पड़ा। इस घटना ने केरेडारी सीएचसी की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि जब सांप के डंसने जैसे आपातकालीन मामले में भी मरीज को तत्काल डॉक्टर और उपचार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, तो ग्रामीण क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य सुविधा के लिए आखिर किस पर भरोसा करें? स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की उपलब्धता और जरूरी दवाइयों की व्यवस्था को लेकर लगातार शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसी स्थिति में दूर-दराज से इलाज के लिए आने वाले गरीब और जरूरतमंद मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# मेगा विधिक सशक्तिकरण एवं जागरूकता शिविर में 31.74 लाख की परिसंपत्तियों का वितरण

**सिविल जज जूही कुमारी ने कहा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना शिविर का मुख्य उद्देश्य**

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बड़कागांव। बड़कागांव उपायुक्त कार्यालय हजारीबाग विधि शाखा के पत्रांक 1831/26, दिनांक 5 अगस्त 2026 के आलोक में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के तत्वावधान एवं बड़कागांव प्रखंड प्रशासन के नेतृत्व में प्रखंड सभागार में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर, विधिक जागरूकता एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण, लाभुक एवं प्रखंड-अंचल के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि हजारीबाग की सिविल जज जूही कुमारी, अंचलाधिकारी मनोज कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भास्कर राज ने किया। इस अवसर पर सिविल जज जूही कुमारी ने कहा कि इस प्रकार के विधिक जागरूकता शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब, कमजोर एवं पीड़ित लोगों तक निःशुल्क कानूनी सेवा एवं न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को न्याय प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को हजारीबाग में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा प्रत्येक तीसरे माह के द्वितीय शनिवार को नेशनल तिमाही विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि अगला नेशनल तिमाही शिविर 13 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।

**लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं की परिसंपत्तियों का वितरण**

शिविर के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच लगभग 31 लाख 74 हजार रुपये की परिसंपत्तियों एवं सहायता का वितरण किया गया। इसमें जेएसएलपीएस के 20 महिला समूहों को 30 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं आवास योजना के तहत लाभुकों को सहायता उपलब्ध कराई गई।

इसके अलावा 7 केसीसी लाभुकों एवं 22 मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभुकों को करीब 9 लाख 87 हजार रुपये की सहायता/लाभ प्रदान किया गया। 15 विधवा पेंशन लाभुकों, 18 वृद्धावस्था पेंशन लाभुकों एवं 4 दिव्यांग पेंशन लाभुकों को भी पेंशन से संबंधित लाभ दिया गया। शिविर में 12 जॉब कार्ड, 8 जाति प्रमाण पत्र, कई नामांतरण एवं शुद्धि पत्र, भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र, एक व्हीलचेयर एवं 5 राशन कार्ड का वितरण किया गया। इसके साथ ही करीब 20 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। पशुपालन विभाग की ओर से भी जरूरतमंद लाभुकों के बीच आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने उपस्थित अतिथियों, पदाधिकारियों, कर्मियों एवं लाभुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। मौके पर राकेश कुमार, पवन कुमार, अंचल निरीक्षक (सीआई) कुलदीप सिंह, कल्याण पदाधिकारी पंकज गुप्ता, राजेश प्रसाद, प्रखंड समन्वयक सचिन कुमार, विकास कुमार, हकीम मियां, दीपक कुमार, रवि कुमार, कृष्ण कुमार, लाल बहादुर महतो, अनूप सोनवार, मनीष पाठक, कपिल तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रखंड एवं अंचल कर्मी तथा लाभुक उपस्थित थे।

## एक नजर

### विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में लगा रक्तदान शिविर: निर्मल जैन




हजारीबाग। विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर 22 अगस्त को पुराना बस स्टैंड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्यतिथि पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से लगाया गया। शिविर का उद्घाटन ब्लड मैन निर्मल जैन, आयुष विभाग के डॉ. जयकुमार, वार्ड पार्षद प्रभा गुप्ता एवं केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर का शुभारंभ सुरेंद्र गुप्ता, देवचंद यादव और संतोष कुमार ने रक्तदान कर किया। इसके बाद विनोद, किशोर भारती, मोहन, आयुष आर्यन, शशि प्रसाद, भुवनेश्वर मेहता, रमेश मेहता, पवन केसरी, कुंदन यादव, सनी सिंह, पप्पू केसरी और संजय गुप्ता सहित कुल 14 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। एसोसिएशन अध्यक्ष निर्मल जैन ने सभी रक्तदाताओं एवं आयोजकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और बताया कि इस शिविर से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को काफी राहत मिलेगी। हर्षा दीदी ने कहा कि पूरे भारत में रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं, रक्तदान महादान है। शिविर को सफल बनाने में महक, भाग्य नंदिनी, माधुरी प्रसाद, जया श्रीवास्तव, पिंकी केसरी, रिंकू गुप्ता, टेक्नीशियन शमशाद, पूनम कुजूर, उदय कुमार और हामिद का विशेष सहयोग रहा। शिविर के अंत में उपस्थित सभी लोगों को नशा छोड़ने की शपथ दिलाई गई।

### ईद मिलाद-उन-नबी को लेकर सिकरी ओपी में शांति समिति की बैठक, भाईचारा बनाए रखने पर जोर

बड़कागांव। बड़कागांव ईद मिलाद-उन-नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर सिकरी ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिकरी ओपी थाना प्रभारी राम कुमार राम ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में थाना प्रभारी राम कुमार राम ने कहा कि ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। पर्व के दौरान सभी लोग शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की। साथ ही किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही। शांति समिति के सदस्यों ने भी क्षेत्र में आपसी सद्भाव कायम रखने तथा शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने में प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करने का भरोसा दिलाया। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि सिकरी क्षेत्र में हमेशा से सभी समुदायों के लोग मिल-जुलकर पर्व-त्योहार मनाते आए हैं और आगे भी यह परंपरा कायम रखी जाएगी। बैठक में पृथ्वीराज गुप्ता, मोहित सिंह उर्फ मुना सिंह, रिंकू गुप्ता, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद अजगेबुल, शमशेर आलम, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद अजहरूद्दीन, रामप्रकाश महतो एवं अब्दुल मोहतली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने में गलफरबाड़ी पुलिस की पहल,फुटबॉल खिलाड़ियों को दिए फुटबॉल व जर्सी



एग्यारकुंड। गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी शेखर राज ने सामाजिक सरोकार की दिशा में पहल करते हुए सियालकनाली के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच रविवार को फुटबॉल एवं जर्सी का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करते हुए नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।ओपी प्रभारी ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।शेखर राज ने कहा कि पुलिस हमेशा समाज के साथ खड़ी है और समाज के हर वर्ग के सहयोग के लिए तत्पर रहती है। पुलिस की ओर से लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर एवं मधुर संबंध कायम करना पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। आपसी सहयोग और विश्वास से ही समाज में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्द का वातावरण मजबूत किया जा सकता है। फुटबॉल एवं जर्सी मिलने पर सियालकनाली के खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास से बच्चों का खेल के प्रति उत्साह बढ़ेगा और क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने में गलफरबाड़ी पुलिस की पहल, फुटबॉल खिलाड़ियों को दिए फुटबॉल व जर्सी



एग्यारकुंड। गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी शेखर राज ने सामाजिक सरोकार की दिशा में पहल करते हुए सियालकनाली के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच रविवार को फुटबॉल एवं जर्सी का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करते हुए नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।ओपी प्रभारी ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।शेखर राज ने कहा कि पुलिस हमेशा समाज के साथ खड़ी है और समाज के हर वर्ग के सहयोग के लिए तत्पर रहती है। पुलिस की ओर से लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर एवं मधुर संबंध कायम करना पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। आपसी सहयोग और विश्वास से ही समाज में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्द का वातावरण मजबूत किया जा सकता है। फुटबॉल एवं जर्सी मिलने पर सियालकनाली के खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास से बच्चों का खेल के प्रति उत्साह बढ़ेगा और क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

# केरेडारी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग द्वारा न्यायिक जागरूकता शिविर का आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददात




केरेडारी। केरेडारी प्रखंड सभागार में 23.अगस्त को जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग द्वारा न्यायिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ! इस कार्यक्रम में जिला से न्यायिक मध्यस्त डीएसएलए मोह्ह मोअज्जम, सीजेएम पेशकार प्रवीर कुमार सिंहा तथा सुबोध कुमार राणा का आगमन हुआ। कार्यक्रम में विपिन चंद्र विश्वासअंचलाधिकारी केरेडारी, विवेक कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी केरेडारी, पशुपालन पदाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम विपिन कुमार, प्रशासी पदाधिकारी ग्रेड-2 उमेश कुमार दास, सहायक प्रशासी पदाधिकारी सुनील कुमार सह प्रखंड सह अंचल के पदाधिकारी तथा कर्मी शामिल हुए ! शिविर में उपस्थित ग्रामीण जनता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों को कानूनी जागरूकता दी गई तथा परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जनसेवक रवि राजा द्वारा किया गया। मो. मो अज्जम, मध्यस्त, विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मुफ़्त कानूनी सहायता तथा कानूनी जागरूकता संबंधी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई । उन्होंने सड़क दुघर्टना के संदर्भ में बताया कि नए नियमों के अनुसार दुघर्टना के बाद 6 महीना के अंदर न्यायालय में केस दायर करना है। हिट एंड रन केस में सामाजिक सुरक्षा द्वारा डेथ पर 2 लाख और शारीरिक क्षति पर 50 हजार का मुवावजा मिलेगा । मोटर दुघर्टना कोर्ट हजारीबाग, रांची तथा धनबाद में है । सीनियर सिटीजन एक्ट 2007 में ऐसे माता पिता जिनको उनके पुत्र/पुत्री/बहु आदि धोखे से घर जमीन लिखवाकर घर से बाहर निकाल देते है वो अनुमंडल पदाधिकारी के यहां आवेदन देकर पुनः अपना अधिकार प्राप्त कर सकते हैं।

# मतदाता जागरूकता से मजबूत होगा लोकतंत्र, युवाओं को दी निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी

**कर्णपुरा महाविद्यालय में जिला निर्वाचन कार्यालय के सौजन्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**



उज्जवल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव में शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय, रामगढ़ के सौजन्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, आवश्यक संशोधन कराने तथा अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने की। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय, रामगढ़ की ओर से एसीएम अनुज कुमार, रुपेश कुमार उपाध्याय एवं नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा योग्य होने पर अनिवार्य रूप से मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने की अपील की।

**प्रपत्र-6, 7 और 8 की दी गई जानकारी**

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रपत्र-6, प्रपत्र-7 एवं प्रपत्र-8 के उपयोग और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रपत्र-6 के माध्यम से नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाता है। वहीं प्रपत्र-7 के माध्यम से मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया पूरी की जाती है। प्रपत्र-8 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम, पता सहित अन्य आवश्यक विवरणों में संशोधन एवं सुधार कराया जा सकता है।

# 11वें दिन भी भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा श्री 1008 शांतिनाथ महामंडल विधान

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। श्री दिगम्बर जैन पंचायत, हजारीबाग के तत्वावधान में एवं जैन महिला समाज के आयोजन में चल रहा 16 दिवसीय श्री 1008 शांतिनाथ महामंडल विधान निरंतर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक आनंद का अद्भुत संगम बना हुआ है। विधान के 11वें दिन भी श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखने को मिला। जैसे-जैसे विधान अपने समापन की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भक्तों की संख्या और भक्ति का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। प्रातःकाल भगवान श्री 1008 शांतिनाथ की प्रतिमा का भव्य अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुआ। इसके पश्चात प्रतिष्ठाचार्य पंडित दीपक जी के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक शांतिनाथ महामंडल विधान का पूजन-पाठ किया गया। प्रतिदिन 120 अर्घ्य समर्पित कर श्रद्धालु भगवान शांतिनाथ की आराधना में लीन हो रहे हैं। पूजन के दौरान भक्तिमय संगीत ने पूरे वातावरण को और अधिक आनंदमय बना दिया। शिबु ढोलक में, विकाश कैसियो वाद्ययंत्रों एवं अन्य संगीत वाद्यों की मधुर ताल ललित अजमेरा पर श्रद्धालु झूमते और गाते हुए प्रभु भक्ति में सराबोर नजर आए। महिला, पुरुष, युवा, बच्चे एवं बुजुर्ग सभी पूरे उत्साह के साथ इस पावन आयोजन में सहभागिता निभा रहे हैं।

# लोकतंत्र से टकराने की दु: साहस न करें हेमंत सरकार-डॉ रविंद्र राय

**लोकतंत्र की रक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी छात्रों के साथ हमेशा खड़ी है: पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सह पूर्व सांसद कोडरमा**

उज्जवल दुनिया संवाददाता




हजारीबाग। भारतीय जनता पार्टी, जिला कार्यालय, हजारीबाग में डॉक्टर रविंद्र राय ,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद ने प्रेस वार्ता कर कल 21 अगस्त 2026 को छात्रों द्वारा शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से पुतला दहन कार्यक्रम पूरे झारखंड प्रदेश के साथ-साथ हजारीबाग मटवारी मैदान में किया जा रहा था ।जिसमें सरकार की पुलिस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा जिस तरह का निंदनीय कार्य किया गया है। भारतीय जनता पार्टी इसकी घोर निंदा करती है। आगे डॉक्टर राय ने कहा कि छात्रों पर हमला सुनियोजित था। यह हमला रांची ,हजारीबग , गिरिडीह में विशेष तौर से की गई । हेमंत सरकार का तानाशाही तरीका कभी सफल नहीं होगा ।झारखंड में तो कभी संभव नहीं है । हेमंत सरकार का छात्र आंदोलन समाप्त करने का तरीका ही छलपूर्ण था। 25 से 30% नियुक्ति बेईमानी को बचाने के लिए 100% नौकरी समाप्त करना षड्यंत्र था। सरकार यह जानता था कि इस तरीके से कोर्ट का हस्तक्षेप होगा और नेताओं के चहेते बच जाएंगे ।इसीलिए सीबीआई जांच जरूरी है ।न्याय मांगने वालों की लाठी मिली हेमंत सरकार का सत्यानाश होना निश्चित है। इतिहास गवाह है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की गुंडागर्दी, खेत खलियान में लूट ,हिंसा और चंदा के रूप में रोड रोबरी करके अपना उल्लू सीधा करना झारखंड मुक्ति मोर्चा की पुरानी आदत है। वही चरित्र और मनोवृति फिर सामने आ रहा है ।कांग्रेस मौके का फायदा उठा रहा है और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कंधे गोली चल रहा है। सत्ता के शीर्ष पर बैठे राज्य सरकार के मुख्यमंत्री और नेताओं के द्वारा प्रायोजित तरीके से इनके लोगों द्वारा छात्रों पर हमला करवाया गया। आए दिन लोकतंत्र के तहत सांसद ,विधायक ,मंत्री ,मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री तक का पुतला दहन कर विरोध किया जाता रहा है यह भी तरीका उन्हीं का एक हिस्सा था। जिसके तहत मुख्यमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम किया जा रहा था। आक्रमणकारी ,पुलिस के संरक्षण में थे और यह कहना चाहते हैं, कि विनाश काले विपरीत बुद्धि , हेमंत सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है फूटने का समय आ गया है। लोकतांत्रिक तरीके से लड़ाई में भारतीय जनता पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है। यह चरितार्थ सिद्ध होता प्रतीत हो रहा है कि जब नाश मनुष्य पर आता है, पहले विवेक मर जाता है ।सता का दुरुपयोग करने का आदत तो कांग्रेस को पहले से था। एक तो नीम, और दूसरा करेला दोनों एक साथ हो गए हैं। प्रेस वार्ता कार्यक्रम में जिला महामंत्री सह जिला मीडिया प्रभारी,जय नारायण प्रसाद एवं जिला कार्यालय प्रभारी विवेक सिंह जी उपस्थित थे।

# महिलाओं की आत्मनिर्भरता ही विकसित भारत की मजबूत नींव : जयंत सिन्हा

**जनजातीय गौरव उत्सव में 70 महिला उद्यमियों के स्टॉलों का पूर्व वित्त राज्य मंत्री एवं पूर्व हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने किया निरीक्षण**




उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। श्री राम जानकी मठ, बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित आठ दिवसीय जनजातीय गौरव उत्सव-2026 के छठे दिन जनजातीय संस्कृति के साथ महिला उद्यमिता भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। उत्सव में विभिन्न राज्यों से पहुंचीं महिला उद्यमियों एवं महिला समूहों की ओर से करीब 70 स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर महिलाओं द्वारा तैयार कपड़े, अचार, हस्तशिल्प, सजावटी सामान, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। छठे दिन पूर्व वित्त राज्य मंत्री सह पूर्व हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा उत्सव स्थल पहुंचे। आयोजन समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर महिला उद्यमियों से उनके उत्पाद, काम और व्यवसाय से जुड़ी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन भी किए। जयंत सिन्हा ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपने हुनर और उत्पादों को बड़े मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है। महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने वाले ऐसे आयोजन आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हजारीबाग में आयोजित जनजातीय गौरव उत्सव महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में सराहनीय पहल है। ऐसे प्रयास हजारीबाग के लिए मील का पत्थर साबित होंगे और महिलाओं का हौसला बढ़ाने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में योगदान देंगे।कार्यक्रम के दौरान जयंत सिन्हा का बिरसा मुंडा जनकल्याण योजना प्रचार अभियान के प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर सावंत के द्वारा अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर विशेष स्वागत किया गया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण गुप्ता, प्रसन्न मिश्रा, पुरुषोत्तम उपाध्याय, रितेश खंडेलवाल, सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकारों का भी मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। भाजपा के प्रदेश मंत्री अमरदीप यादव, पंकज मेहता, लालकिशोर साहू, दशरथ साहू और राजेश गुप्ता को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। छठे दिन की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण गुप्ता, प्रसन्न मिश्रा, पुरुषोत्तम उपाध्याय, रितेश खंडेलवाल, सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, बिरसा मुंडा जनकल्याण योजना के प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर सावंत, सुबोध सिन्हा, हजारीबाग सदर विधायक के सांस्कृतिक कला विभाग प्रतिनिधि, उत्सव प्रभारी पूनम मिश्रा, मरियम टुडू, ज्योतिष्ण देवी, मंजू मिश्रा एवं सीमा गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्कूलों एवं कॉलेजों से जुड़े कलाकारों ने गीत, संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं। विकास सिन्हा ने ऑर्गन, सूरज दयाल ने पैड, कपिल कुमार ने नाल और सुभाष सेन ने गिटार वादन से प्रस्तुति दी। गायन में समर्थ अग्रवाल, विजय दुबे, सुरभि गुप्ता, पंकज सिन्हा, डॉ. रंजन, बबलू सिन्हा, देवांशु घोष, आरव श्रीवास्तव, हर्षल श्रीवास्तव और आदित्य रानी ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया।नृत्य प्रस्तुतियों में निशा कुमारी के एकल नृत्य ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। प्रगति सिन्हा एवं श्री मां संगीतमय की समूह नृत्य प्रस्तुति, रिद्धिम कुमारी, पल्लवी कुमारी, रूही कुमारी, बरखा रानी और देवंती कुमारी के एकल नृत्य, नेशनल पब्लिक स्कूल के सामूहिक नृत्य, कविता एवं ईशा के डुएट नृत्य, कलंगाना नृत्य विद्यालय के समूह नृत्य तथा शिव संगीत महाविद्यालय के समूह नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा।कार्यक्रम का मंच संचालन आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के तरंग ग्रुप के डायरेक्टर अमित गुप्ता एवं ट्रस्ट के सचिव प्रदीप पाठक ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर ज्ञान सागर, पंकज सिन्हा, बद्रीराम मिश्रा, सलीम रजा, शशिकांत सिन्हा, डॉ. गौतम गुप्ता, आकाशदीप, माथुर सहित शहर के कई लोग मौजूद रहे।

# आरक्षण विरोध की राजनीति से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा, साजफ ने भरी हुंकार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो।** आरक्षण और वंचित वर्गों के अधिकारों को लेकर देश में बढ़ती बहस के बीच संयुक्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी एवं माइनॉरिटी फोरम (साजफ) ने आरक्षण विरोधी आवाजों के खिलाफ तीखा रुख अख्तियार किया है। फोरम ने स्पष्ट कहा कि आरक्षण और यूजीसी से जुड़े प्रावधानों का विरोध सामाजिक न्याय की भावना पर चोट करने के साथ देश के शांतिपूर्ण सामाजिक वातावरण को बिगाड़ने वाला कदम है। सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए साजफ ने संघर्ष तेज करने का ऐलान किया।सेक्टर-4/डी स्थित रविदास




आश्रम में साजफ की केंद्रीय बैठक अध्यक्ष रामाकान्त राम की अध्यक्षता में हुई। संचालन केंद्रीय महासचिव देवानंद राम ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए रामाकान्त राम ने नीट परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली में युवाओं द्वारा किए गए आंदोलन की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक आंदोलन सरकार को उसकी गलतियों का एहसास कराने और युवाओं की आवाज को मजबूती से सामने रखने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि नौकरी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण तथा यूजीसी से संबंधित प्रावधानों का विरोध करने वालों की गतिविधियां सामाजिक सौहार्द के लिए चिंता का विषय हैं। उन्होंने आशंका जताई कि सत्ता में बैठे राजनीतिक दल जनता का ध्यान देश के वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए रणनीतिक तौर पर आरक्षण विरोधी चर्चाओं को हवा दे रहे हैं। डॉ. इंद्रदेव पासवान, राजकुमार राम, दिनेश बेसरा, जितेंद्र नारायण यादव और हसमुद्दीन राय ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक समरसता और समानता के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। साजफ ने आरक्षण एवं यूजीसी के समर्थन में जल्द कार्यक्रम आयोजित करने तथा सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूती से संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया। बैठक में ललन आनंदकर, झारीलाल पात्रा, नजीर अहमद, अशोक राम, कृष्णा कालिंदी, बबलू राम, हरेंद्र सिंह यादव, सुरेंद्र पासवान, रतलाल, राकेश कुमार, चंद्रमनी राम, वीक्की कुमार, अवधेश पासवान, प्रेमनाथ पासवान, रामाशंकर राम, सरजू प्रसाद, गोपाल राम, सच्चु रजवार, दिलीप कुमार, राजेश्वर कुमार, अंबिका राम, प्रेमशंकर पासवान, अर्जुन राम, राजेश कुमार, कृष्णा प्रसाद, बिनित कुमार, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार, संजय राम और सुकुर कालिंदी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## धनबाद में यूआईटी प्रोडक्शन ने आयोजित किया मैथिलानी सखी सावन मिलन समारोह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**धनबाद।** यूआईटी प्रोडक्शन की ओर से धनबाद मैथिलानी सखी सावन मिलन समारोह का आयोजन पुलिस लाइन स्थित होटल बोनफायर में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हरे रंग की साड़ियों में सजी महिलाओं ने सावन गीतों पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान आकर्षक गेम्स और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। मैथिलानी सखी की अध्यक्ष रीता चौधरी ने कहा कि ह्लएकता हमारी पहचान है, सहयोग हमारी शक्ति है, सम्मान हमारा संस्कार है और विकास हमारा लक्ष्य है।ह्व उन्होंने शानदार सावन मिलन समारोह के



आयोजन के लिए यूआईटी प्रोडक्शन को धन्यवाद दिया। विभिन्न आकर्षक एवं सफल इवेंट आयोजित कर चुके यूआईटी प्रोडक्शन के क्रिएटिव डायरेक्टर रामप्रवेश ने कहा कि यह उनका पहला सावन इवेंट था, जो बेहद शानदार रहा। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में नेहा, खुशबू, सोनम और अभिनव के महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार जताया। मौके पर धनबाद मैथिली सखी की अध्यक्ष रिता चौधरी, सरिता मिश्रा, नीलम मिश्रा, खुशबू कुमारी,मीनू मिश्रा, कबीता पाठक और सुनीलम मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने धनबादवासियों को हर हर महादेव के जयघोष के साथ सावन माह की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## सिपाही भर्ती 2015 मामले में अभ्यर्थियों को मिली जीत

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, चार सप्ताह के भीतर अभ्यर्थियों को नियुक्त करे सरकार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो (कसमार)।** झारखंड पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2015 में चयन प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद नियुक्ति से वंचित रह गए अभ्यर्थियों को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को बड़ी जीत मिली है। करीब एक दशक के लंबे संघर्ष और कानूनी लड़ाई के बाद शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति संजय करोल व न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह के डबल जज की खंडपीठ ने झारखंड सरकार को अगले चार सप्ताह में अभ्यर्थियों को नियुक्त करने का आदेश दिया है। अभ्यर्थियों के द्वारा दायर छः अलग अलग याचिकाओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा, राजीव नंदा, शोएब आलम, सद्दाम फिरदोस, एओआर एफ आई चौधरी, अलिनेंद्र पाण्डेय, वात्सल्य विग्या आदि ने अभ्यर्थियों का पक्ष रखा। खंडपीठ ने आदेश में कहा कि दस्तावेज सत्यापन व अभ्यर्थियों के प्रमाणीकरण करते हुए अगले चार सप्ताह के भीतर नियुक्त करने का आदेश दिया है। सिपाही बहाली मामले में नियुक्ति से वंचित रह गए अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में झारखण्ड सरकार के विरुद्ध कुल छः अलग अलग याचिकाएं दायर की थी जिसमें जितेंद्र कुमार शर्मा व अन्य (एसएलपी संख्या- 1359/2023), महताब खान व अन्य (एसएलपी संख्या- 3950/2023), विष्णु कांत पांडेय व अन्य (एसएलपी संख्या-3964/2023), प्रकाश कुमार पाण्डेय व अन्य (एसएलपी संख्या- 16380/2023), मिथिलेश कुमार महतो व अन्य (एसएलपी संख्या- 16379/2023) विशाल कुमार व अन्य (एसएलपी संख्या- 16946/2023) के याचिकाओं पर सुनवाई पूर्ण हुई। 20 और 21 अगस्त को अभ्यर्थियों का जैप 1 ग्राउंड (डोरंडा, रांची) में फिजिकल टेस्ट लिया गया। लेकिन आदेश में कहा कि उक्त प्रक्रिया 3 जून 2026 को दिए गए आदेश से मेल नहीं खाता है इसलिए सभी उम्मीदवारों को उत्तीर्ण माना जाए तथा नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए अगले चार सप्ताह के भीतर नियुक्त किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के उक्त फैसले से लगभग 800 उम्मीदवारों को लाभ मिलेगा।

## निरसा हटिया मोड़ पर दो बाइक की टक्कर, एक गंभीर घायल, अवैध पार्किंग पर उठे सवाल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**निरसा बाजार।** रविवार को निरसा हटिया मोड़ के समीप एनएच-19 पर दो मोटरसाइकिलों की जोरदार टक्कर में दो लोग घायल हो गए। हादसे में भुरकुंडा निवासी राहुल बाउरी का सिर फट गया, जबकि अंसार मोहल्ला निवासी मोहम्मद आसिक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए पास के निजी नर्सिंग होम पहुंचाया।मोहम्मद आसिक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रेफर किया। वहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें एसएनएमएमसीएच,धनबाद रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।जानकारी के अनुसार,राहुल बाउरी और मोहम्मद आसिक एसी रिपेयरिंग मिस्त्री का काम करते हैं। दोनों निरसा हटिया की ओर से अपने घर अंसार मोहल्ला की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक से उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई।

## 30 घंटे के आंदोलन के बाद बनी सहमति, मृतक के परिजन को 8 लाख मुआवजा और नियोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो (चास/सियालजोरी)।** मृतक दुर्गा चरण महतो के परिजनों को न्याय और मुआवजे की मांग को लेकर करीब 30 घंटे से चल रहा आंदोलन शनिवार देर रात समझौते के बाद समाप्त हो गया। रात करीब तीन बजे ईएसएल वेदांता प्रबंधन, मृतक के परिजनों और सियालजोरी थाना प्रभारी रंजीत यादव की मौजूदगी में हुई वार्ता में दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी। वार्ता के दौरान प्रबंधन ने मृतक के



परिजनों को 8 लाख रुपये मुआवजा देने तथा परिवार के एक सदस्य को नियोजन देने पर सहमति जताई। प्रबंधन के प्रस्ताव पर मृतक के परिजनों ने अपनी सहमति दे दी। इसके बाद करीब 30 घंटे से जारी आंदोलन को समाप्त कर दिया गया। वार्ता के दौरान सभी पक्षों ने संयम और संवेदनशीलता के साथ बातचीत कर मामले का समाधान निकालने का प्रयास किया। देर रात सहमति बनने के बाद आंदोलन समाप्त होने से स्थिति सामान्य हुई। मृतक दुर्गा चरण महतो के निधन से परिजनों और समर्थकों में शोक का माहौल है। परिजनों ने तय समझौते के अनुसार मुआवजा और नियोजन की प्रक्रिया जल्द पूरी किए जाने की उम्मीद जताई है।

## सिलाई का हुनर बनेगा कमाई का जरिया, बोकारो की 50 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के हाथों को हुनर और हुनर को रोजगार से जोड़ने की पहल शुरू हुई है। डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) ने गोराबाली साउथ पंचायत के बिरसुपुर गांव में टेलरिंग ट्रेनिंग सेंटर शुरू किया है। यहां दो बैच में 50 महिलाएं सिलाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण ले रही हैं। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद महिलाएं घर से सिलाई का काम शुरू कर हर माह करीब छह हजार रुपये तक कमाई कर सकती हैं। डालमिया भारत लिमिटेड की सीएसआर इकाई डीबीएफ की इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को ऐसा हुनर देना है, जिसे कम लागत में घर या गांव में ही रोजगार का साधन बनाया जा सके। इससे महिलाएं परिवार की आय बढ़ाने के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी और आगे चलकर अपना छोटा टेलरिंग व्यवसाय भी शुरू कर सकेंगी। यूनिट हेड-बोकारो सुनील कुमार भुसारी ने कहा कि टेलरिंग कम लागत में शुरू होने वाला ऐसा काम है, जिसे स्थानीय स्तर पर आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। महिलाओं को हुनर और अवसर मिलने से इसका सकारात्मक प्रभाव परिवार के साथ पूरे समुदाय की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। टेलरिंग सेंटर का उद्घाटन एलडीएम बोकारो प्रकाश मिश्रा ने किया। मौके पर जीएम डीआईसी सुदीप सिन्हा, डीडीएम नाबार्ड सुनिता, जेएसएलपीएस की डायरेक्टर नेहा पराशर, डीसीबीएल बोकारो के एचआर प्रमुख संजय झा, टेक्निकल हेड विनोद कुमार सिंह सहित प्रशासन, बैंकिंग और विकास संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में डीसीबीएल बोकारो के एचआर प्रमुख संजय झा, टेक्निकल हेड विनोद कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं मुखिया एवं पीआरआई प्रतिनिधि गणेश ठाकुर विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## कावेरी रेजिडेंसी में महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

**बोकारो (चीरा चास)।** चीरा चास स्थित कावेरी रेजिडेंसी सोसायटी में शनिवार को महिलाओं की ओर से सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोसायटी की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गीत-संगीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। सावन के रंग में रंगी महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में झारखंड की लोक संस्कृति की झलक पेश करते हुए झूमर की मनमोहक प्रस्तुति दी। महिलाओं ने सामूहिक रूप से सावन के गीत गाए और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम में आरती सिंह, नेहा सहगल, पूजा ओझा, किरण, प्रभा प्रजापति, रूही, ममतेश सिंह, रचना पांडेय, स्मृति, अनु सहित सोसायटी की कई महिलाएं मौजूद रहीं। इस अवसर पर सोसायटी के सचिव ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चीरा चास महिला सुरक्षा के क्षेत्र में बोकारो में बेहतर स्थिति में है और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से महिलाओं की सहभागिता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। राष्ट्रगान के साथ सावन महोत्सव का समापन हुआ।

## खनिज संशोधन विधेयक के खिलाफ सड़क से सदन तक आंदोलन करेगा झामुमो




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो ।** झामुमो केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार बोकारो महानगर समिति की अहम बैठक सेक्टर-9 स्थित मधुडीह कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अशोक हेम्ब्रम ने की, जबकि संचालन मिथुन मंडल ने किया। बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक-2026 पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित विधेयक से झारखंड के आर्थिक हित प्रभावित होंगे और राज्य को मिलने वाले राजस्व पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने राज्य के बकाया राजस्व के मुद्दे को भी उठाया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। पार्टी नेताओं ने कहा कि झारखंड के अधिकार, प्राकृतिक संसाधनों और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए झामुमो संघर्ष जारी रखेगा। इसके लिए पार्टी चरणबद्ध तरीके से सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। बैठक में महानगर सचिव मदन महतो, उपाध्यक्ष मनोज हेम्ब्रम, प्रवक्ता सह वरीय नेता राकेश सिन्हा, राजकुमार सोरेन, युवा नेता अजय हेम्ब्रम, झामुमो छात्र मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सौरभ भट्ट, सुरेंद्र राज, जिला सोशल मीडिया सदस्य विक्की महतो, उदय चंद कुंभकार, पुराण महतो, फिरोज अहमद, धनेश तुरी, सोहन मुर्मू, जितन मांझी, जीवन मांझी, श्रेष्ठ ठाकुर, भागीरथ दिगार, संजीव झा, अनिल तुरी, राम स्वरूप चौधरी, मनोज रजक सहित महानगर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### जलावन के बीच छिपी थी मौत, सांप के डंसने से 25 वर्षीय महिला की मौत



**गोमिया।** बरसात के मौसम में घर के आसपास रखे जलावन और अन्य सामान को बिना जांचे उठाना जानलेवा साबित हो सकता है। गोमिया प्रखंड के तुलबुल पंचायत अंतर्गत बंदरदौरीया टोला में शनिवार शाम जलावन लेने गई 25 वर्षीय महिला की जहरीले सांप के डंसने से मौत हो गई। मृतका की पहचान हरी प्रजापति की पुत्री सुमन कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुमन शनिवार शाम खाना बनाने की तैयारी कर रही थी। चूल्हा जलाने के लिए वह जलावन लेने गई थी। इसी दौरान जलावन के बीच हाथ डालते ही वहां छिपे सांप ने उसे डस लिया। सर्पदंश के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल उसे गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल में परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को भी दी गई। इधर, सूचना मिलने पर गोमिया थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरसात में बढ़ जाता है सर्पदंश का खतरा गोमिया थाना प्रभारी प्रफुल्ल महतो ने ग्रामीणों से बरसात के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सांप अक्सर जलावन, सूखी लकड़ियों, झाड़ियों और पुराने सामान के बीच छिपे रहते हैं। इसलिए ऐसे सामान को उठाने से पहले अच्छी तरह जांच कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्पदंश की स्थिति में घबराने या झाड़-फूंक के चक्कर में समय गंवाने के बजाय पीड़ित को तत्काल अस्पताल पहुंचाना चाहिए। समय पर चिकित्सकीय उपचार मिलने से सर्पदंश के कई मामलों में जान बचाई जा सकती है।

### दुबई में फंसा बगोदर का प्रवासी मजदूर, पांच दिनों से मोबाइल बंद



**गोमिया।** रोजी-रोटी की तलाश में विदेश गए प्रवासी मजदूरों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत अटका गांव निवासी प्रवासी मजदूर रामेश्वर दास के दुबई में फंसे होने का मामला सामने आया है। पिछले पांच दिनों से परिजनों का उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है और मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिलने से परिवार की चिंता बढ़ गई है। परिजनों के अनुसार, रामेश्वर दास 6 मई 2026 को एक ठेकेदार के माध्यम से टूरिस्ट वीजा पर दुबई गया था। विदेश पहुंचने के बाद से ही वह वहां परेशानियों का सामना कर रहा है। परिजनों का दावा है कि करीब चार महीने से वह भारत लौटने का प्रयास कर रहा है, लेकिन अब तक उसकी सुरक्षित वापसी नहीं हो सकी है। बताया गया कि रामेश्वर को कर्ज लेकर विदेश भेजा गया था। परिवार को उम्मीद थी कि दुबई में काम कर वह आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद करेगा। लेकिन पिछले पांच दिनों से उससे बातचीत नहीं होने के कारण परिजन किसी अनहोनी की आशंका से चिंतित हैं। इधर, प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सिकंदर अली अटका गांव पहुंचे और रामेश्वर के परिजनों से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया और रामेश्वर की सुरक्षित वतन वापसी के लिए संबंधित स्तर पर पहल करने की बात कही। सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग रामेश्वर के परिजनों ने सरकार, विदेश मंत्रालय और संबंधित विभागों से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि दुबई में रामेश्वर की स्थिति का जल्द पता लगाया जाए और उसकी सुरक्षित भारत वापसी सुनिश्चित कराई जाए, ताकि परिवार की चिंता दूर हो सके।

### 10 तरह के होते हैं शिवलिंग, सबकी अलग तरह से होती है पूजा और मिलता है अलग फल आचार्य दिलीप पाण्डेय

सावन महीना के अंतिम सोमवार और कर भगवान के आराधना सावन का महीना भगवान शिव का महीना होता है। इस महीने में भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर उनके भक्त उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश करते हैं। इतना ही नहीं, बहुत से भक्त जब तक सावन का महीना चलता है तब तक वह रोज शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं और उस पर बेलपत्र आदि चढ़ाते हैं। ऐसी मान्यता है कि सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की पूजा, व्रत और शिवलिंग पर जल व बेलपत्र चढ़ाने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। मगर, क्या आपको पता है कि किस शिवलिंग की पूजा कैसे करनी चाहिए? जी हां, आप सही समझ रहे हैं। शिवलिंग के कई प्रकार होते हैं। हर शिवलिंग अलग तरह का फल देता है और उसकी पूजा का तरीका भी अलग होता है। आपको बता दें कि शिव पुराण में 10 तरह के शिवलिंग बताए गए हैं। पारद शिवलिंग अगर आप सावन के महीने में रुद्राभिषेक करवाना चाहते हैं तो आपको पारद शिवलिंग का अभिषेक करवाना चाहिए। अगर आप पारद शिवलिंग का रुद्राभिषेक करवाते हैं तो आपके जीवन में हमेशा सुख-शांति बनी रहेगी। इतना ही नहीं, महिलाएं अगर इस शिवलिंग की पूजा करती हैं तो उनको सौभाग्य प्राप्त होगा। आपको बता दें कि यह शिवलिंग बेहद छोटे होते हैं और आप इन्हें अपने घर, ऑफिस, दुकान में रख सकती हैं। इस शिवलिंग को स्थापित करने से पहले इसकी पूजा जरूर करें। मिश्री शिवलिंग चीनी या मिश्री से बने शिवलिंग को मिश्री शिवलिंग कहा जाता है। अगर आपके घर में किसी की तबीयत खराब है तो आपको रोजाना मिश्री से बने शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए। इससे रोगी का रोग दूर होता है। जौं और चावल के शिवलिंग अगर आप बहुत समय से संतान के लिए प्रयास कर रहे हैं तब भी आपको जौं और चावल से बने शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए। भस्म शिवलिंग उज्जैन में बने महाकालेश्वर मंदिर में जो शिवलिंग है, उसकी भस्म आरती प्रसिद्ध है। मगर यह भी बता दें कि भस्म से बने शिवलिंग की भी पूजा होती है। यह शिवलिंग अधिकतर अघोरी बाबा लोग सिद्धियों को प्राप्त करने के लिए बनाते हैं। घर में भस्म से बने शिवलिंग की पूजा कभी भी नहीं करनी चाहिए। गुड़ के शिवलिंग जैसे चीनी के शिवलिंग होते हैं, वैसे ही गुड़ और अन्न को मिलाकर भी शिवलिंग बनाए जाते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपके घर में कभी अन्न की कमी न हो या आपके खेत में खूब अन्न उपजे तो आपको हमेशा गुड़ और अन्न के बने शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए। फल और फूल के बने शिवलिंग फल और फूल से भी शिवलिंग बनाए जा सकते हैं। अगर आपको प्रॉपर्टी से जुड़ी कोई समस्या सता रही है तो आपको फल और फूल से बने शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए। इससे आपकी प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्या दूर हो जाएगी। सोने या चांदी के शिवलिंग वैसे ऐसा कम ही देखा गया है कि कोई सोने या चांदी के बने शिवलिंग की पूजा करता हो। मगर आपको अपने घर में वैभव चाहिए तो आपको सोने और चांदी के शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए। मिट्टी के शिवलिंग अगर आप किसी ऐसे स्थान पर रहते हैं।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI NO. - JHAHIN/2014/59794

# जिले में बाढ़ की संभावित स्थिति को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंजः** जिले में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे ने रविवार को गुगल मीट के माध्यम से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जहां ओझाटोली घाट पर गंगा का जलस्तर लगभग 27.25 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान के समतुल्य है। वही आगामी 1 से 2 दिनों में जलस्तर और बढ़ने की संभावना को देखते हुए उपायुक्त ने तत्काल फ्लड रिस्पांस मेजर्स लागू करने का निर्देश दिया। वही उन्होंने साहिबगंज, राजमहल एवं उधवा में राहत शिविर तैयार करने, स्वच्छ पेयजल, भोजन, सूखा राशन, दरी गद्दा, प्रकाश एवं शौचालय, बच्चों के लिए बेबी मिल्क पाउडर तथा मवेशियों के लिए बिचाली कुट्टी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वही तटवर्ती एवं दियारा क्षेत्रों में माइकिंग कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए जागरूक करने को कहा गया। साथ ही साथ तत्काल रसद पानी का वितरण प्रारंभ करने का निर्देश दिया। आगे उन्होने निर्देश दिया कि स्थानीय मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं थाना प्रभारियों के माध्यम से प्रभावित लोगों से अपील की जाए कि वे सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर चले जाए। उधर बचाव कार्य हेतु नावों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नावों में लाइफ जैकेट पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। वही स्वास्थ्य विभाग को ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, एंटी वेनम की पर्याप्त उपलब्धता एवं बोट एम्बुलेंस तैयार रखने को कहा गया। वही सभी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में दवा एवं आवश्यक चिकित्सकीय सामाग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने निर्देश दिया कि किसी प्रकार के स्वास्थ्य आकस्मिकता की सूचना प्राप्त होते ही मेडिकल टीम बिना किसी विलंब के बोट एम्बुलेंस एवं जिला प्रशासन के मोटर बोट के माध्यम से प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे और आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए। वही पशुपालन पदाधिकारी को मवेशियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पर्याप्त संख्या में मेडिकल टीम उपलब्ध रखने एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उधर विस्थापित मवेशियों के लिए राहत केंद्र, शेड एवं चारे की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही साथ गुमानी नदी के फाटकों से नियंत्रित तरीके से जल निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि नदी के निचले हिस्सों में बाढ़ की संभावना कम हो सकें। आगे उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित बाढ़ की स्थिति में प्रशासन का प्रत्येक तंत्र अलर्ट मोड में रहे। जहां सभी विभाग आपसी सामंजस्य, त्वरित निर्णय एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रभावित लोगों तक राहत, बचाव, भोजन, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। आगे उन्होंने कहा कि ह्लआपदा की स्थिति में हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता जनजीवन की सुरक्षा है जहां किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस बैठक में अपर समाहर्ता विजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, नगर पंचायत राजमहल कार्यपालक पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी सम्मलित हुए।

## बड़ी कोदरजन्ना में किया गया बिजली मीटर का सर्वेक्षण कर मैपिंग




उज्जवल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंजः** सदर प्रखंड क्षेत्र के बड़ी कोदरजन्ना में रविवार को प्राइवेट कंपनी के द्वारा जीपीएस मैप से सभी बिजली उपभोक्ताओं का बिजली का मीटर नंबर कंपनी स्थिति का मैपिंग किया गया। साथ ही साथ बिजली मीटर चालू है या बंद है इसे भी देखा गया है। इसके अलावा बिजली पोल एवं ट्रांसफार्मर की संख्या के साथ दूरी का भी आकलन किया गया। साथ ही साथ बिजली खंभे में लगे हुए भेपर लाइट की संख्या का भी आकलन किया गया। इस कार्य में प्राइवेट कंपनी के द्वारा सात सदस्यीय टीम को कार्य करते हुए देखा गया। वही सर्वे का कार्य कर रही टीम ने बताया कि इस कार्य को करने के लिए इसकी सूचना कंपनी के द्वारा बिजली विभाग को दी गई है।

## 3री सब जूनियर झारखंड राज्यस्तरीय एथलेटिक्स चैंपियन एथलीटों के साहिबगंज लौटने पर हुआ जोरदार स्वागत

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंजः** झारखंड एथलेटिक्स संघ, रांची एवं धनबाद जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा 21 से 22 अगस्त 2026 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, धनबाद में संपन्न 3री सब जूनियर झारखंड राज्यस्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में साहिबगंज जिला टीम के द्वारा कुल 7 स्वर्ण, 4 रजत एवं 2 कांस्य समेत 13 पदक के साथ ऑवर ऑल विजेता बन साहिबगंज लौटने पर विजेता टीम के एथलीटों का रेलवे स्टेशन पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, जिला एथलेटिक्स संघ के सदस्यों एवं खेलप्रेमियों के द्वारा माला पहनाकर व मिठाई बांटकर जोरदार स्वागत किया गया। विदित हो लगातार दूसरे वर्ष ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए जिले के एथलीटों ने 24 जिलों के बीच अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बन साहिबगंज लौटे हैं। इस मौके पर आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के कोच योगेश यादव, टीम मैनेजर निमाई चौधरी, अमन कुमार, प्रिंस कुमार, आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु समेत खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## पुत्रदा एकादशी पर खाटू श्याम का निकला भव्य निशान यात्रा

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंजः** श्रावण मास के पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर रविवार को पुरोहित महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में शहर के चौक बाजार स्थित डाकीनाथ महादेव मंदिर के ठाकुरबाड़ी प्रांगण से प्रभु श्री खाटू श्याम का भव्य निशान यात्रा निकाला गया। जहां निशान यात्रा में भक्त जय श्री श्याम, खाटू श्याम जी का जयकारा लगाते हुए महिला पुरुष भक्त हाथों में श्याम जी का निशान लिए चौक बाजार, गांधी चौक, बाटा रोड, धर्मशाला चौक, महाजन पट्टी, गोपालपुल, भरतिया कॉलोनी होते हुए पुरुषोत्तम गली स्थित श्याम मंदिर पहुंचकर निशान यात्रा संपन्न हुआ। वही खाटू श्याम मंदिर के पुरोहित सोनू पांडे ने एकादशी व्रत का कथा पूजन पाठ किया। इस मौके पर अंकित केजरीवाल, अंकित शर्राफ, प्रियंका, वर्षा अग्रवाल, काजल, दीपशिखा कुमारी, सृष्टि, अमृता, पल्लवी कुमारी, श्रेया मुरारका, संगीता सहित अन्य श्याम भक्त उपस्थित थे।

## दिग्घी से पतना चौक तक नवनिर्मित सड़क कुछ ही महीनों में हुई खराब, निर्माण कार्य पर उठ रहे कई सवाल



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**बरहरवा/पतनाः** दिग्घी से पतना चौक तक नवनिर्मित सड़क के कुछ ही महीनों में जगह जगह खराब होने की शिकायत सामने आई है। जहां सड़क की सतह टूटने और उखड़ने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। वही निर्माण के दौरान संवेदक, जेई और एई की ओर से मानकों के अनुरूप काम कराने के दावे किए गए थे, लेकिन अब सड़क की स्थिति उन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। जहां स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण की तकनीकी जांच कराने, दोषी पाए जाने पर संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने तथा निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। वही लोगों का कहना है कि सरकारी राशि से बनी सड़क यदि कुछ ही महीनों में खराब हो जाए तो यह जनता के पैसे की सीधी बबार्दी है। जहां जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और गुणवत्ता रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग उठ रही है।

# राजमहल गंगा क्षेत्र की भू-विविधता के वैज्ञानिक आकलन के लिए ह्यजियो-राजमहल परियोजना को मंजूरी

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंजः** झारखंड सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद ने राजमहल पहाड़ियों और गंगा नदी प्रणाली से जुड़े पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र की भू-विविधता के वैज्ञानिक अध्ययन एवं मूल्यांकन के लिए एक महत्वपूर्ण बहुविषयक शोध परियोजना को मंजूरी प्रदान की है। जहां इस परियोजना का नाम ह्लजियो-राजमहलह्व रखा गया है। उधर यह परियोजना झारखंड के पूर्वोत्तर छोर, जिसे सामान्यतः संथाल क्षेत्र के रूप में जाना जाता है, में राजमहल पहाड़ियों, गंगा नदी प्रणाली, जैव विविधता, जीवाश्म संपदा तथा पुरातात्विक विरासत के विभिन्न पहलुओं का व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण करेगी। परियोजना को 36 महीनों की अवधि में चरणबद्ध रूप से क्रियान्वित किया जाएगा। जहां परियोजना के प्रधान अन्वेषक आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के अनुप्रयुक्त भूविज्ञान विभाग के प्रो. दीपक कुमार झा हैं, जबकि सह प्रधान अन्वेषक सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के साहिबगंज कॉलेज के भूविज्ञान विभाग के भू वैज्ञानिक सह पर्यावरणविद् डॉ. रंजीत कुमार सिंह हैं। वही इस परियोजना में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण रांची की वरिष्ठ भूवैज्ञानिक सुश्री श्रेया श्रेय का भी महत्वपूर्ण सहयोग शामिल है, जो आईआईटी (आईएसएम), धनबाद में प्रो. झा के मार्गदर्शन में अंशकालिक पीएचडी शोधार्थी भी हैं। जहां यह साहिबगंज जिले एवं साहिबगंज कॉलेज के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। वही यह जिले एवं साहिबगंज कॉलेज से संबंधित भू-विज्ञान के क्षेत्र में प्राप्त पहली महत्वपूर्ण शोध परियोजना है, जिसमें डॉ. रंजीत कुमार सिंह सह प्रधान अन्वेषक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वही डॉ. सिंह लंबे समय से राजमहल पहाड़ियों की भूगर्भीय विरासत, पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता तथा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं वैज्ञानिक अध्ययन के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। जहां उन्होंने राजमहल क्षेत्र की भू-विरासत और पर्यावरणीय महत्व से संबंधित विषयों पर अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रों का लेखन किया है, जिनमें से कई शोध पत्र प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं तथा अन्य शोध प्रकाशनाधीन हैं। उनका यह शोध एवं वैज्ञानिक अनुभव ह्यजियो-राजमहलह्व परियोजना के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वही राजमहल की पहाड़ियाँ अपनी समृद्ध खनिज संपदा, घने जंगलों और दुर्लभ भूगर्भीय विरासत के लिए जानी जाती हैं। उधर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के द्वारा पूरे राजमहल क्षेत्र में दुर्लभ क्रिटेशियस युगीन पादप जीवाश्मों की पहचान की गई है। जहां यह क्षेत्र झारखंड के वर्तमान साहिबगंज, दुमका, गोड्डा और पाकुड़ जिलों के साथ साथ पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों तक विस्तृत है।

## संक्षिप्त खबरें

### साहेब टोला में 7.54 करोड़ की बोल्डर क्रेटिंग का हिस्सा गंगा में समाया, निर्माण कार्य पर उठे सवाल



**साहिबगंजः** उधवा प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी प्राणपुर पंचायत स्थित साहेब टोला में गंगा पंप नहर विभाग की ओर से करीब 7.54 करोड़ रुपए की लागत से 1200 मीटर बोल्डर क्रेटिंग का निर्माण कराया जा रहा है। इसी निमार्णाधीन योजना का एक हिस्सा रविवार की सुबह अचानक ध्वस्त होकर गंगा नदी में समा गया। जहां इस घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उधर स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बोल्डर क्रेटिंग निर्माण का कार्य वर्ष 2025 से चल रहा है। जहां ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता मानकों की अनदेखी किए जाने की शिकायत पहले भी सामने आती रही है। वही उनका कहना है कि लाखों रुपए की लागत से तैयार किया गया हिस्सा गंगा के तेज बहाव को नहीं झेल सका और देखते ही देखते नदी में समा गया। वही घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहाहै। जहां वीडियो सामने आने के बाद इलाके में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और योजना में कथित अनियमितताओं को लेकर चर्चा तेज हो गई है। जहां ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग जिला प्रशासन से की है। वही ग्रामीणों का कहना है कि जांच के दौरान निर्माण में इस्तेमाल सामग्री, कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और योजना की पूरी प्रक्रिया की जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। अब देखना यह है कि करोड़ों रुपए की इस महत्वपूर्ण योजना के निर्माण कार्य में हुई कथित अनियमितताओं को लेकर जिला प्रशासन और संबंधित विभाग क्या कदम उठाता है। फिलहाल, बोल्डर क्रेटिंग के ध्वस्त होने से योजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### नगर पुलिस ने चोरी के 9 साईकिल के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**साहिबगंजः** नगर थाना क्षेत्र में साईकिल चोरी की घटनाओं के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जहां स्थानीय लोगों की सतर्कता से एक संदिग्ध चोर पकड़ा गया, जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। उधर पुलिसिया पूछताछ में आरोपी की पहचान बिहार राज्य के भागलपुर जिले के कोड़ा समरपुर निवासी छोटू कुमार मंडल के रूप में हुई है। जहां मामले को लेकर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि पूछताछ में छोटू कुमार मंडल ने शहरी क्षेत्र से कई साईकिल चोरी करने की बात स्वीकार की है। मिली जानकारी के अनुसार चोरी की साइकिलों को साहिबगंज के आसपास के क्षेत्रों में बेच दिया जाता था। जहां आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 9 साइकिल बरामद की हैं। वही आरोपी छोटू कुमार मंडल दोबारा चोरी की नीयत से झरना कॉलोनी के आसपास घूम रहा था। जहां स्थानीय लोगों ने उसे पहचान लिया और पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जहां नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### एसएनसीयू वार्ड में भर्ती नवजात शिशु का वजन बढ़ने के बाद परिजनों को सौंपा




**साहिबगंजः** सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती एक किलोग्राम वजन के नवजात शिशु को स्वस्थ होने के बाद रविवार को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार राज्य के कहलगांव निवासी इमरान खान की पत्नी रेशमा परवीन की नॉर्मल डिलीवरी कहलगांव के एक निजी अस्पताल में बीते दिनों हुई थी। जहां गर्भवती महिला का प्रसव 7 महीने में ही हो गया था। वही नवजात शिशु की स्थिति काफी काफी गंभीर थी जिसे निजी अस्पताल ने हायर सेंटर रेफर कर दिया था। उधर रेशम के पति इमरान खान ने बताया कि नवजात शिशु की स्थिति काफी गंभीर थी जहां उन्हें किसी ने बताया कि साहिबगंज जिले के सदर अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड में बेहतर और निशुल्क उपचार होता है। जहां उन्होंने बिना वक्त गवाएं 29 जुलाई को जच्चा और बच्चा दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया और लगातार 25 दिनों तक जच्चा व बच्चा का इलाज चिकित्सकों के देखरेख में चलते रहा। जहां चिकित्सकों के देखरेख में उनके नवजात शिशु का वजन पहले से बढ़कर 1.400 किलोग्राम हो गया। आगे उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू वार्ड में उनके नवजात शिशु का इलाज शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. फरोग हसन एवं एसएनसीयू इंचार्ज राजेश कुमार यादव के देखरेख में हुआ है। जहां लंबे समय तक सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में इलाज करवाने के बाद उनके नवजात शिशु को पूरी टीम से स्वस्थ होने के बाद डॉक्टर से परमिशन लेकर डिस्चार्ज करवाया है। वही सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. देवेश कुमार ने बताया कि निश्चित रूप से सदर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए एवं एसएनसीयू वार्ड में भर्ती नवजात शिशुओं के लिए आयुष्मान के तहत निशुल्क इलाज किया जाता है और कई प्रकार के भी इलाज निशुल्क हो रहा है। वही जिला से सदर अस्पताल में लोग इलाज करने आते हैं जहां उनकी पहली प्राथमिकता होती है कि कोई भी बिना इलाज कराए सदर अस्पताल से न लौटे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**पूर्वी सिंहभूमः** गोलमुरी थाना क्षेत्र के पानी टंकी के समीप शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में 37 वर्षीय सुशील शाह की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सुशील बाइक से तेज रफ्तार में जा रहे थे। इसी दौरान अचानक वाहन पर से उनका नियंत्रण हट गया और बाइक सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुशील गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। पास से गुजर रहे एक ऑटो चालक और गोलमुरी थाना प्रभारी संजय सुमन मौके पर पहुंचे।

## संपादकीय

### स्त्री विमर्श : 'मनुस्मृति' पर अज्ञानता

राहुल गांधी ने पुणे के एक कार्यक्रम में मनुस्मृति के एक चर्चित श्लोक, 'न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति' का उल्लेख करते हुए उसके आधार पर मनुस्मृति की स्त्री-विषयक दृष्टि पर सवाल उठाया। अब असल प्रश्न यह है कि क्या किसी भी प्राचीन ग्रंथ का मूल्यांकन उसके एक अंश को संदर्भ से अलग करके किया जा सकता है? उपलब्ध सामग्री के अध्ययन के आधार पर यही निष्कर्ष निकलता है कि राहुल गांधी की स्त्री विषयक टिप्पणियों में गंभीर वैचारिक दोष है, ऐसे में लगता यही है कि या तो अज्ञानी है या फिर जानबूझकर झूठ बोल कर भारत की नारी शक्ति को भ्रम में डालकर कल्चरल मार्क्सवाद की ओर ढकेल देना चाहते हैं, जिसमें वे मुक्ति के नाम पर अपना शोषण करवाने की टूल किट बन सकें। वास्तव में मनुस्मृति को समझने के लिए उसके पूरे सामाजिक और विधिक संदर्भ को देखना आवश्यक है। मनुस्मृति में स्त्री के सम्मान, मातृत्व, स्त्रीधन, पारिवारिक उत्तरदायित्व और वैवाहिक निष्ठा को लेकर अनेक स्पष्ट विधान मिलते हैं, इसलिए 'न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति' को पूरे ग्रंथ का प्रतिनिधि वाक्य मान लेना एकांगी निष्कर्ष होगा। मनुस्मृति के तीसरे अध्याय का प्रसिद्ध श्लोक है, “यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः” अर्थात जहाँ नारियों का सम्मान होता है, वहाँ देवताओं का निवास माना गया है और जहाँ उनका सम्मान नहीं होता, वहाँ किए गए कर्म निष्फल हो जाते हैं। यह श्लोक स्त्री को परिवार और सामाजिक जीवन की गरिमा के केंद्र में रखता है। यहाँ एक महत्वपूर्ण बात समझने की आवश्यकता है। स्त्री के सम्मान और उसकी सुरक्षा को सामाजिक दायित्व मानना अपने आप में स्त्री-विरोधी दृष्टिकोण नहीं कहा जा सकता। मनुस्मृति में माता के गौरव को अत्यंत ऊँचा स्थान दिया गया है। दूसरे अध्याय के 145वें श्लोक में माता को पिता से भी अधिक सम्मान का अधिकारी बताया गया है, 'सहस्त्रं तु पितृन्माता गौरवेणातिरिच्यते।'

### आज का राशिफल

मेष- आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है।

वृष - संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

मिथुन - पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी।

कर्क - मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

सिंह- निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

कन्या - कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

तुला - ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

वृश्चिक - विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

धनु - अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा।

मकर - ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है।

कुम्भ- हरि करे सो खरी। अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

मीन- मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

### दैनिक पंचांग

**24 अगस्त 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2026 वर्ष का 236 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083
**शक संवत्** 1948
**मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी अहोरात्र।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 20.28 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 07.05 बजे को समाप्त।
**करण** बव 17.23 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर $11^{0}10'$
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872811
**जूलियन दिन** 2461276.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** रवि उलावल
**तारीख** 10
**विशेष** चतुर्थ श्रावण सोमवार।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 07.25 बजे से |
| चंद्र | धनु में | तुला | 09.36 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 11.51 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 14.07 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मकर | 16.12 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 17.58 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 19.31 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 21.02 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 22.42 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | मिथुन | 00.40 बजे से |
| | | कर्क | 02.53 बजे से |
| | | सिंह | 05.10 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# वन्दे मातरम् : राष्ट्रभाव, राष्ट्रीय सम्मान और 2026 का नया कानूनी संरक्षण



- डॉ. प्रियंका सौरभ




'वन्दे मातरम्' का अल्प विरोध भी दिमागी नक्सलवाद और अलगाववादी मानसिकता का प्रतीक है। यह कहना तभी सार्थक होगा जब हम इस कथन को राजनीतिक आरोप के बजाय राष्ट्रभाव, इतिहास और संवैधानिक कर्तव्य के व्यापक संदर्भ में समझें। “वन्दे मातरम्” भारत के राष्ट्रीय जीवन का कोई सामान्य गीत नहीं है। बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय की यह रचना उन्नीसवीं शताब्दी में जन्मी, स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रीय चेतना का शक्तिशाली उद्घोष बनी और स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय गीत के रूप में प्रतिष्ठित हुई। इसका पहला ज्ञात प्रकाशन 7 नवम्बर 1875 को बांगदर्शन में हुआ और बाद में 1882 में आनन्दमठ में इसे सम्मिलित किया गया। 1896 में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने इसे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में गाया और 1905 के स्वदेशी आंदोलन के दौरान यह औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध राष्ट्रीय प्रतिरोध का प्रमुख उद्घोष बन गया, इसलिए “वन्दे मातरम्” को दो शब्दों के शाब्दिक अर्थ में सीमित करके देखना उसके डेढ़ शताब्दी के राष्ट्रीय इतिहास को नजरअंदाज करना होगा। “माता” यहाँ मातृभूमि का प्रतीक है। वह भूमि जिसने अपने संतानों को जन्म दिया, उनका पालन किया और जिसके लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित किया। तथ्यात्मक ईमानदारी यह भी मांग करती है कि हम यह स्वीकार करें कि मूल विस्तृत कविता के बाद के पदों में दुर्गा, कमला और वाणी जैसे हिन्दू धार्मिक सांस्कृतिक प्रतीकों का प्रयोग हुआ है। इसलिए किसी धार्मिक व्यक्ति को इन पदों के प्रति अपनी धार्मिक संवेदना व्यक्त करने का अधिकार है। इस तथ्य से “वन्दे मातरम्” के राष्ट्रीय और ऐतिहासिक अर्थ समाप्त नहीं हो जाते। यहीं साहित्य और राजनीति के बीच का अंतर समझना आवश्यक है। कविता में रूपक, मानवीकरण, प्रतीक और सांस्कृतिक बिम्बों का प्रयोग होता है। राष्ट्र को “माता” कहना भारत की मातृभूमि संबंधी सांस्कृतिक चेतना की अभिव्यक्ति है। यह आवश्यक नहीं कि मातृभूमि को माता कहने वाला व्यक्ति किसी विशेष धार्मिक पूजा पद्धति को स्वीकार कर रहा हो। इसी कारण “वन्दे मातरम्” को हिन्दू बनाम मुसलमान के प्रश्न में बदल देना उसके व्यापक राष्ट्रीय अर्थ को संकुचित करना है। भारतीय नागरिक की धार्मिक आस्था अपनी जगह है और मातृभूमि के प्रति उसका नागरिक भाव अपनी जगह। दोनों को अनिवार्य रूप से परस्पर विरोधी मानना भारत की बहुलतापूर्ण राष्ट्रीय परंपरा को समझने में असफल होना है। फिर भी राष्ट्रीय प्रतीक के प्रति असहमति और उसके जानबूझकर अपमान या व्यवधान में स्पष्ट अंतर होना चाहिए। किसी व्यक्ति की निजी धार्मिक अथवा बौद्धिक असहमति अपने आप में वही बात नहीं है जो किसी राष्ट्रीय गीत के गायन को जानबूझकर रोकना या बाधित करना है। यही अंतर 2026 के नए कानून को समझने में निर्णायक है। राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम संशोधन अधिनियम, 2026 ने 1971 के राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम में संशोधन करते हुए राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' को धारा 3 के दायरे में शामिल किया है। अब यदि कोई व्यक्ति राष्ट्रगान अथवा राष्ट्रीय गीत के गायन को जानबूझकर रोकता है अथवा ऐसे गायन में लगी सभा में जानबूझकर व्यवधान उत्पन्न करता है, तो वह दंडनीय हो सकता है। पहली दोषसिद्धि पर अधिकतम तीन वर्ष का कारावास, जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। यहाँ एक महत्वपूर्ण कानूनी सावधानी आवश्यक है। इसका अर्थ यह नहीं है कि “जो व्यक्ति वन्दे मातरम नहीं गाएगा उसे स्वतः तीन वर्ष की जेल होगी।” कानून अपराध को जानबूझकर रोकने या व्यवधान उत्पन्न करने से संबंधित है। अर्थात “न गाना” और “दूसरों को गाने से जानबूझकर रोकना” कानूनी रूप से एक ही बात नहीं हैं, इसलिए राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा करते समय कानून की वास्तविक सीमा को भी सम्मान देना होगा। राष्ट्रभक्ति का अर्थ कानून की अतिरंजित व्याख्या करना नहीं, बल्कि कानून को ठीक ठीक समझना है। 2026 का परिवर्तन फिर भी ऐतिहासिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे “वन्दे मातरम्” को राष्ट्रगान के साथ धारा 3 की विशेष वैधानिक सुरक्षा प्राप्त हुई है। इससे यह राष्ट्रगान नहीं बन जाता। “जन गण मन” राष्ट्रगान और “वन्दे मातरम्” राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनी अलग औपचारिक पहचान बनाए रखते हैं। इसी प्रकार 2026 में गृह मंत्रालय ने “वन्दे मातरम्” के आधिकारिक गायन और उसके राष्ट्रगान के साथ संबंध को लेकर नया प्रोटोकॉल भी जारी किया। जब दोनों का गायन या वादन एक ही आधिकारिक कार्यक्रम में हो, तो राष्ट्रीय गीत को पहले प्रस्तुत करने का प्रोटोकॉल निर्धारित किया गया है। आधिकारिक कार्यक्रमों में पूर्ण संस्करण के उपयोग को भी नए निदेशों में स्थान दिया गया है। अर्थात 2026 में “वन्दे मातरम्” का प्रश्न भावनात्मक या राजनीतिक बहस तक सीमित नहीं रहा। अब इसके साथ इतिहास, साहित्य, राष्ट्रीय प्रतीक, सरकारी प्रोटोकॉल और वैधानिक संरक्षण सभी जुड़े हुए हैं। ऐसे में “वन्दे मातरम्” का अपमान, तिरस्कार, जानबूझकर अवमानना अथवा उसके गायन को बाधित करना किसी सामान्य गीत के प्रति असहमति नहीं माना जा सकता। राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान लोकतांत्रिक नागरिक संस्कृति का हिस्सा है, लेकिन “दिमागी नक्सलवाद” और “अलगाववाद” जैसे शब्दों का प्रयोग भी सावधानी से होना चाहिए। किसी व्यक्ति के गीत न गाने या धार्मिक आपत्ति व्यक्त करने को स्वतः “नक्सलवादी” या “अलगाववादी” घोषित करना तथ्य और कानून दोनों की दृष्टि से उचित नहीं होगा।

ऐसे शब्द तब अधिक सार्थक होते हैं जब किसी व्यक्ति या संगठन के व्यापक व्यवहार में राष्ट्र विरोधी हिंसा, संवैधानिक व्यवस्था के विरुद्ध सक्रियता या अलगाववादी राजनीति अथवा व्यावहारिक जैसे ठोस तत्व मौजूद हों, इसलिए अधिक मजबूत राष्ट्रीय तर्क यह है कि राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जानबूझकर अवमानना, व्यवधान और अपमान की मानसिकता को सामान्य या गौरवपूर्ण राजनीतिक संस्कृति नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था असहमति का अधिकार देती है। असहमति और विघटन एक ही चीज नहीं हैं। आलोचना और अपमान एक ही चीज नहीं हैं। धार्मिक संवेदना और राष्ट्र विरोध एक ही चीज नहीं हैं। इसी प्रकार राष्ट्रभक्ति और धार्मिक एकरूपता भी एक ही चीज नहीं हैं। 'वन्दे मातरम्' की वास्तविक शक्ति इसी व्यापकता में है कि यह गीत भारत की मातृभूमि को संबोधित करता है। यह उस भूमि को नमन करता है जिसके लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने जेलें भरीं, लाठियाँ खाईं, गोलियाँ झेलीं और अपने जीवन का बलिदान दिया। इसका राष्ट्रीय अर्थ किसी एक राजनीतिक दल, किसी एक वर्तमान नेता या किसी एक समुदाय से बड़ा है। 1875 की साहित्यिक रचना से लेकर 1905 के स्वदेशी आंदोलन, 1937 के राष्ट्रीय उपयोग पर हुए विमर्श, 24 जनवरी 1950 के संविधान सभा के निर्णय और 2026 के नए वैधानिक संरक्षण तक “वन्दे मातरम्” की यात्रा बताती है कि यह भारत की राष्ट्रीय स्मृति का जीवंत हिस्सा है। अतः आज आवश्यकता किसी समुदाय को दोषी ठहराने की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रतीकों के अर्थ को सही ढंग से समझने की है। आस्था अपनी जगह है। असहमति अपनी जगह है। कानून अपनी जगह है। मातृभूमि के प्रति सम्मान भी अपनी जगह है। मातृभूमि के सम्मान से समझौता कैसे सम्भव है? किसी भारतीय से उसकी पूजा पद्धति पूछे बिना भी यह कहा जा सकता है कि जिस भूमि ने उसे जन्म दिया, उसके प्रति सम्मान रखो। यही “वन्दे मातरम्” की व्यापक राष्ट्रीय चेतना है और 2026 के नए कानून का संदेश भी इसी संदर्भ में समझना चाहिए। राष्ट्रीय गीत के गायन को जानबूझकर रोकना या उसमें कानूनी रूप से परिभाषित व्यवधान डालना अब दंडनीय है, इसलिए “वन्दे मातरम्” पर बहस करते समय हमें न तो इतिहास छिपाना चाहिए, न धार्मिक संवेदनाओं का उपहास करना चाहिए और न राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान को सामान्य बनाना चाहिए। भारत माता के प्रति सम्मान किसी एक सम्प्रदाय की संपत्ति नहीं है। मातृभूमि पूरे राष्ट्र की है। इसे व्यक्तिगत पांथिक मान अपमान से जोड़ना इस भूमि के प्रति तिरस्कार एवं अलगाव की भावना को दशार्ता है। इसी भाव में 'वन्दे मातरम्' एक गीत से कहीं अधिक है। यह स्वतंत्रता की स्मृति, मातृभूमि का वंदन, आत्मसम्मान का उद्घोष और राष्ट्रीय चेतना का ऐतिहासिक प्रतीक है।

**(लेखक के निजी विचार)**

# लोकतंत्र और आंदोलन में अनुशासन की जरूरत

**हृदयनारायण दीक्षित**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर लाल किले से विघटनकारी शक्तियों से सावधान रहने की अपील की है। मोदी का भाषण बार-बार पठनीय है। उन्होंने नक्सली हिंसा की ओर देश का ध्यान आकर्षित किया है। बताया है कि देश की धरती पर सक्रिय भारत विरोधी नक्सलियों का हमने सफाया कर दिया है। सब जानते हैं कि नक्सलपंथ संविधान, परम्परा, संस्कृति और कानून को नहीं मानते। उनका विचार हिंसा और सिर्फ हिंसा है। उनसे लड़ते हुए सुरक्षा बलों के हजारों नौजवान मारे गए हैं। वे राष्ट्रतोड़क हिंसावादी विचारधारा की मजबूती के लिए छद्म नामों से संगठन चलाते हैं। संविधान में उनकी आस्था नहीं है। देश को तोड़ने के लिए वे किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। वे स्वयं को विद्वान कहते हैं। उनकी दृष्टि में शेष भारतीय सांप्रदायिक और संस्कृतिविहीन हैं। नक्सली विचारधारा मार्क्सवाद का विस्तार है। इस विचारधारा में हिंसा और हत्या जैसे कृत्य निंदनीय नहीं हैं। लेनिन ने लिखा था, “उत्पीड़ित वर्गों द्वारा उत्पीड़न के खिलाफ, भूदासों द्वारा भूस्वामियों पर चलाए जाने वाले अभियान को पूर्णतः प्रगतिशील मानते हैं।” प्रगति प्रकाशन, मास्को द्वारा प्रकाशित पुस्तक में सबकुछ जायज माना गया है। इस विचारधारा से पैदा संगठनों का काम सुव्यवस्थित रूप में चलता है। पढ़-लिख सकने वाले लोग शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा करते हैं। ये यत्र-तत्र सर्वत्र हिंसक गतिविधियों का मनमाना विश्लेषण करते हैं। उन्हें समर्थन देते हैं। इनकी तुलना स्पेन के गृहयुद्ध (1938) में प्रचलित फिफ्थ कॉलमिस्ट (पांचवां स्तंभ) से की जा सकती है। फ्रेंको के जनरल ने कहा था, “हमारे चार दस्ते मैड्रिड पर हमलावर हैं। पांचवां कॉलम पहले से ही शहर के भीतर मौजूद और सक्रिय है।” तभी एक विशेष प्रकार की पत्रकारिता को पांचवां स्तंभ कहा गया। भारत में पांचवें स्तंभकार (फिफ्थ कॉलमिस्ट) सक्रिय हैं। वे हिंसक गतिविधियों का औचित्य सिद्ध करने में लगे रहते हैं। जंतर मंतर की अराजकता वाले अंश का समर्थन करने वाले कथित बुद्धिजीवियों के लेख और विश्लेषण ऐसे ही थे। नक्सलपंथी अपने मिशन में सक्रिय हैं। आईएसआई जैसी संस्थाओं से उनके रिश्ते हैं। कम्युनिस्ट विचारधारा के अनुसार संसदीय राजनीति में गरीबों मजदूरों और सर्वहारा वर्ग का कोई हितसाधन संभव नहीं है। जनसंग्राम और जनयुद्ध में ही सर्वहारा वर्ग का हित है। मार्क्स ऐंगल्स ने कम्युनिस्ट घोषणापत्र में सर्वहारा की लड़ाई का तत्व बताया था। इस लड़ाई में, “सर्वहारा वर्ग केवल अपने को ही पुनर्जीवित नहीं करता। वह अपने साथ पूरी कौम और पूरे समाज को भी पुनर्जीवित करता है। प्रधानमंत्री ने ऐसी विचारधारा के लिए “दिमागी नक्सल” शब्द का प्रयोग किया है। स्वयं को सर्वाधिक शिक्षित और विद्वान मानने वाले पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम ने फौरन प्रतिक्रिया दी और कहा कि उन्हें दिमागी नक्सल होने पर गर्व है। तमाम अन्य लोगों ने भी प्रतिक्रियाएं दी हैं। दिमागी नक्सल विचारधारा के लोगों ने भारत को कभी एक राष्ट्र नहीं माना। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा और दर्शन का मजाक बनाया है। यहाँ के समाज को आत्महीन और पिछड़ा बताया है। उनके ज्ञान का सदुपयोग कांग्रेस करती आई है। सोची-समझी रणनीति के तहत वे भारतीय श्रद्धा वाले महापुरुषों और प्रतीकों का अपमान करते रहे हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण को कल्पना बताते रहे हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के परिसर में भारत विरोधी नारेबाजी के तार “भारत तेरे टुकड़े होंगे” तक विस्तृत है। वे संवैधानिक संस्थाएं नहीं मानते। वे न्यायपालिका का आदर नहीं करते। कार्ल मार्क्स, लेनिन और माओत्सेतुंग इनके देवता हैं। इसी विचार के लोगों ने महात्मा गांधी तक को गालियाँ दी थीं। हिंसा ही उनकी दृष्टि में सारी समस्याओं का समाधान है। वे कथित रूप में सर्वहारा की तानाशाही लाना चाहते हैं। भिन्न-भिन्न नामों से काम करते हैं और हिंसा का प्रचार करते हैं। नक्सलपंथ भी इसी नाम बदलने की शैली से विकसित हुआ है। पश्चिम बंगाल के गांव नक्सलबाड़ी में दो वर्गों में संघर्ष हुआ। इन्हीं लोगों ने एक गुट को संरक्षण दिया। इस काण्ड में तमाम हत्याएं हुई थीं। इन लोगों ने नक्सलबाड़ी गांव में हुए इस संघर्ष का नाम नक्सलपंथ रखा। नक्सलपंथ माओ से प्रेरित है। हिंसा और हत्या, लूटपाट और डकैती इनके सामान्य हथियार हैं। विश्वविद्यालय इस विचारधारा के प्रचार के लिए सरल और सुगम मार्ग प्रतीत होते हैं। दिल्ली के विश्वविद्यालय जब तब दिमागी नक्सली विचारधारा के प्रचार का अड्डा बन जाते हैं। जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन ने देश का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रदर्शन में शामिल होने वाले छात्रों की मांग सुचितापूर्ण परीक्षा से जुड़ी हुई थी। लेकिन उपस्थित नौजवानों का एक वर्ग संसद, प्रधानमंत्री और न्यायपालिका पर भी टिप्पणियां कर रहा था। आन्दोलन लोकतांत्रिक अधिकार है। संविधान में विचार अभिव्यक्ति की आजादी का स्पष्ट उल्लेख है। लेकिन उसी अनुच्छेद 14 (1) में इस आजादी को लोकव्यवस्था के अधीन संयमित किया गया है। अनुशासित आन्दोलन लोकतंत्र को मजबूत करते हैं। ऐसे अनुशासित आन्दोलन होते रहने चाहिए। लेकिन संसद, प्रधानमंत्री आदि संस्थाओं की गरिमा महिमा का अतिक्रमण संविधान सम्मत नहीं है। किसी भी आन्दोलनकारी को देश की संवैधानिक संस्थाओं को लतियाने की छूट नहीं दी जा सकती। कार्यपालिका संविधान चुनावी जनादेश के अधीन कार्य करती है। हजार दो हजार लोगों की भीड़ कार्यपालिका से जबरदस्ती कार्य नहीं करा सकती। आन्दोलनकारियों की मांगों पर विचार करना निर्वाचित सरकार का कर्तव्य है। स्वस्थ लोकतंत्र में ऐसे आन्दोलन जरूरी होते हैं लेकिन वामपंथी हिंसा के माध्यम से ही सारी समस्याओं का समाधान चाहते हैं। हम संविधानविहीन राष्ट्र की कल्पना भी नहीं कर सकते। दिमागी नक्सली राज्यविहीन समाज चाहते हैं। वे संविधान का दुरुपयोग करते हैं, गलत व्याख्या करते हैं। धरना प्रदर्शनों में संविधान की प्रति दिखाते रहते हैं। उनका कोई देश नहीं होता। उनसे विचारधारा के आधार पर निपटना जरूरी है। आइए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ प्रसंगों को ध्यान में लेते हैं। संसद हमले के मुख्य आरोपित आतंकी अफजल गुरु को फांसी हुई थी। इस फांसी के विरोध में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में सभा हुई। इस कार्यक्रम में भारत विरोधी नारेबाजी की गई। इन लोगों ने “भारत तेरे टुकड़े होंगे” जैसे राष्ट्रघाती नारे लगाए। नारेबाजी में “अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं”, “तुम कितने अफजल मारोगे घर-घर से अफजल निकलेगा” जैसे नारों से देश शर्मिंदा हुआ था। इसी नारेबाजी में “ब्राह्मणवाद से आजादी”, “मनुवाद से आजादी”, “राष्ट्रवाद से आजादी” जैसे आपत्तिजनक नारे भी लगे थे। ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की छात्र इकाई है। उपर्युक्त विवादित कार्यक्रम में कन्हैया कुमार, उमर खालिद, शेहला राशिद जैसे छात्रनेता देशतोड़क जमात में थे। देश के नक्सल प्रभावित राज्यों से इस विचारधारा का सफाया हो गया है। लेकिन ये लोग वेश बदलकर छोटे-मोटे आंदोलनों में घुसपैठ कर जाते हैं। इनसे सतर्क रहना आवश्यक है।

**(लेखक के निजी विचार)**

# थाने में भिड़े विधायक जयराम महतो और मुखिया पक्ष, दोनों तरफ से एफआईआर दर्ज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**धनबाद।** बड़ा पिछरी पंचायत की मुखिया यशोदा देवी के फर्जी हस्ताक्षर, मुहर और लेटर पैड के कथित इस्तेमाल के मामले में जेएलकेएम नेता गणेश दास की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुआ विवाद अब मारपीट, जातिसूचक टिप्पणी और लूटपाट के आरोपों तक पहुंच गया है। शुक्रवार देर रात बरवाअड्डा थाना परिसर में हुए विवाद को लेकर डुमरी विधायक जयराम महतो और मुखिया पक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं. दोनों ओर से थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. शनिवार की देर शाम पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है.

## मुखिया के बेटे ने जयराम महतो पर लगाया गंभीर आरोप

मुखिया पक्ष के अनुसार, पंचायत से जुड़े मामले की जानकारी लेने के लिए विधायक जयराम महतो अपने समर्थकों के साथ बरवाअड्डा थाना पहुंचे थे. आरोप है कि वहां पहले से मौजूद प्रदीप कुमार रजक, तारकेश्वर रजक और दिनेश रजक समेत अन्य लोगों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की कोशिश की गई। मुखिया के बेटे प्रदीप कुमार रजक ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि 21 अगस्त की रात करीब 10 बजे वह अपने पिता आशुतोष रजक से मिलने बरवाअड्डा थाना पहुंचे थे. इसी दौरान थाना परिसर में मौजूद विधायक जयराम महतो ने कथित तौर पर उनके साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और गला दबाने की कोशिश की. प्रदीप ने गर्दन पर खरोंच के निशान होने का भी दावा किया. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विधायक के समर्थक सुशील मंडल समेत अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट की. इस दौरान 2.08 लाख रुपये की सोने की चेन और पांच हजार रुपये नकद छीन लिए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

## विधायक ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

दूसरी ओर, डुमरी विधायक जयराम महतो ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है. विधायक का कहना है कि वह पंचायत से जुड़े मामले की जानकारी लेने थाना पहुंचे थे. उन्होंने आरोप लगाया कि थाना परिसर में उनके समर्थक सुशील मंडल के साथ मारपीट और लूटपाट की गई. विधायक ने कहा कि मौके से सीसीटीवी फुटेज और पत्रकारों के बनाए वीडियो से पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सकती है। विधायक ने अपने ऊपर लगाए गए जातिसूचक टिप्पणी और मारपीट के आरोपों को भी खारिज करते हुए मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है. उनका कहना है कि वह गणेश दास के खिलाफ दर्ज मामले की जानकारी लेने थाना पहुंचे थे और उन्हें मुखिया के लेटर पैड के कथित फर्जी इस्तेमाल की कोई जानकारी नहीं थी।

## बरवाअड्डा थाना प्रभारी का बयान

इधर, बरवाअड्डा थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि डुमरी विधायक की लिखित शिकायत के आधार पर मुखिया प्रतिनिधि, उनके बेटे समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. वहीं, मुखिया के बेटे की शिकायत पर डुमरी विधायक जयराम महतो और अन्य के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है. अब पुलिस जांच में सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान अहम माने जा रहे हैं. जांच के बाद ही थाना परिसर में हुए विवाद की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संचालन के आरोप में एक गिरफ्तार

### दो मोबाइल जब्त, तिलैया थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई



**कोडरमा।** ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी और अन्य गेम के माध्यम से जुआ खेलाने तथा लोगों से धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपये की ठगी के आरोप में तिलैया थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, तिलैया थाना कांड संख्या 245/26 में प्राथमिकी अभियुक्त शुभम कुमार (30), पिता सुधीर लाल, निवासी ताराटांड़, वार्ड नंबर-14, थाना तिलैया, को गिरफ्तार किया गया है। मामले में शुभम कुमार के अलावा सुजीत कुमार को भी आरोपी बनाया गया है। प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, आरोपियों पर ऑनलाइन माध्यम से क्रिकेट मैच एवं अन्य गेम में सट्टेबाजी और जुआ खिलाने तथा मोबाइल एवं कंप्यूटर के जरिए लोगों से संपर्क कर धोखाधड़ी करने का आरोप है। मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए तिलैया थाना प्रभारी पुनि विनय कुमार के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित की गई थी। टीम ने कार्रवाई करते हुए शुभम कुमार को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया। उसके पास से एक पोको कंपनी और एक रेडमी कंपनी का मोबाइल बरामद कर जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। कार्रवाई में पुनि विनय कुमार, पुनि महादेव पांडेय तथा तिलैया थाना की छापामारी टीम में शामिल पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।

# टंडवा में बेखौफ अपराधियों का तांडव, चंद्रगुप्त कोल परियोजना के सुशी इंफ्रा दफ्तर पर दिनदहाड़े हवाई फायरिंग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/कृष्ण मुरारी

### टंडवा उड़सू स्थित सुशी इंफ्रा के कार्यालय पर अंधाधुंध गोलीबारी, बाइक सवार 4 अपराधियों ने मचाया आतंक

### दिनदहाड़े गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला टंडवा, कोल कंपनी के दफ्तर को निशाना बना भागे बाइक सवार अपराधी



**टंडवा।** टंडवा क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि उन्होंने दिनदहाड़े गोलीबारी कर दहशत फैला दी। मामला टंडवा थाना क्षेत्र के ग्राम उड़सू का है, जहाँ चंद्रगुप्त कोल परियोजना में उत्खनन कार्य कर रही सुशी इंफ्रा कंपनी के कार्यालय को निशाना बनाकर लगभग बीस राउंड हवाई फायरिंग की गई।प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार को दोपहर करीब 2:25 बजे दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए चार नकाबपोश अपराधियों ने अचानक ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। कार्यालय परिसर में गोलियों की आवाज से अफरा-तफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी टंडवा की ओर तेजी से फरार हो गए। घटना स्थल से पुलिस के द्वारा राहुल दुबे गैंग का हस्तलिखित पर्चा बरामद किया गया है।

## निजी आवास में संचालित कंपनी का कार्यालय में पर चली गोली

जिस भवन में फायरिंग हुई, वह स्थानीय निवासी जीवन दास का बताया जा रहा है। जीवन दास खुद बाहर रहते हैं, जबकि मकान के दो कमरों में उनके बुजुर्ग माता-पिता और छोटा भाई निवास करते हैं। इसी परिसर के बाकी हिस्सों में पिछले तीन-चार वर्षों से सुशी इंफ्रा कंपनी अपना पर्सनल दफ्तर चला रही है,जहाँ से चंद्रगुप्त कोल परियोजना के उत्खनन कार्य का संचालन किया जाता है। इस कार्यालय में सुशी इंफ्रा कंपनी के जीएम आर एस यादव द्वारा ऑफिस का संचालन करीबन 4 वर्षों से किया जा रहा था। घटना की सूचना तुरंत टंडवा थाना पुलिस को दी गई । सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। हवाई फायरिंग में चलाई गई गोली के खोखे करीबन 7 से आठ देखी गई है। इस घटना में निजी सुरक्षा गार्ड रविश कुमार यादव गोली लगने से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस टोह मे लगी है।

# विश्व बंधुत्व दिवस पर ब्रह्माकुमारीज का रक्तदान अभियान, 10 यूनिट रक्त संग्रहित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**कोडरमा।** विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज डोमचांच ढाब रोड एवं सहाना रोड, कोडरमा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सदर अस्पताल, कोडरमा में रक्तदान महाअभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत 10 लोगों ने रक्तदान कर 10 यूनिट रक्त संग्रहित कराया। यह अभियान 21 से 25 अगस्त तक चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डोमचांच नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान की ओर से आयोजित यह अभियान गरीब, जरूरतमंद एवं असहाय मरीजों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। उन्होंने युवाओं से प्रेरणा लेकर नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। ब्रह्माकुमारी अनीता दीदी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है और किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में इसकी अहम भूमिका हो सकती है। आयोजकों के अनुसार, वर्ष 2025 में ब्रह्माकुमारीज संस्थान की ओर से देशभर में चलाए गए रक्तदान अभियान में 88,378 यूनिट रक्तदान हुआ था। इस वर्ष भी अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। रक्तदान करने वालों में गुड्डू कुमार , मनीष कुमार, राम प्रसाद, विनोद कुमार, सौरव कुमार, पप्पू कुमार, अजीत कुमार, संजय कुमार, बिनोद यादव और रंजीत दास शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके अनीता दीदी, बीके पूर्णिमा दीदी, बीके संजय भाई और बीके ललिता बहन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं प्रयोगशाला आयुर्वेदिक, कोडरमा की ओर से जफर इकबाल, अमित एवं प्रिय रंजन ने सहयोग किया। आयोजकों ने कहा कि विश्व बंधुत्व दिवस पर आयोजित यह रक्तदान अभियान मानवता, भाईचारे और सेवा भावना का संदेश देता है तथा समाज के लोगों को जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित करता है।

# डोमचांच में दौड़ा जोश, युवाओं ने लगाई 7 किमी की मैराथन

### बनारस के रोहन कुमार ने जीता खिताब, जमशेदपुर के अर्जुन टुड्डू रहे उपविजेता

**डोमचांच।** युवाओं में स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को डोमचांच में द्यरन फॉर योर हेल्थ एंड फ्यूचरद्ध थीम पर 7 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। मैराथन की शुरूआत सीएम-2 हाई स्कूल, डोमचांच से हुई। प्रतिभागियों ने निर्धारित 7 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के मैदान में दौड़ पूरी की। प्रतियोगिता में बनारस के रोहन कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। जमशेदपुर के अर्जुन टुड्डू दूसरे और उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ निवासी राजकुमार तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में चौथे से 20वें स्थान तक पहुंचने वाले प्रतिभागियों को भी ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इससे प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख डॉ. सत्यनारायण यादव, नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा, नगर उपाध्यक्ष आदर्श कुमार पंकज, पूर्व नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता एवं पूर्व मुखिया सुरेश कुमार मौजूद रहे। मैराथन के आयोजक अंशु कुमार मेहता ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि दौड़ जैसे आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित होती है।

# चंद्रयान-3 से गगनयान तक, अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया से रूबरू हुए डीएवी के विद्यार्थी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरीतिलैया में विद्यार्थियों में विज्ञान एवं अंतरिक्ष के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने चंद्रयान-3 की सफलता से प्रेरणा लेते हुए रॉकेट, लैंडर और प्रज्ञान रोवर के आकर्षक मॉडल एवं वर्किंग मॉडल तैयार कर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान पेंटिंग, जर्नल निर्माण, मॉडल प्रदर्शनी के साथ इसरो आधारित ऑनलाइन क्विज का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित अपनी जानकारी, कल्पनाशीलता और रचनात्मक कौशल का परिचय दिया। प्रार्थना सभा में कक्षा 12वीं विज्ञान की छात्राओं मुसर्रत एवं राज आरुषी ने इसरो, चंद्रयान-3 तथा भारत के भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। भौतिक विज्ञान के शिक्षक मनोज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की जानकारी दी। वहीं अभिषेक कुमार ने वैज्ञानिक प्रयोगों एवं व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर नए प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भौतिक विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार सिंह एवं अभिषेक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जेजे कॉलेज के मुद्दे पर आंदोलन तेज, नवंबर में होगा विशाल धरना

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

### पंचायत से प्रखंड स्तर तक बनेगी संघर्ष समिति, गांव-गांव चलेगा जनजागरण अभियान



**कोडरमा।** जेजे कॉलेज समेत जिले में उच्च शिक्षा की व्यवस्था और छात्र हितों को लेकर जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति का आंदोलन तेज होगा। चाराडीह स्थित एमआर ग्लोबल स्कूल परिसर में हुई कोर कमिटी की बैठक में पंचायत से प्रखंड स्तर तक संघर्ष समिति का विस्तार करने तथा नवंबर में जिला मुख्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष धरतीपुत्र महेश भारती ने की, जबकि संचालन सचिव देवेंद्र कुमार ने किया। सदस्यों ने पिछले तीन माह से चल रहे आंदोलन की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों, अभिभावकों और आम लोगों का समर्थन लगातार मिल रहा है। समिति ने जेजे कॉलेज सहित जिले के अन्य डिग्री कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से हटाकर गिरिडीह स्थित विश्वविद्यालय से जोड़ने के निर्णय पर चिंता जताई। समिति के अनुसार, इससे विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए अतिरिक्त परेशानी और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ सकता है। बैठक में अगस्त में अतिपिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव से मुलाकात कर मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने की पहल करने का निर्णय लिया गया। साथ ही गांव-गांव जन जागरूकता अभियान चलाने की बात कही गई। समिति ने स्पष्ट किया कि आंदोलन किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के विरोध में नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य और बेहतर उच्च शिक्षा की मांग को लेकर है।

## एक नजर

### पूतो रेलवे फाटक के पास वन विभाग की छापेमारी, दो टन ढिबरा लदा ऑटो जब्त

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के पूतो रेलवे फाटक के समीप रविवार को वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब दो टन ढिबरा लदा एक ऑटो जब्त किया। वन विभाग की टीम को देखते ही ऑटो चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, वन विभाग को सूचना मिली थी कि जंगल क्षेत्र से अवैध रूप से ढिबरा का उत्खनन कर उसे ऑटो के माध्यम से झुमरीतिलैया स्थित किसी ढिबरा गोदाम में पहुंचाया जा रहा है। सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने पूतो रेलवे फाटक के समीप निगरानी करते हुए कार्रवाई की। इस दौरान टीम को मौके पर ढिबरा लदा ऑटो मिला, लेकिन चालक वहां मौजूद नहीं था। वन विभाग के कर्मियों ने ऑटो को जब्त कर लिया। बरामद ढिबरा का वजन करीब दो टन बताया जा रहा है। वन विभाग की ओर से मामले की जांच शुरू कर दी गई है। टीम यह पता लगाने में जुटी है कि ढिबरा कहां से लाया गया था और इसे किस गोदाम में पहुंचाया जाना था। फरार चालक की पहचान एवं उसकी गिरफ्तारी के लिए भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### माहुरी वैश्य महिला समिति ने धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव

**टुंडी।** टुंडी के पूणार्डीह में माहुरी वैश्य महिला समिति द्वारा सावन महोत्सव का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की सदस्यों द्वारा कुलदेवी माँ मथुरासिनी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद महिलाओं ने सावन महोत्सव के रंग में रंगते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महोत्सव के दौरान सावन के पारंपरिक गीतों, मनमोहक नृत्य, मनोरंजक खेलों एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। महिलाओं ने आकर्षक सावन के पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हंसी-खुशी और उल्लास का माहौल बना रहा। महिला समिति की सदस्यों ने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, अपनी प्रतिभा को मंच देने तथा भारतीय संस्कृति और पारंपरिक त्योहारों की खूबसूरती को जीवंत बनाए रखने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सावन महोत्सव आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने का भी माध्यम है। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास, उमंग एवं आपसी सौहार्द के वातावरण में हुआ। महोत्सव में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को यादगार बना दिया।

### झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हजारीबाग के द्वारा



**गिद्दी।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हजारीबाग के द्वारा डाड़ी प्रखंड सभागार में मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर भारत की न्यायपालिका और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जाने वाले विशाल कानूनी जागरूकता और सहायता शिविर है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क और सुलभ कानूनी सहायता उपलब्ध कराना था। साथ ही उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर जिला विधिक प्राधिकरण हजारीबाग की ओर से सौरभ अंशु (लीगल एड डिप्टी चीफ) छअउ्ळ, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर डाड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती अनु प्रिया,अंचल अधिकारी केकेवर्मा, कनकी और रबोध के मुखिया, सभी विभागों के कर्मीगण, बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा माता एवं बहने उपस्थित थे। शिविर में मुख्य अतिथि सौरभ अंशु लेड के द्वारा कई कानूनी सलाह विभिन्न विषयों पर दी गई। लोगों को कैसे निःशुल्क कानूनी सहायता का लाभ ले सकते हैं,इसके बारे में जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों के द्वारा भी कई समस्याओं उनके समक्ष रखा गया और और उनके प्रश्नों पर कानूनी सहायता कैसे मिल सके, इसकी जानकारी भी मुख्य अतिथि के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले सौरव बानसूर मुख्य अतिथि का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी के द्वारा किया गया। साथ ही सामूहिक रूप से सभी के द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया।ततपश्चात मेघा लीगल एंपावरमेंट कैंप की विधिवत शुरूआत की गई। विभिन्न विभागों द्वारा कई परिसंपत्ति का वितरण किया गया।जिसमें शिक्षा विभाग द्वारा 18 विद्यार्थियों को कॉपी, बैग का कीट, सीडीपीओ द्वारा 2 ट्राईसाईकल,01 श्रवणयंत्र, एक वहीलचेयर,अंचल कार्यालय द्वारा 04 को पारिवारिक सूची,जेएसएल पीएस द्वारा 06 को 25,50,000=00, कल्याण विभाग द्वारा 18को साईकिल का वितरण,सामाजिक सुरक्षा के तहत 15 को वृद्धा, विधवा पेंशन तथा सांख्यिकी विभाग द्वारा 21 लाभुकों के बीच जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

### प्लांट हादसे में मृत तीन इंजीनियरों के परिजनों को मिला 31 लाख का मुआवजा

रामगढ़। बरकाकाना ओपी क्षेत्र के हेहल स्थित छिन्मस्तिका सीमेंट एंड इस्पात के पावर प्लांट में हुए हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। टरबाइन में अचानक हुए जोरदार विस्फोट के बाद लगी आग की चपेट में आने से तीन इंजीनियरों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों और मृतकों के परिजनों का विरोध जारी रहा। रविवार को बातचीत के बाद प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच 31 लाख रुपए मुआवजा पर सहमति बनने पर गतिरोध समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात पावर प्लांट के कंट्रोल रूम, केबिन में नाइट शिफ्ट के दौरान इंजीनियर ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान टरबाइन में अचानक जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते आग फैल गई। घटना में चार इंजीनियर बुरी तरह झुलस गए। प्रारंभिक तौर पर ओवरहीटिंग और पैनल सिस्टम में खराबी को हादसे की संभावित वजह बताया जा रहा है। वहीं, प्लांट कर्मियों ने कंट्रोल रूम का एसी कई दिनों से खराब रहने और तापमान नियंत्रण को लेकर प्रबंधन को शिकायत किए जाने का दावा किया है। मृतकों में गढ़वा निवासी इंजीनियर अभिषेक पांडेय भी शामिल हैं। उनके शव का पोस्टमार्टम रिम्स, रांची में कराया गया। वहीं धनबाद और बोकारो निवासी अन्य मृत इंजीनियरों के शव परिजनों द्वारा प्लांट वापस लाए जाने की बात सामने आई। मुआवजे पर सहमति बनने के बाद पुलिस द्वारा आवश्यक पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंपे जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। हादसे के बाद बढ़ते आक्रोश के बीच फैक्ट्री के सीईओ प्लांट पहुंचे। इसके बाद मृतकों के परिजनों, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, ग्रामीणों और फैक्ट्री प्रबंधन के बीच मुआवजे समेत अन्य मांगों को लेकर वार्ता शुरू हुई। बातचीत के बाद मुआवजे को लेकर सहमति बनी। समझौते के अनुसार फैक्ट्री प्रबंधन ने प्रत्येक मृत इंजीनियर के परिजन को कुल 31 लाख रुपये मुआवजा देने पर सहमति जताई। इसके बाद विधायक की मौजूदगी में मृतकों के परिजनों को 30-30 लाख रुपये के चेक तथा अंतिम संस्कार के लिए एक-एक लाख रुपये नकद प्रदान किए गए। मुआवजे पर सहमति बनने के बाद लंबे समय से जारी विरोध समाप्त हुआ और क्षेत्र में स्थिति सामान्य होने लगी। हादसे को लेकर अब प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था और दुर्घटना के तकनीकी कारणों की जांच पर लोगों की निगाहें टिकी हैं। वहीं घायल तरुण रवानी को जब तक इलाज चलता रहेगा और पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाते तब तक कंपनी द्वारा इलाज एवं उनका वेतन मिलता रहेगा।

# दुर्गोत्सव की तैयारी में जुटी सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति, प्रशासन से लाइसेंस और बेहतर व्यवस्था की मांग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम:** शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति की कार्यकारिणी बैठक रविवार को परिसदन सभागार में हुई। अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में दुर्गोत्सव को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और भव्य तरीके से संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरूआत दुर्गा स्तुति से हुई। वरीय उपाध्यक्ष खगेन चंद्र महतो ने स्वागत भाषण दिया, जबकि संचालन बलदेव सिंह मेहरा ने किया। महासचिव ललन यादव ने पिछले वर्ष दुर्गा पूजा के साथ रामनवमी, रथ यात्रा, छठ और दीपावली के दौरान समिति की ओर से किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने आय-व्यय का लेखा-जोखा रखा। धालभूम और घाटशिला अनुमंडल के 11 प्रखंडों से पहुंचे प्रतिनिधियों ने ग्रामीण पूजा समितियों की विभिन्न समस्याएं बैठक में रखीं। प्रतिनिधियों ने बताया कि कई समितियां वर्षों से सार्वजनिक दुर्गा पूजा आयोजित कर रही हैं, लेकिन अब तक उन्हें अनुज्ञप्ति नहीं मिल सकी है। समिति ने जिला प्रशासन से ऐसी पूजा समितियों को जल्द लाइसेंस उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, सफाई, प्रकाश, विधि-व्यवस्था, स्लैग और सड़कों की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग भी उठाई गई। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान बेहतर सुरक्षा और सुविधा के लिए विसर्जन घाटों की मरम्मत, पेड़ों की छंटाई, चिकित्सा दल और अग्निशमन सेवा की व्यवस्था करने की मांग की गई। इसके अलावा यातायात नियंत्रण के लिए पर्याप्त व्यवस्था, महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती, प्रशिक्षित गोताखोरों की उपलब्धता तथा मूर्ति विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था कराने पर भी जोर दिया गया। पूजा समितियों को कॉरपोरेट कंपनियों के सीएसआर मद से आर्थिक सहयोग दिलाने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष दुलाल भुइयां ने कहा कि समिति जल्द ही जिला उपायुक्त सहित अन्य वरीय अधिकारियों से मुलाकात कर पूजा समितियों की समस्याओं के समाधान की मांग करेगी। वरीय उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि पिछले वर्ष समिति के प्रयास से डुमरिया, चाकुलिया और बहरागोड़ा में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने के साथ कुछ पूजा समितियों को अनुज्ञप्ति दिलाने में सफलता मिली थी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर दुर्गोत्सव को सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में विनीता मिश्रा, पवन उपाध्याय, अंकित जवानपुरिया, राकेश साहू, रामस्वरूप यादव, अशोक कुमार सिंह, राखी पालित, श्वेता चक्रवर्ती, सीमा साहू, ज्योति देवी, नंद किशोर ठाकुर, रामबाबू यादव और तापस चटर्जी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## उलीडीह में दिनदहाड़े महिला से दो लाख की चेन झपटी, सीसीटीवी से बदमाशों की तलाश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम:** उलीडीह थाना क्षेत्र के शर्मा लाइन के समीप रविवार को बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। वारदात में छीनी गई चेन की कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, उलीडीह निवासी कांति देवी रविवार को पूजा-अर्चना कर पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान शर्मा लाइन के पास पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाश पहुंचे और मौका मिलते ही उनके गले से सोने की चेन झपट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों तेज गति से बाइक चलाते हुए फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही उलीडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से घटना की जानकारी लेने के साथ आसपास के इलाके में जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। जांच के दौरान कुछ संदिग्धों की तस्वीरें कैमरे में कैद होने की बात सामने आई है। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। इसके अलावा बदमाशों के भागने के संभावित रास्तों पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जा रही है, ताकि उनकी गतिविधियों और भागने की दिशा का पता लगाया जा सके। पुलिस को उम्मीद है कि फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपितों तक पहुंचा जा सकेगा। दिनदहाड़े हुई चेन स्नैचिंग की घटना से स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

## छात्र का शव तीसरे दिन रोरो नदी से बरामद, परिवार में पसरा मातम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम:** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित पाताहातू डैम में शुक्रवार को डूबे 12 वर्षीय छात्र गणेश सोय का शव रविवार सुबह तीसरे दिन रोरो नदी से बरामद कर लिया गया। शव करणी मंदिर घाट के समीप नदी में मिला। लगातार बारिश के कारण रोरो नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ था और तेज बहाव के चलते पिछले दो दिनों से पुलिस व परिजन छात्र की तलाश में जुटे थे। रविवार को पानी का स्तर कुछ कम होने के बाद नदी में शव दिखाई दिया।

गणेश सोय हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के सोसोपी गांव निवासी जमादार सोय का पुत्र था। वह चाईबासा के संत जेवियर स्कूल में कक्षा पांच में पढ़ाई करता था और सुफलसाई में अपनी फूफू के घर रहकर पढ़ रहा था। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे गणेश स्कूल बैग लेकर घर से निकला था। देर शाम तक उसके वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब नौ बजे जानकारी मिली कि वह पाताहातू डैम के नीचे रोरो नदी के तेज बहाव में डूब गया है। इसके बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे और नदी में तलाश अभियान शुरू किया गया। घटनास्थल के पास गणेश के कपड़े, साइकिल और स्कूल बैग बरामद किए गए थे। डैम के नीचे नदी का तेज बहाव, चट्टानों और लगातार बारिश के कारण बढ़े जलस्तर ने खोज अभियान को मुश्किल बना दिया था। आशंका थी कि पानी के तेज बहाव में शव बहकर नदी के दूसरे हिस्से में चला गया होगा। रविवार सुबह पानी कम होने पर करणी मंदिर घाट के पास शव नजर आया। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, चाईबासा भेज दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद से ही गणेश के परिवार में मातम पसरा हुआ है। बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## व्यक्ति की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** :बागबेड़ा थाना क्षेत्र की रॉयल कॉलोनी में रविवार को जुगसलाई निवासी 47 वर्षीय पिंटू सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। पिंटू सिंह अपनी ससुराल रॉयल कॉलोनी पहुंचे थे। कुछ देर बाद उनकी पत्नी ने उनके भतीजे राजवीर को फोन कर बताया कि पिंटू के साथ कुछ अनहोनी हो गई है और उन्होंने खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलने पर पिंटू के परिजन आनन-फानन में रॉयल कॉलोनी पहुंचे। वहां की परिस्थितियों को देखने के बाद उन्होंने मौत के कारणों पर सवाल उठाते हुए हत्या की आशंका जताई। परिजनों का कहना है कि पिंटू और उनकी पत्नी तथा ससुराल पक्ष के बीच पहले से विवाद चल रहा था। इसी कारण उन्हें घटना को लेकर संदेह है। परिजनों के अनुसार पिंटू के गले में कपड़े टांगने वाली रस्सी मिली थी, लेकिन वह फंदे से लटके हुए नहीं थे और उनका शव जमीन पर पड़ा था। परिजनों ने गले पर गला दबाने जैसे निशान होने का भी दावा किया है। इसके अलावा घर की सीढ़ियों पर खून के निशान मिलने की बात भी परिजनों ने कही है। इन परिस्थितियों के आधार पर उनका आरोप है कि पिंटू की मौत खुदकुशी नहीं, बल्कि हत्या हो सकती है। परिजनों ने यह भी बताया कि घटना से कुछ समय पहले पिंटू को जुगसलाई में देखा गया था,

# कार्टेल तोड़कर पुराने रेट पर चीनी उपलब्ध कराए केंद्र और राज्य सरकार : सरयू

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम:** चीनी और प्याज की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी को लेकर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने केंद्र और झारखंड सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी को टैग करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी चिंता जाहिर की। सरयू राय ने कहा कि बाजार में कार्टेल, जमाखोरी और कृत्रिम कमी पर रोक लगाकर उपभोक्ताओं को चीनी पुराने भाव पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सरयू राय के मुताबिक झारखंड खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए काफी हद तक दूसरे राज्यों पर निर्भर है। ऐसे में दूसरे राज्यों की मिलों और मंडियों में कीमत बढ़ने का सीधा असर यहां के थोक और खुदरा बाजार पर पड़ता है। उन्होंने सरकार से अपील की कि कीमतों में और बढ़ोतरी होने का इंतजार करने के बजाय अभी से चीनी और प्याज की आपूर्ति एवं स्टॉक की निगरानी शुरू की जाए। उन्होंने 22 अगस्त के उपलब्ध मिल रेट का हवाला देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की सहकारी चीनी मिलों में चीनी की कीमत 5,820 से 6,000 रुपये प्रति क्विंटल तक है। उत्तर प्रदेश स्टेट शुगर कॉरपोरेशन की मोहीउद्दीनपुर मिल में यह दर 6,000 रुपये, जबकि पिपराइच और मुंडेरवा में 6,200 रुपये प्रति क्विंटल बताई गई है। महाराष्ट्र में भी चीनी की कीमत इससे अधिक है। छत्रपति संभाजी राजे सहकारी चीनी उद्योग लिमिटेड ने एम-30 चीनी का भाव 6,800 रुपये, एसएस-30 का 6,700 रुपये और एस-30 का 6,675 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जिस पर जीएसटी अतिरिक्त है। उन्होंने महाराष्ट्र की मंडियों में प्याज के भाव बढ़ने का उल्लेख करते हुए जमाखोरी की आशंका जताई और कीमतों को नियंत्रित करने में नाफेड की भूमिका पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सरकारी हस्तक्षेप का असर बाजार में स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। सरयू राय ने झारखंड सरकार से जमशेदपुर, रांची और धनबाद सहित राज्य के प्रमुख बाजारों में चीनी और प्याज के स्टॉक तथा थोक कीमतों की नियमित निगरानी कराने की मांग की।

# पांकी में व्यापारी से लूट की तैयारी कर रहे तीन अपराधी गिरफ्तार, कार्बाइन समेत हथियार बरामद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**पलामू:** पलामू जिले की पांकी थाना पुलिस ने ऑपरेशन सफाया के तहत कार्रवाई करते हुए हथियार के बल पर व्यापारी से लूटपाट की तैयारी कर रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कार्बाइन, मैगजीन, सात जिंदा कारतूस, एक खोखा, तीन मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद की हैं। वहीं, दो अन्य अपराधी पुलिस को चकमा देकर नदी में कूदकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, 22 अगस्त को शाम करीब चार बजे सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी हथियार के बल पर किसी व्यापारी से लूटपाट करने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर लेस्लीगंज (पांकी) के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) प्रशांत कुमार-2 के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। पुलिस टीम पांकी थाना क्षेत्र में सतबरवा से उत्तर दिशा में बनखेता जाने वाली ग्रामीण सड़क के किनारे स्थित कोलवा टोला पहुंची। वहां कुछ दूरी पर दो बाइक खड़ी थीं और पांच अपराधी मौजूद थे। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर तीन अपराधियों को पकड़ लिया, जबकि दो नदी में कूदकर फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सोहन गंझू (38), सकिंदर गंझू (22) और सुमन यादव (23) के रूप में हुई है। तीनों सिकनी, थाना लावालौंग, जिला चतरा के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, बरामद कार्बाइन पूर्व उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के कमांडर रहे सीता गंझू की थी। वर्ष 2011 में पुलिस मुठभेड़ में सीता गंझू की मौत के बाद उसके भाई सोहन गंझू ने यह हथियार अपने पास रख लिया था। आरोप है कि इसी हथियार के बल पर वह गिरोह बनाकर लूटपाट करता था। चतरा इलाके में आने वाले अफीम तस्कर उसके गिरोह के निशाने पर रहते थे। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कपिल चौधरी ने रविवार को बताया कि तीनों आरोपितों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। सोहन गंझू के खिलाफ लावालौंग, प्रतापपुर और मयूरहंड थानों में मामले दर्ज हैं। सकिंदर गंझू के खिलाफ बड़कागांव थाने में आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं। वहीं, सुमन यादव के खिलाफ लावालौंग थाने में डकैती और एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामले दर्ज बताए गए हैं। इस संबंध में पांकी थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में एसडीपीओ प्रशांत कुमार-2, पांकी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक रविंद्र राहुल साय, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अमित कुमार उपाध्याय सहित पांकी थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।-

## संक्षिप्त खबरें

### अलमारी के लॉकर से डेढ़ लाख के जेवर गायब, महिला पर जताया चोरी का शक



**पूर्वी सिंहभूम:** मानगो थाना क्षेत्र के जवाहर नगर क्रॉस रोड नंबर 14 में एक घर की अलमारी के लॉकर से करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण गायब होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मकान मालकिन जीनत उर्फ निशा ने मानगो थाना में लिखित शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने रविवार को मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जीनत उर्फ निशा, कमर अशरफ अहमद की पत्नी हैं। पुलिस को दिए बयान में उन्होंने बताया कि शनिवार को किसी काम से उन्होंने घर में रखी अलमारी का लॉकर खोला। लॉकर खोलने पर उसमें रखे सोने के आभूषण गायब मिले। उन्होंने बताया कि लॉकर में सोने की दो अंगूठियां और एक चेन रखी हुई थी। गायब आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई गई है। जीनत ने पुलिस को बताया कि 7 अगस्त को जवाहर नगर रोड नंबर 14 स्थित किराये के मकान में रहने वाले उमर की पत्नी सलीमन बीबी उनके घर आई थीं। शिकायतकर्ता के अनुसार, उस दिन सलीमन बीबी के अलावा कोई अन्य व्यक्ति उनके घर नहीं आया था। इसी आधार पर उन्होंने सलीमन बीबी पर आभूषण चोरी करने का संदेह जताया है। हालांकि, पुलिस ने अभी किसी पर आरोप की पुष्टि नहीं की है। पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। जांच के दौरान यह भी पता लगाया जा रहा है कि अलमारी के लॉकर तक किसी संदिग्ध की पहुंच कैसे हुई और लॉकर को किस तरीके से खोला गया। पुलिस घर में आने-जाने वाले लोगों के अलावा अन्य संभावनाओं को भी ध्यान में रखकर छानबीन कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही चोरी की वास्तविक स्थिति और इसमें शामिल व्यक्ति का पता चल सकेगा।

### सूरज मंडल पर कथित हमले के विरोध में हल्दीपोखर बाजार बंद, आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग



**पूर्वी सिंहभूम:** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका क्षेत्र में जिला परिषद सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सूरज मंडल पर हुए कथित हमले के विरोध में रविवार को हल्दीपोखर बाजार बंद रहा। घटना से नाराज दुकानदारों और स्थानीय ग्रामीणों ने एकजुट होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया और हमले में शामिल आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। अधिकांश दुकानें बंद रहने से दिनभर कारोबार प्रभावित रहा और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। बताया जाता है कि 17 अगस्त की देर रात करीब दो से तीन बजे सूरज मंडल अपने परिवार और सहयोगियों के साथ हरिणा स्थित मुक्तेश्वर धाम में पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पल्ली मंगल के समीप कुछ युवकों ने उनके और उनके साथ मौजूद लोगों पर कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी की। इसका विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और युवकों ने सूरज मंडल एवं उनके साथियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में सूरज मंडल को गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, लेकिन कई दिन बीतने के बावजूद आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती गई। इसके विरोध में दुकानदारों ने रविवार को अपनी दुकानें बंद रखीं। ग्रामीणों और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से मामले में शामिल सभी आरोपितों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई होने से ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर भरोसा कायम हो सकेगा इधर, हमले में घायल सूरज मंडल ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि हो या आम नागरिक, किसी के साथ भी इस तरह की हिंसा स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही उन्होंने हल्दीपोखर के दुकानदारों और स्थानीय ग्रामीणों के प्रति आभार जताया। सूरज मंडल ने कहा कि जिस तरह लोगों ने एकजुट होकर उनके समर्थन में बाजार बंद किया और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई, वह उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने इसके लिए क्षेत्र के लोगों के प्रति आभार जताया।

### शाहपुर में घर तोड़े जाने का आरोप, 20-25 परिवारों ने लगाई सुरक्षा की गुहार



**पलामू:** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर स्थित गिनी मोहल्ला में कथित तौर पर घर में तोड़फोड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी से परेशान 20 से 25 परिवारों ने रविवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के जिला सचिव सह डालटनगंज विधानसभा के पूर्व विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी से उनके आवास पर मुलाकात कर जान-माल और संपत्ति की सुरक्षा की गुहार लगाई। पीड़ितों की शिकायत सुनने के बाद तिवारी उन्हें लेकर पलामू के आरक्षी अधीक्षक के आवास पहुंचे, जहां कार्यालय स्तर से बातचीत के बाद लोगों का आवेदन लिया गया। भाकपा जिला सचिव रुचिर तिवारी ने आरोप लगाया कि शाहपुर के गिनी मोहल्ला में कुछ आपराधिक तत्वों द्वारा सोनी बीवी के घर में जबरन तोड़फोड़ कर सामान बाहर फेंकने और मकान को ध्वस्त करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस दौरान मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने की भी शिकायत सामने आई है। उनका दावा है कि मामले को लेकर पीड़ित लोग चैनपुर थाना पहुंचे, लेकिन थाना प्रभारी ने कथित रूप से आवेदन लेने से इनकार कर दिया। तिवारी के अनुसार, पीड़िता ने डीएसपी राजेश यादव के समक्ष भी आवेदन दिया, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से परिवारों में भय का माहौल है। उन्होंने कहा कि घर में रहने वाले परिवार छोटे-छोटे बच्चों के साथ असुरक्षा की स्थिति में हैं और कार्रवाई की उम्मीद में एसपी के समक्ष पहुंचे हैं। भाकपा नेता ने पुलिस प्रशासन से पीड़ित परिवारों की तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करने, घर और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कथित कोशिश पर रोक लगाने तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

# पंडित राजकुमार शुक्ल की जयंती पर राजकीय समारोह का होगा आयोजन : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**पटना :**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज चंपारण सत्याग्रह के सूत्रधार पंडित राजकुमार शुक्ल जी की 151वीं जयंती के अवसर पर बिहार विधान परिषद के एनेक्सी सभागार में आयोजित समारोह का शुभारंभ किया। समारोह का आयोजन पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल जी की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। पंडित राजकुमार शुक्ल के योगदान और चंपारण सत्याग्रह के ऐतिहासिक महत्व से नई पीढ़ी को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल के अथक प्रयासों से मोहनदास करमचंद गांधी बिहार की चंपारण की धरती पर आए और किसानों को अंग्रेजों के अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए ऐतिहासिक सत्याग्रह का नेतृत्व किया। चंपारण सत्याग्रह ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष राज्य में सामान्य से लगभग 30 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। राज्य सरकार ने किसानों के हित में कृषि कार्य के लिए सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी एवं पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सहयोग कार्यक्रम' सुशासन का प्रतीक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से अब तक 6 लाख 42 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 96 प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। जनता और समाज के प्रति समर्पित सरकार का उद्देश्य सुशासन के माध्यम से आम लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। पिछले तीन दिनों में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 16 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बिहार और झारखंड एक राज्य था, तब बिहार का बजट लगभग 6 हजार करोड़ रुपये हुआ करता था। पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी और श्रद्धेय श्री सुशील कुमार मोदी जी के वित्तीय प्रबंधन के कारण बिहार की अर्थव्यवस्था काफी सुदृढ़ हुई है। वर्ष 2024 में बिहार का बजट 3 लाख 47 हजार करोड़ रुपये था, जबकि झारखंड का बजट 1 लाख 39 हजार करोड़ रुपये ही था। समारोह के दौरान पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान की ओर से मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्मारिका 'शुक्ल शौर्य' का लोकार्पण किया। कला एवं संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रीमती कल्पना पटवारी को 'पंडित राजकुमार शुक्ल कला शिखर सम्मान' से सम्मानित किया। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति, पंडित राजकुमार शुक्ल के परिजन, पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## टीवीएस के नाम पर नकली पार्ट्स बेचने का आरोप, दुकानदार पर प्राथमिकी

एजेंसी




**किशनगंज:** सदर थाना क्षेत्र में टीवीएस मोटर कंपनी के नाम पर कथित रूप से नकली पार्ट्स बेचने का मामला सामने आया है। मामले में कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि तन्मय घोष के आवेदन पर दुकान संचालक के विरुद्ध किशनगंज सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, तन्मय घोष टीवीएस मोटर कंपनी की ओर से बाजार में बिक्री किए जा रहे पार्ट्स की जांच के लिए अधिकृत प्रतिनिधि हैं। 21 अगस्त को वह अपने सहयोगी के साथ किशनगंज थाना क्षेत्र की विभिन्न दुकानों का सर्वे कर रहे थे। इसी क्रम में कॉल्टेक्स चौक के समीप स्थित आलम टायर शॉप की जांच की गई। जांच के दौरान दुकान संचालक छोटू आलम अंसारी, निवासी बालू बस्ती तेघरिया, की दुकान से टीवीएस कंपनी के नाम से कथित नकली पार्ट्स मिलने का दावा किया गया। आवेदक के अनुसार, जांच के दौरान बरामद पार्ट्स की पहचान नकली के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस के सहयोग से सामान को जब्त कर विधिवत जब्ती सूची तैयार की गई। बताया गया कि दुकान संचालक से बरामद सामान के भंडारण एवं बिक्री से संबंधित वैध कागजात की मांग की गई, लेकिन उनके द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि ने इसे ट्रेडमार्क एवं कॉपीराइट कानून का उल्लंघन बताते हुए दुकान संचालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की मांग की। रविवार को सदर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बच्चों के अधिकार व कानूनी सहायता को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम

एजेंसी




**दरभंगा:** दरभंगा जिले के बेनीपुर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा अजय कुमार शर्मा के निर्देश पर बेनीपुर प्रखंड के सझुआर पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 283 पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पैनल अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्र ने बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नालसा की ओर से संचालित बाल हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बालश्रम, शिक्षा का अधिकार, बच्चों के भरण-पोषण सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया। प्राधिकार सहायक कुमार गौरव ने विवादों के निपटारे के लिए स्थायी लोक अदालत, राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-3.0 तथा आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका रितु कुमारी, सहायिका रेनू देवी, आशा कार्यकर्ता आभा कुमारी, जीविका सुधीरा कुमारी, पीएलवी नितीश कुमार राम सहित अन्य मौजूद थे।

## संस्कृत विश्वविद्यालय में 25 से 31 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह समारोह



एजेंसी

**दरभंगा:** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में 25 से 31 अगस्त तक कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय की अध्यक्षता में संस्कृत सप्ताह समारोह-2026 आयोजित होगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कौशल कुमार होंगे। समारोह के दौरान शास्त्र चर्चा, शैक्षिक प्रतियोगिताएं, संस्कृत शोभायात्रा, उपाकर्म, संगोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 27 अगस्त को विद्यालयी छात्र-छात्राओं के लिए श्लोक वाचन, भाषण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। 28 अगस्त को संस्कृत दिवस पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। 29 अगस्त को ह्यसंस्कृतं विज्ञानं चह्न विषय पर संगोष्ठी तथा 30 अगस्त को संस्कृत नाटक, गीत, वाद्य एवं अभिनय की प्रस्तुतियां होंगी। 31 अगस्त को समापन समारोह होगा। विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों में भी संस्कृत सप्ताह मनाया जाएगा।

## भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त कार्रवाई में भारतीय-नेपाली मुद्रा बरामद, एक गिरफ्तार

एजेंसी



**सुपौलः** भारत-नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), बीरपुर की सीमा चौकी कुनौली एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को कुनौली बाजार स्थित एक कपड़ा दुकान में छापेमारी कर भारतीय एवं नेपाली मुद्रा बरामद की। इस दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार, 22 अगस्त 2026 को शाम करीब 6:10 बजे से 7:27 बजे तक कुनौली बाजार स्थित जगदंबा क्लॉथ स्टोर में संयुक्त टीम ने छापेमारी की। एसएसबी को सूचना मिली थी कि दुकान संचालक कथित रूप से मुद्रा विनिमय एवं अदला-बदली की गतिविधियों में संलिप्त है। सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए दुकान परिसर की तलाशी ली। छापेमारी के दौरान 1 लाख 77 हजार 830 रुपये भारतीय मुद्रा तथा 1 लाख 39 हजार 755 नेपाली रुपये बरामद किए गए। कार्रवाई के दौरान कुनौली निवासी संजय कुमार पासवान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति एवं बरामद भारतीय-नेपाली मुद्रा को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए कुनौली थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त कार्रवाई में 45वीं वाहिनी एसएसबी के सहायक कमांडेंट जगत्तर सिंह के नेतृत्व में एसएसबी जवानों के साथ बिहार पुलिस के अधिकारी एवं जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। 45वीं वाहिनी एसएसबी, बीरपुर के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों, तस्करी एवं अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों की रोकथाम के लिए एसएसबी लगातार सतर्कता बरत रही है। स्थानीय पुलिस एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर ऐसी गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# अररिया का लाल रोहन झा दुनिया के शीर्ष संस्थान यूसी बर्कले से करेंगे स्नातक की पढ़ाई

एजेंसी



**अररिया :**अररिया के फुलवाड़ी के सेवानिवृत शिक्षक लक्ष्मीकान्त झा के पौत्र और बलराम सुमन एवं माता किरण मिश्रा झा के पुत्र रोहन झा संयुक्त राज्य अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में अपनी स्नातक की पढ़ाई शुरू कर रहे हैं। कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में दाखिला मिलने के बाद रोहन ने बर्कले को चुना,क्योंकि यह उनके पसंदीदा शैक्षणिक क्षेत्र अर्थशास्त्र, गणित, कंप्यूटिंग और अनुसंधान में दुनिया भर में सर्वोच्च संस्थानों में से एक है। रोहन एक असाधारण अकादमिक रिकॉर्ड के साथ बर्कले पहुंच रहे हैं। टेक्सास के सिंको रेंच हाई स्कूल में उन्होंने करीबन एक हजार छात्रों की कक्षा में चौथा स्थान हासिल किया था। गणित में विशेष रूप से निपुण रोहन ने राष्ट्रीय स्तर की गणित प्रतियोगिताओं में ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने उन्हें अमेरिका के शीर्ष दो सौ हाई स्कूल गणित छात्रों में शामिल किया गया। अपनी शानदार रैंकिंग के अलावा, रोहन ने हाई स्कूल के दौरान ही गंभीर शोध में महारत हासिल कर ली है। उन्होंने अर्थशास्त्र, बालिका शिक्षा और कार्बन उत्सर्जन जैसे वैश्विक मुद्दों पर डेटा-संचालित विश्लेषण किया। उनके शोध को अकादमिक जगत में बड़ी पहचान मिली है। सबसे खास बात यह है कि उनके शोध प्रयासों में करीब 40 अन्य शोधकताओं का सहयोगात्मक योगदान शामिल रहा है, जिसने रोहन को बेहद कम उम्र में ही वैश्विक स्तर के रिसर्च इकोसिस्टम से जोड़ दिया है। इस अनुभव ने अर्थशास्त्र, गणित, कंप्यूटिंग और शोध के संगम पर काम करने की उनकी इच्छा को और मजबूत किया है और बर्कले इसी अनूठे संयोजन के लिए दुनिया का सबसे बेहतरीन अकादमिक माहौल प्रदान करता है। रोहन अर्थशास्त्र, गणित, कंप्यूटिंग और शोध के अंतसंबंधों में रुचि रखते हैं।बर्कले का अंडर ग्रेजुएट इकोनॉमिक्स प्रोग्राम अमेरिका में नंबर एक स्थान पर है और इसका अर्थशास्त्र विभाग छह नोबेल पुरस्कार विजेताओं का घर रहा है। उनके अभूतपूर्व कार्यों ने गेम थ्योरी और इकोनोमेट्रिक्स से लेकर सूचना अर्थशास्त्र और बाजारों व संस्थानों के अध्ययन तक के क्षेत्रों को पूरी तरह बदल दिया।टेक्नोलॉजी के मामले में भी बर्कले अंडर ग्रेजुएट कंप्यूटर साइंस प्रोग्राम अमेरिका में दूसरे स्थान पर है। जबकि डेटा साइंस को नंबर एक रैंकिंग प्राप्त है। यह संयोजन रोहन को उन्नत गणितीय, कंप्यूटेशनल और डेटा-साइंस टूल्स का उपयोग करके आर्थिक सवालों के जवाब तलाशने का शानदार अवसर देगा। परिवार सहित अररिया और बिहार के लिए रोहन की यह उपलब्धि गौरव का क्षण है,जिससे परिवार में खुशी है। रोहन ऐसे शैक्षणिक समुदाय का हिस्सा बन रहे हैं जिसकी परंपरा बौद्धिक महत्वाकांक्षा, कड़े शोध और दुनिया को बदलने वाले आविष्कारों पर टिकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पौआखाली में टूटी सड़क बनी परेशानी का कारण, दो वार्डों के लोगों की बढ़ी मुश्किलें



**किशनगंजः** नगर पंचायत पौआखाली के वार्ड संख्या 8 में शिव मंदिर से फुलवारी की ओर जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दो वार्डों को जोड़ने वाली यह सड़क आसपास के लोगों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण मार्ग है। सड़क के जर्जर होने से पैदल राहगीरों के साथ-साथ दोपहिया और छोटे वाहनों के आवागमन में भी कठिनाई हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क का एक बड़ा हिस्सा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया है। कई जगह सड़क के नीचे की मिट्टी और संरचना कमजोर हो गई है। लोगों का कहना है कि सड़क के किनारे से आसपास के क्षेत्रों का पानी गुजरता है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क लगातार प्रभावित हो रही है। बरसात में समस्या और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। क्षतिग्रस्त सड़क के कारण रात के समय दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। सड़क के टूटे हिस्से पर पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से राहगीरों को परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने समय रहते सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि क्षतिग्रस्त हिस्सा और अधिक न बढ़े। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दिलीप दास ने बताया कि सड़क की समस्या की जानकारी नगर पंचायत को दी जा चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल खानापूर्ति के तौर पर मरम्मत करने के बजाय जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान करते हुए सड़क की तकनीकी रूप से बेहतर मरम्मत कराई जानी चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर लगातार दावे किए जाते हैं, लेकिन दो वार्डों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क का लंबे समय से क्षतिग्रस्त रहना व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से सड़क की स्थिति का निरीक्षण कर जल्द स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

### विधायक छोटी कुमारी से रिविलगंज के किसानों ने लगान वृद्धि के फैसले पर रोक लगाने की मांग की



**सारणः** रिविलगंज प्रखंड के गौतम ऋषि आश्रम के प्रांगण में रविवार को रिविलगंज एवं आसपास के मौजा क्षेत्रों के किसानों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तरवारी चक्की, दक्षिणवारी चक्की, नवबरार बैजूटोला, लोहा टोला, डिग्री सुधा, मेहताना, जजीरा 36 और सिताबदियारा मौजा के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मार्च 2026 से जमीन के लगान में की गई अप्रत्याशित सात गुना वृद्धि और उससे उत्पन्न आर्थिक समस्याओं से स्थानीय जनप्रतिनिधियों व सरकार को अवगत कराना था। किसानों ने अपनी समस्याएं स्थानीय विधायक छोटी कुमारी के समक्ष विस्तार से रखीं। किसानों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा एक फसल वाली जमीन पर दो फसल के हिसाब से लगान वसूला जा रहा है। इसके अतिरिक्त, बालू युक्त भूमि तथा घाघरा नदी के बहाव क्षेत्र वाली जमीन पर भी भारी-भरकम लगान थोप दिया गया है। किसानों ने यह भी शिकायत की कि वर्ष 1956 से लगातार रसीद कटने वाली जमीनों को अचानक टोपो लैंड घोषित कर दिया गया है, जो सरासर अन्यायपूर्ण है। किसानों ने विधायक के माध्यम से बिहार सरकार के भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्यायसंगत समाधान की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। विधायक छोटी कुमारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों और बिहार सरकार के समक्ष मजबूती से उठाएंगी। बैठक में प्रो. बैजनाथ सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, अनिल कुमार सिंह, मुक्तिनाथ प्रसाद, शत्रुघ्न सिंह, मुखिया अनुरंजन कुमार समेत कई गणमान्य लोग व किसान उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विज्ञान, गणित, संगणक मेला आयोजित



**सारणः** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर दर्शन नगर, छपरा में विद्यालय स्तरीय विज्ञान, गणित एवं संगणक मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जगदम कॉलेज के प्राचार्य डॉ के पी श्रीवास्तव, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद यादव, सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार मिश्रा तथा प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेले की प्रस्तावना रखते हुए विज्ञान शिक्षक दिलीप पति तिवारी ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल दिया। मुख्य अतिथि डॉ. के. पी. श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के नवाचार एवं तार्किक प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बताया। मेले में छात्र छात्राओं ने विज्ञान, गणित एवं कंप्यूटर पर आधारित विभिन्न आकर्षक मॉडलों और प्रयोगों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अनिल कुमार आजाद, ऋचा गुप्ता, मणि भूषण सिंहा और विशाल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित छात्र अब सरस्वती शिशु मंदिर, बिहारीगंज में आयोजित होने वाले प्रांतीय मेले में सहभागिता करेंगे।

### प्रजापति समाज को आगे बढ़ाने तथा न्याय दिलाने के लिये हम खड़े हैं : मुख्यमंत्री

**पटनाः** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति द्वारा आयोजित अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी जी का शहादत दिवस तथा नवनिर्वाचित विधान पार्षदों के अभिनंदन समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रजापति समाज को आगे बढ़ाने तथा न्याय दिलाने के लिये हम खड़े हैं । मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी का जीवन और उनका बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करना और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।

# भाजपा की राष्ट्रीय संगठनात्मक बैठक में संगठन विस्तार और जनसेवा पर जोर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नई राष्ट्रीय टीम की पहली बड़ी संगठनात्मक बैठक के दूसरे दिन भी रविवार को चुनावी राज्यों की तैयारियों, संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर तक पार्टी के विस्तार और देश भर आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। पार्टी मुख्यालय में रविवार को आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने की। बैठक में महामंत्री बी एल संतोष, तरुण चुग, विनोद तावड़े, स्मृति ईरानी, सहित कई पदाधिकारियों के साथ राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी भी मौजूद रहे। बैठक में बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया ने



भी सहभागिता की। सूत्रों के मुताबिक बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर मंथन किया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा संगठन राष्ट्रसेवा, जनसंपर्क और संगठन विस्तार के अपने अभियान को और अधिक गति देगा। पार्टी नेतृत्व ने कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए उसे और सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने, कार्यकताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा जनसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद भाजपा के तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने बताया कि संगठनात्मक मुद्दों के साथ-साथ कई कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से मंथन हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पार्टी देशभर में विशेष अभियान चलाएगी। इसमें मुख्यमंत्री के रूप में 13 वर्ष और प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष की उनकी सार्वजनिक सेवा को रेखांकित किया जाएगा। रामचंदर राव ने बताया कि 17 सितंबर, प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। अभियान के तहत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के बीच पार्टी की भागीदारी को और मजबूत करना है। बैठक में पार्टी नेतृत्व ने विभिन्न राज्यों में संगठन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए चुनावी रणनीति और संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संगठनात्मक बैठक में नए पदाधिकारियों से मिलें और पार्टी को मजबूत बनाने और जनता से जुड़ाव बढ़ाने पर जोर दिया। सभी पदाधिकारियों से उन्होंने बात की और उनका मार्गदर्शन किया। करीब पांच घंटे चली बैठक में सभी के साथ बात की। बैठक के बाद उन्होंने एक्स पर अपने संदेश में कहा, संगठनात्मक बैठकें नए विचारों और नए दृष्टिकोणों का मंच होती हैं, जिनका उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना और लोगों से जुड़ाव गहरा करना है। सहयोगी नेताओं और नई संगठनात्मक टीम के साथ बेहद सार्थक और सकारात्मक संवाद हुआ।

## समरसता समान सम्मान के साथ समाज की एकता का संस्कार : नायब सैनी

मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी प्रतिभा सम्मान समारोह को किया संबोधित

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि समरसता कोई एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि जीवन जीने का संस्कार है। समरसता का वास्तविक अर्थ अपनी पहचान को मिटाना नहीं, बल्कि प्रत्येक पहचान का समान सम्मान करते हुए समाज और राष्ट्र की एकता को और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि इसी समरसता, आपसी सद्भाव और सामाजिक एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाते हुए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न के मूल मंत्र से प्रेरणा लेकर हरियाणा सरकार अंत्योदय के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री रविवार को रेवाड़ी जिला के बावल हल्के में मेघवाल उत्थान समिति के तत्वावधान में आयोजित समस्त अनुसूचित जाति का समरसता सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 411 युवा प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, बावल के विधायक डॉ.कृष्ण कुमार, रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण यादव, कोसली के विधायक अनिल यादव, पूर्व मंत्री डॉ.बनवारी लाल सहित आयोजन समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि आर्थिक अभाव किसी बच्चे के सपनों में बाधा न बने। इसी उद्देश्य से 2.50 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले अनुसूचित जाति विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग, डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत 8 से 12 हजार रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति तथा पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थियों को 2,500 से 13,500 रुपये तक शैक्षणिक भत्ता और अनिवार्य फीस की सुविधा दी।

## पीयूष गोयल की चार दिवसीय जापान यात्रा कल से, सबसे बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल होगा साथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 24 से 27 अगस्त तक जापान के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे टोक्यो, नागोया और ओसाका जाएंगे और भारत का अबतक का सबसे बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल जापान लेकर जाएंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में 200 से अधिक कारोबारी शामिल हैं, जो विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा, इस्पात, ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य और स्टार्ट-अप जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं।



केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि टोक्यो में मंत्री शीर्ष जापानी औद्योगिक घरानों और कंपनियों के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा जापान बिजनेस फेडरेशन (केइदानरेन) के साथ गोलमेज बैठक होगी। सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्ट-अप और विदेशी निवेशकों के साथ विशेष सत्र भी आयोजित होंगे। गोयल अपने जापानी समकक्ष अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री अकाजावा रयोसेई से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और जापानी संसद व सरकार के वरिष्ठ सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे।
नागोया में गोयल चूकेइरेन (सेंट्रल जापान इकोनॉमिक फेडरेशन) और नागोया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ रोड शो करेंगे। यहां ऑटोमोबाइल और इस्पात क्षेत्र के निवेशकों से भी बातचीत होगी। दौरे का समापन ओसाका में निवेशकों और व्यापारिक रोड शो के साथ होगा। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक और उपभोक्ता क्षेत्रों की प्रमुख जापानी कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात होगी।
उल्लेखनीय है कि जापान भारत का भरोसेमंद साझेदार रहा है और ऑटोमोबाइल, इस्पात, इलेक्ट्रॉनिक्स, वित्तीय सेवाओं और आधारभूत संरचना में उसकी भूमिका अहम रही है। इस दौरे से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को नई गति मिलने की उम्मीद है। साथ ही उच्च तकनीकी विनिर्माण और नई पीढ़ी के उद्योगों में सहयोग के नए अवसर खुलेंगे, जो आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की दृष्टि के अनुरूप हैं।

## भारतीय वायु सेना ने पूरे किये बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास पिच ब्लैक और उदारा शक्ति

एजेंसी

**साझेदार देशों के बीच संयुक्त रूप से प्रभावी ढंग से काम करने की क्षमता को बढ़ावा मिला**

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यासों में अपनी भागीदारी पूरी की। ऑस्ट्रेलिया में 'पिच ब्लैक' और मलेशिया में 'उदारा शक्ति' अभ्यासों में वायु सेना ने परिचालन, बेहतर सामरिक तालमेल और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक रक्षा साझेदारियों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना (आरएएएफ) की मेजबानी में 'पिच ब्लैक' अभ्यास के दौरान भारतीय वायु सेना ने 20 से अधिक देशों की वायु सेनाओं के



साथ संचालन के लिए अपने अग्रिम पंक्ति के राफेल लड़ाकू विमानों को तैनात किया। उच्च जोखिम वाले और बहु-क्षेत्रीय परिचालन वातावरण में जटिल लार्ज फोर्स एम्प्लॉयमेंट (एलएफई) मिशनों को अंजाम देते हुए इस अभ्यास ने साझेदार देशों के बीच बेहतर तालमेल, अनुभवों से सीखने और संयुक्त रूप से प्रभावी ढंग से काम करने की क्षमता को बढ़ावा दिया। भारतीय वायु सेना की टुकड़ी ऑस्ट्रेलिया में अभियान पूरा करने के बाद सीधे 'उदारा शक्ति' अभ्यास के लिए मलेशिया के सुबांग पहुंची। भारत के वायु योद्धाओं ने रॉयल मलेशियाई वायु सेना (आरएमएएफ) के साथ मिलकर सुखोई-30 एमकेआई और एफ/ए-18 हॉर्नेट विमानों के साथ तथा उनके विरुद्ध उच्च-तीव्रता वाले हवाई युद्ध अभियानों एवं संयुक्त सामरिक युद्धाभ्यासों में हिस्सा लिया। इस द्विपक्षीय अभ्यास का मुख्य उद्देश्य हवाई युद्ध की रणनीति को बेहतर बनाना, विषय विशेषज्ञों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान करना और संयुक्त परिचालन क्षमता को अधिक प्रभावी बनाना था। दोनों अभ्यासों के दौरान संयुक्त गतिविधियां केवल कॉकपिट तक सीमित नहीं रहीं बल्कि रखरखाव की प्रक्रियाओं, मिशन योजना से जुड़ी जानकारी के आदान-प्रदान और सांस्कृतिक मेल-जोल तक विस्तारित हुईं। इससे दोनों देशों के विभिन्न रैंकों के सैन्यकर्मियों के बीच पेशेवर संबंध व आपसी भाईचारा और मजबूत हुआ। भारतीय वायु सेना वैश्विक रक्षा समुदाय के साथ लगातार संयुक्त प्रशिक्षण गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने, आपसी तालमेल को बढ़ावा देने और सामूहिक सुरक्षा से जुड़ी पहलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अनुशासित रहकर राष्ट्र निर्माण में निरंतर करें योगदान : प्रो. नीलम पाठक

**एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना का दिया संदेश**

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने रविवार को 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय कर्तव्य-बोध को सुदृढ़ करना था। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देश और कुलपति कर्नल (डॉ.) विजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा का शुभारंभ अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने हरी झंडी दिखाकर किया। विश्वविद्यालय मुख्य द्वार से सुल्तानपुर बाईपास होते हुए नगर क्षेत्र की ओर हाथों में तिरंगा थामे कैडेट्स ₹भारत माता की जय₹ और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ बढ़े मार्ग में कैडेट्स ने जनमानस को नशामुक्ति, स्वच्छता, टीबी मुक्त समाज, स्वास्थ्य संवर्धन और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प दिलाया। सभी युवाओं से अनुशासित रहकर राष्ट्र निर्माण में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया। कंपनी कमांडर कैप्टन प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में यह अभियान संपन्न हुआ। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल राष्ट्र-चेतना का जीवंत संकल्प है, और जब युवा राष्ट्रीय ध्वज लेकर आगे बढ़ते हैं, तभी विकसित भारत की संकल्पना साकार होती है। इस अवसर पर अंडर ऑफिसर दिव्यांशी पाठक, सीनियर कैडेट वर्षा वर्मा, शिवम मिश्रा, समीर उपाध्याय सहित भारी संख्या में एनसीसी कैडेट्स सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## अमेरिका की अब ईरान के खिलाफ आर्थिक युद्ध की तैयारी, तेहरान का पड़ोसियों से साथ न देने का आग्रह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**तेहरान/वाशिंगटन।** होर्मुज जलडमरूमध्य पर वर्चस्व को लेकर अमेरिका और ईरान के खिलाफ छिड़ा युद्ध अब और आक्रामक होने वाला है। अमेरिका की बड़े आर्थिक युद्ध की चेतावनी से ईरान में हाहाकार जरूर मच गया है पर वह झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। ईरान ने अपने पड़ोसी देशों को आगाह किया है। उसने इन देशों को चेताया कि अगर किसी ने इस मोर्चे पर अमेरिका का साथ दिया तो उसे ईरान का दुश्मन माना जाएगा। ऐसे देशों के खिलाफ दुश्मन की तरह ही कार्रवाई की जाएगी। अमेरिका सोमवार को बड़े कदमों की घोषणा कर सकता है। वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट अमेरिका की योजना का खुलासा करेंगे। इस साल 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हवाई हमले शुरू करने के बाद से लगभग छह महीने की लड़ाई के बावजूद, दोनों पक्ष इस समय एक-दूसरे पर गोलीबारी तो नहीं कर रहे हैं, लेकिन शांति वार्ता की दिशा में आगे बढ़ने के कोई संकेत भी नहीं दे रहे हैं। होर्मुज में तेल की ढुलाई



लगभग ठप हो गई है। तेहरान ने इस अहम जलमार्ग से गुजरने की कोशिश करने वाले किसी भी अनधिकृत तेल टैंकर पर हमला करने की धमकी दी है। ईरान की अर्थव्यवस्था पहले से ही प्रतिबंधों की वजह से भारी दबाव में है। अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईरान पर ₹इतिहास की सबसे सख्त पाबंदियां₹ लगाने की घोषणा कर सकते हैं। बेसेंट ने चीन से भी वाशिंगटन के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है। एनालिटिक्स फर्म 'केप्लर' के 2025 के आंकड़ों के अनुसार, चीन , ईरान से निर्यात होने वाले तेल का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा खरीदता है। अरब न्यूज, द न्यूज और अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने पड़ोसी देशों को अमेरिका के आर्थिक युद्ध में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी देते हुए तेल मार्गों पर कार्रवाई की धमकी दी है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव मोहसिन रेजाई ने कहा कि तेहरान ऐसे देशों को निशाना बनाएगा। रेजाई ने कहा कि ईरान उन देशों को भी जवाब देगा जिन्होंने अमेरिका को देश पर आर्थिक युद्ध थोपने में मदद की। रेजाई की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के खिलाफ सबसे कड़ी आर्थिक कार्रवाई की योजना की घोषणा के बाद आई है। ट्रंप ने तेहरान को वित्तीय या अन्य सहायता देने वाले देशों को भी गंभीर आर्थिक नतीजे भुगतने की धमकी दी है। रेजाई ने स्थानीय समयानुसार शनिवार को सरकारी प्रसारक आईआरआईबी को दिए साक्षात्कार में कहा कि हमारे सभी पड़ोसी अमेरिका के साथ आर्थिक युद्ध में शामिल न हों, वरना हम उन्हें दुश्मन मानेंगे। उन्होंने कहा कि अगर पड़ोसी देशों ने सलाह नहीं मानी तो ईरान फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल निर्यात रोक सकता है। उन्होंने कहा कि तेल की एक भी बूंद बाहर नहीं जाने दी जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल में कहा कि नए प्रतिबंधों में ईरान की आर्थिक जीवनरेखा माने जाने वाली सुविधाओं (तेल तस्करी नेटवर्क, वित्तीय हस्तांतरण, एक्सचेंज हाउस, जहाज पंजीकरण और फ्रंट कंपनियों) को निशाना बनाया जाएगा। ट्रंप ने कहा, यह एक 'इकोनॉमिक डी-डे' होगा। ईरान को अलग-थलग करने और हराने के लिए हमें अपने सभी सहयोगियों की जरूरत है कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ खड़े हों।₹ उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु शक्ति बनने का सपना त्यागना होगा। हथियार नहीं रखने दिया जाएगा। इस पर रेजाई ने कहा कि ट्रंप ने वैश्विक परमाणु सुरक्षा को मजबूत करने के बजाय परमाणु असुरक्षा पैदा कर दी है। उन्होंने दावा किया कि तेहरान के खिलाफ वाशिंगटन के कदमों से देशों की परमाणु हथियार हासिल करने में दिलचस्पी बढ़ी है। ईरान के उपराष्ट्रपति (प्रथम) मोहम्मद रजा अरेफ ने ट्रंप के आर्थिक युद्ध शुरू करने की धमकी देने की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंध ईरानी लोगों के संकल्प को नहीं बदल पाएंगे। ईरान के विदेशमंत्री सैयद अब्बास अरागची ने भी ट्रंप की इसके लिए आलोचना की है। इस बीच बाल्कन देश बुल्गारिया ने कहा कि ईरान की नाराजागी के बीच दो अमेरिकी टैंकर विमान ((केसी-135) बुल्गारिया से रवाना हो गए हैं। बुल्गारिया के रक्षामंत्री दिमितार स्टोयानोव ने बताया कि दो अमेरिकी टैंकर विमान बुल्गारिया के बेजमर एयरबेस से रवाना हो गए हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने शनिवार को कहा कि अमेरिका की आसन्न घोषणा ₹संयुक्त राष्ट्र के हर स्वतंत्र सदस्य देश पर अतिरिक्त क्षेत्रीय संप्रभुता थोपने जैसा है।₹ उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय कानून में ऐसी 'सेकेंडरी' पाबंदियों का कोई आधार नहीं है। इससे पहले ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही ने कहा कि ईरान दुश्मन की धमकियों का सैन्य रूप से करारा, दंडात्मक और विनाशकारी जवाब₹ देगा।

## एक नजर

### अमेरिका को कनाडा का जवाब, 8 सितंबर से कई उत्पादों पर लगाएगा जवाबी टैरिफ

**ओटावा।** अमेरिका और कनाडा के बीच व्यापारिक तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए नए 50 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में अमेरिका से आयात होने वाले कई उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का ऐलान किया है। ये नए टैरिफ 08 सितंबर से लागू किए जाएंगे। कार्नी ने कहा कि कनाडा अमेरिकी शुल्क का जवाब लगभग डॉलर के बदले डॉलर के आधार पर देगा, ताकि देश के श्रमिकों, किसानों, परिवारों और कारोबारों के हितों की रक्षा की जा सके। कनाडा की ओर से स्टील, डेयरी उत्पाद, घरेलू उपकरण, कृषि मशीनरी, पल्प एवं पेपर और इलेक्ट्रॉनिक्स समेत कई अमेरिकी क्षेत्रों को जवाबी टैरिफ के दायरे में लाने की तैयारी है। दोनों देशों के बीच कई दिनों तक चली गहन व्यापार वार्ता 21 अगस्त को किसी समझौते के बिना समाप्त हो गई। कार्नी ने वार्ता विफल होने के लिए अमेरिका की अंतिम समय की नई शर्तों को जिम्मेदार ठहराया। उनके अनुसार, ये शर्तें आर्थिक रूप से अनुचित थीं और कनाडा के लिए संभावित समझौते के लाभ को कमजोर कर रही थीं। अमेरिका के नए शुल्क का असर कनाडा के शराब, फर्नीचर, डेयरी, सीमेंट, कपड़ा, मछली पकड़ने के उपकरण और हॉकी से जुड़े सामान समेत कई क्षेत्रों पर पड़ने की आशंका है। रिपोर्टों के अनुसार, नए अमेरिकी टैरिफ से कनाडा के अमेरिका को होने वाले निर्यात का करीब पांच प्रतिशत प्रभावित हो सकता है। कनाडाई सरकार ने यह भी संकेत दिया है कि अमेरिकी शुल्क से प्रभावित घरेलू उद्योगों के लिए जल्द राहत और सहायता उपायों की घोषणा की जाएगी। वहीं, कुछ व्यापार विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बढ़ते टैरिफ से दोनों देशों के कारोबार, रोजगार और कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने कार्नी के फैसले का समर्थन करते हुए प्रस्तावित व्यापार समझौते को कनाडा के हितों के खिलाफ बताया। दूसरी ओर, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जमीसन ग्रीर ने कहा कि फिलहाल कनाडा के साथ नई व्यापार वार्ता की कोई योजना नहीं है।

### पूर्वी जापान में 5.9 तीव्रता का भूकंप, राजधानी टोक्यो में लगे झटके, पहले बरसा पानी



**टोक्यो (जापान)।** देश के पूर्वी जापान में आज रात दो बजे के बाद तड़के राजधानी टोक्यो समेत कई जगहों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 दर्ज की गई। देश की मौसम एजेंसी ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप इबाराकी प्रांत में 70 किलोमीटर की गहराई पर आया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने इसकी शुरूआती तीव्रता 5.8 मापी। इससे एक दिन पहले राजधानी को मूसलाधार बारिश का सामना करना पड़ा। जापान टुडे और द जापान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक भूकंप में ना तो किसी के घायल होने की सूचना है। ना ही किसी प्रकार की क्षति हुई है। हालांकि प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने एक्सा पर कहा कि सरकार संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए एक टास्क फोर्स बना रही है। भूकंप के कारण मोबाइल फोन पर आपात संदेश भी आए। बताया गया है कि इसके बाद टोक्यो में लगभग 460 घरों में बिजली गुल हो गई। पिछले महीने, जापान के सबसे दक्षिणी द्वीप क्यूशू के कुमामोटो इलाके में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इससे 38 लोगों की मौत हो गई थी और 364 लोग घायल हो गए थे। इस भूकंप से 1,500 से ज्यादा इमारतें जमींदोज हो गई थीं और लगभग 20,000 अन्य इमारतों को नुकसान पहुंचाा था। इससे पहले शनिवार दोपहर टोक्यो और आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई जगहों पर सड़कों पर पानी भर गया। इनमें इटाबाशी वार्ड भी शामिल है। इस वार्ड में प्रति घंटे 120 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने टोक्यो और कांटो के लिए बाढ़ और कुछ समय के लिए लेवल चार की इमरजेंसी वॉर्निंग जारी की। चेतावनी वापस लेने से पहले सड़कें तालाब बन गईं। इससे पहले इसी माह पड़ोसी चिबा प्रान्त और पूर्वी जापान के कुछ हिस्सों में अभूतपूर्व बारिश हो चुकी है।

### पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत की डुकी कोयला खदान में जहरीली गैस की चपेट में आए दो खनिकों की मौत

**इस्लामाबाद (पाकिस्तान)।** देश के बलोचिस्तान प्रांत की डुकी कोयला खदान में शनिवार को जहरीली गैस की चपेट में आने से दो खनिकों की मौत हो गई और चार बेहोश हो गए। बचाव दल ने इसकी पुष्टि की। इससे पहले जुलाई आखिर में क्वेटा के बाहरी इलाके में धमाके से कोयला की एक खदान ढहने से 34 खनिकों की मौत हो चुकी है। दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शवों और बेहोश मजदूरों को अस्पताल पहुंचाया गया। बचाव दल के सूत्रों ने बताया कि कोयला खदान लंबे समय से बंद थी। इससे उसमें जहरीली गैस भर गई। खदान में पहुंचते ही इसी गैस के कारण खनिकों की मौत हो गई। इससे पहले 30 जुलाई को बलोचिस्तान की राजधानी क्वेटा के बाहरी इलाके में कोयला खदान गैस धमाके से ढह गई थी। इस हादसे में 34 खनिकों की मौत हो गई। यह हादसा क्वेटा के सोरेंज इलाके की कोयला खदान में हुआ था।धमाके के समय 42 कर्मचारी काम कर रहे थे। बाकी खनिकों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

### नेपाल ने नहीं मानी मस्क की शर्त, स्टारलिंक को शत प्रतिशत हिस्सेदारी देने से इनकार




**काठमांडू।** नेपाल ने अमेरिकी कंपनी स्टारलिंक को शत प्रतिशत स्वामित्व देने से इनकार कर दिया है। स्टारलिंक दुनिया के सबसे अमीर एलन मस्क की कंपनी है। नेपाल ने अपनी नई दूरसंचार नीति के हत 20 प्रतिशत स्थानीय साझेदारी के साथ विदेशी निवेश की शर्त रखी है। सरकार की इस शर्त ने स्टारलिंक को नेपाल में अपनी सेवा विस्तार के लिए फिलहाल रोक दिया है। नेपाल में 100 प्रतिशत स्वामित्व की शर्त के बीच विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी कंपनी को देश में लाकर डिजिटलीकरण का विस्तार करने का प्रयास तत्काल सफल होता नहीं दिख रहा है। नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी सीमित रखने के लिए अनिवार्य स्थानीय साझेदार की पुरानी व्यवस्था पर कायम है। हाल ही में दूरसंचार नीति के मसौदे में दूरसंचार सेवा संचालित करने के इच्छुक विदेशी निवेशकों के लिए स्थानीय साझेदार को अनिवार्य रूप से 20 प्रतिशत हिस्सेदारी देने की पुरानी नीति को ही निरंतरता दी गई है। इस वजह से मस्क की कंपनी स्टारलिंक के लिए नेपाल में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करना आसान नहीं दिख रहा है। इसी वर्ष मई में ही स्टारलिंक की निदेशक रेबेका स्लिक हंटर नेपाल आई थीं। उन्होंने सूचना तथा संचार मंत्री डॉ. विक्रम तिमिल्सिना से मंत्रालय में मुलाकात कर नेपाल में भी इंटरनेट सेवा संचालित करने की अपनी इच्छा दोहराई थी। उन्होंने स्पष्ट किया था कि लाइसेंस में 100 प्रतिशत स्वामित्व स्टारलिंक का होने पर ही कंपनी सेवा शुरू कर सकती है। यदि ऐसा संभव नहीं हुआ तो नेपाल में सेवा देना संभव नहीं होगा। हंटर ने संचार मंत्रालय से लेकर दूरसंचार प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ अलग-अलग समय पर हुई बैठकों में कहा था कि स्टारलिंक किसी भी देश में सेवा संचालित करने के लिए स्थानीय साझेदार नहीं रखती और केवल 100 प्रतिशत अपने स्वामित्व वाली कंपनी के माध्यम से सेवा प्रदान करती है।